राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 01 अप्रैल 2026
वर्ष 07, अंक 178, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

भतोइया ओवरब्रिज अंडरपास पर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक समेत चार लोग घायल...03

अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश, दिल्ली पुलिस ने 1.10 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ के साथ 4 तस्करों को दबोचा...12

## आयोग, चुनाव वाले दूसरे राज्यों में ज़्यादा अधिकारियों का तबादला हुआः हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका



ब्यूरो प्रयागराज। कलकत्ता हाईकोर्ट ने वकील अर्का कुमार नाग की दायर जनहित याचिका (PIL) खारिज की। इस याचिका में भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा 15 मार्च को चुनाव की घोषणा के बाद IAS और IPS अधिकारियों के बड़े पैमाने पर किए गए तबादलों को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने माना कि यह चुनौती मूल रूप से ही गलत है, क्योंकि याचिका में खुद इस बात पर कभी विवाद नहीं उठाया गया कि 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद अधिकारियों का तबादला/स्थानांतरण करने की शक्ति ECI के पास है।'

बेंच की ओर से बोलते हुए चीफ जस्टिस सुजॉय पॉल ने कहा कि याचिकाकर्ता के अपने ही बयानों में साफ तौर पर कहा गया कि 'अधिकारियों का तबादला करने की शक्ति, हालांकि भारत निर्वाचन आयोग के पास निहित है... लेकिन इसका इस्तेमाल सावधानी और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए।' कोर्ट ने कहा कि 'इससे किसी भी तरह के संदेह की कोई गुंजाइश नहीं बचती' कि याचिकाकर्ता ने ECI के अधिकार को स्वीकार किया था, इसलिए वह बाद में अधिकार क्षेत्र की कमी का तर्क नहीं दे सकता। कोर्ट ने ज़ोर देकर कहाः 'याचिका को ध्यान से पढ़ने पर... इस बात में कोई संदेह नहीं रह जाता कि याचिकाकर्ता ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद अधिकारियों का तबादला/स्थानांतरण करने की ECI की शक्ति पर कोई विवाद नहीं उठाया है।' कोर्ट ने आगे कहा कि अदालतें आयोग के प्रशासनिक फैसलों में बहुत ज़्यादा दखल नहीं दे सकतीं या उन पर दोबारा विचार नहीं कर सकतीं।

कोर्ट ने कहाः 'ECI की प्रशासनिक समझ पर अपील करने का अधिकार इस कोर्ट के पास नहीं है, जब तक कि कोई स्पष्ट मनमानी, दुर्भावना (Mala Fide) या कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन साबित न हो जाए।' कोर्ट ने कहा कि 'सिर्फ़ इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि प्रशासन में गतिरोध पैदा हो गया और सरकार का काम ठप पड़ जाएगा,' क्योंकि ECI ने चुनाव की सीमित अवधि के लिए अधिकारियों का पुनर्गठन किया। पश्चिम बंगाल को अलग से निशाना नहीं बनाया गया, दूसरे राज्यों में ज़्यादा अधिकारियों का तबादला हुआ, कोर्ट ने इस दावे पर भी गौर किया कि पश्चिम बंगाल को अलग से निशाना बनाया जा रहा है। ECI के देशव्यापी डेटा की जाँच करने के बाद कोर्ट इस नतीजे पर पहुंचा कि यह आरोप तथ्यों के हिसाब से गलत है। डेटा से पता चला कि 'दूसरे राज्यों में जितने अधिकारियों का तबादला हुआ, उनकी संख्या पश्चिम बंगाल में तबादला किए गए अधिकारियों की संख्या से कहीं ज़्यादा है।' कोर्ट ने कहा कि इससे बदले की भावना या भेदभावपूर्ण बर्ताव के किसी भी आरोप का खंडन हो जाता है।

जजों ने इस बात पर भी चिंता जताई कि याचिकाकर्ता राज्य और ECI के बीच हुए गोपनीय आंतरिक संवादों पर भरोसा कर रहा था। उन्होंने टिप्पणी की कि 'याचिकाकर्ता के हाथ ये गोपनीय दस्तावेज़ कैसे लगे, यह एक बड़ा सवाल है।' उन्होंने यह भी कहा कि यह PIL 'जनहित की वकालत करने के बजाय राजनीतिक हितों को साधने वाली' लग रही थी। याचिकाकर्ता द्वारा पेश किए गए और एडवोकेट जनरल द्वारा समर्थित व्यापक कानूनी तर्कों पर विचार करते हुए कोर्ट ने 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' की धारा 13CC, 20 A, 20B या 28A का अकादमिक विश्लेषण करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने बताया कि याचिका में ECI के कानूनी अधिकार को चुनौती देने वाली कोई भी बुनियादी दलील शामिल नहीं थी।

कोर्ट ने दोहराया कि अनुच्छेद 324 पूर्ण शक्तियों का संवैधानिक भंडार है। कोर्ट ने मोहिंदर सिंह गिल मामले के सिद्धांत को याद दिलाते हुए कहा कि 'जब संसद ने कोई कानून नहीं बनाया तो अनुच्छेद 324 स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से काम करता है।' कोर्ट ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि 'सिर्फ इसलिए कि ECI ने बड़ी संख्या में अधिकारियों का तबादला किया, यह नहीं कहा जा सकता कि यह कार्रवाई मनमानी, सनकी या दुर्भावनापूर्ण है।। कोर्ट ने टिप्पणी की, 'याचिकाकर्ता यह साबित नहीं कर सका कि अधिकारियों के तबादले के कारण कोई सार्वजनिक क्षति हुई।' कोर्ट ने दोहराया कि तबादले 'सेवा का एक सामान्य हिस्सा' हैं। इससे प्रभावित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से इन्हें चुनौती देने के लिए स्वतंत्र हैं। कोर्ट ने कहा, 'यह फैसला प्रभावित अधिकारियों को अपने तबादले के आदेश को व्यक्तिगत रूप से चुनौती देने से नहीं रोकेगा।'

## होर्मुज बंद, फिर भी पीछे हटेगा अमेरिका ट्रंप ने दिया बड़ा संकेत



**ब्यूरो प्रयागराज।** अमेरिकी समाचार पत्र द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने प्रशासनिक अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने करीबी सहयोगियों से कहा है कि वह होर्मुज जलडमरुमध्य मोटे तौर पर बंद रहने की सूरत में भी ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान खत्म करने के लिए तैयार हैं, जो बाद में किसी और समय फिर से शुरू किया जा सकता है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की खबर के अनुसार हालिया दिनों में ट्रंप और उनके सहयोगियों द्वारा यह अनुमान लगाया है कि जलडमरुमध्य को जबरन खुलवाने के लिए एक अभियान चलाने से संघर्ष ट्रंप की निर्धारित समयसीमा, यानी चार-छह सप्ताह से आगे बढ़ जाएगा।

ट्रंप ने फैसला किया है कि अमेरिका को ईरान की नौसेना को कमजोर करने और उसके मिसाइल भंडार को नुकसान पहुंचाने जैसे अपने मुख्य उद्देश्यों को हासिल करने के बाद मौजूदा सैन्य संघर्ष को धीरे-धीरे समाप्त करना चाहिए, और साथ ही तेहरान पर कूटनीतिक दबाव डालकर व्यापार के मुक्त प्रवाह को फिर से शुरू करने के लिए मजबूर करना चाहिए।

खबर में अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि अगर यह प्रयास विफल रहता है, तो अमेरिका यूरोप और खाड़ी क्षेत्र में अपने सहयोगियों पर दबाव डालेगा कि वे जलडमरूमध्य को फिर खुलवाने के लिए आगे आएं। सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति और पेंटागन प्रमुख ने हमेशा सैन्य अभियान के लिए चार से छह सप्ताह की अनुमानित समयसीमा बताई है।उन्होंने कहा, 'आज 30 दिन हो गए हैं।'

लेविट ने यह संकेत भी दिया कि अरब देशों से भी ईरान में जारी सैन्य अभियान का बोझ साझा करने के लिए कहा जा सकता है।जब यह पूछा गया कि क्या कुवैत, यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों को ईरान में जारी सैन्य अभियान का खर्च उठाना चाहिए तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह ऐसा मुद्दा है जिसमें राष्ट्रपति काफी रुचि ले सकते हैं। मैं इस पर उनसे पहले कुछ नहीं कहूंगी, लेकिन निश्चित रूप से यह एक विचार है और मुझे लगता है कि वह इस बारे में आपको ज्यादा जानकारी दे पाएंगे।'

अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला कर दिया था, जिसके बाद ईरान ने पलटवार किया और पूरे खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष फैल गया। होर्मुज जलडमरुमध्य दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण रणनीतिक मार्ग है।होर्मुज जलडमरुमध्य फारस की खाड़ी को हिंद महासागर से जोड़ने वाला एक संकरा समुद्री मार्ग है, जो फिलहाल काफी हद तक बंद है। इसके कारण रोजाना गुजरने वाले सैकड़ों जहाजों की आवाजाही लगभग बंद हो गई है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### 'स्मार्ट सिटी मिशन मोदी सरकार की कार्यशैली का उदाहरण घोषणाएं बड़ी पर जवाबदेही शून्य', राहुल गांधी ने पीएम पर साधा निशाना।



**ब्यूरो प्रयागराज।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि बड़ी घोषणाएं करना और फिर बिना किसी जवाबदेही के बढ़चढ़कर इसका प्रचार करना मोदी सरकार की कार्यशैली है। राहुल ने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन इसी शैली का एक उदाहरण है।उन्होंने लोकसभा में 19 मार्च को उनके द्वारा पूछे गए प्रश्न और सरकार के उत्तर का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि स्मार्ट सिटी मिशन धोखे के अलावा कुछ भी नहीं है। राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक पोस्ट में कहा, ''कोई शहर 'स्मार्ट' नहीं हो सकता, अगर वह अपने नागरिकों को बुनियादी गरिमा - साफ पानी, स्वच्छ हवा और सुरक्षा नहीं दे पाता। आपको मोदी सरकार का स्मार्ट सिटी मिशन तो याद ही होगा, जिसके तारीफों के पुल बांधते प्रधानमंत्री थकते नहीं थे।' उन्होंने कहा, 'अब जब यह योजना अपने समापन की ओर है तो मैंने संसद में सरकार से इसके वास्तविक परिणामों का हिसाब मांगा। और जो सच सामने आया उसे धोखे के अलावा कुछ और कह ही नहीं सकते, इस योजना का उद्देश्य कभी भी पूरे शहर का विकास करना ही नहीं था।' राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश को एक आधी-अधूरी योजना को पूरे बदलाव की कहानी बनाकर बेचा गया। उन्होंने कहा, 'सवाल पूछे कि कैसे होते हैं स्मार्ट सिटी, सफलता किस आधार पर तय हुई, कितने शहर सच में बदले, लोगों के जीवन में क्या ठोस बदलाव आया? तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला।' उन्होंने कहा, 'सिर्फ बताया गया की करीब 48,000 करोड़ रुपये खर्च हुए, और 97 प्रतिशत प्रोजेक्ट 'पूरे' बता दिए, लेकिन अगर सब पूरा है, तो आपके शहर में क्या बदला? राहुल गांधी ने दावा किया, 'जमीनी हकीकत अलग कहानी कहती है- दूषित पानी और खुले सीवर से मौतें हो रही हैं,गिरते पुल और धंसती सड़कें इस विफलता को और उजागर कर रही हैं।' उन्होंने कहा, 'यह योजना मोदी सरकार की असली कार्यशैली का उदाहरण है- घोषणाएं बड़ी, प्रचार उससे बड़ा, और जवाबदेही शून्य।' कांग्रेस नेता ने कहा, 'आप अपने शहर को सूची में खोजिए और खुद तय कीजिए कि क्या यह वही 'स्मार्ट सिटी' है जिसका सपना आपको बेचा गया था?

## सुल्तानपुर में गोमांस तस्कर छूटे, तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

● लिखा-पढ़ी में गौमांस दिखाया गायब, हिंदू संगठन ने था पकड़ा, वीडियो आया था सामने



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर-** गौतस्करों को अप्रत्यक्ष रूप से राहत पहुँचाने के मामले में इंस्पेक्टर राम आशीष उपाध्याय को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने सोमवार को उन्हें बल्दीराय थाने का प्रभार सौंपा था, लेकिन थाने में आमद से पूर्व ही मंगलवार को उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। उनके साथ दो अन्य पुलिसकर्मियों को भी निलंबित किया गया है। दरअसल, रविवार रात गोसाईंगंज के राजापुर बाजार में गौ वध की सूचना पर हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुँचे थे। उन्होंने तालाब के पास से लगभग एक कुंतल गौमांस, उपकरण, एक कार और एक पिकअप वाहन बरामद किया। हिंदू संगठन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके से दो आरोपियों को पकड़कर थाने ले जाया गया।

यशदीप ठठेर पुत्र शिव ओम प्रकाश निवासी सेमरी बाजार, थाना जयसिंहपुर की तहरीर पर मो. नफीस उर्फ छोटे निवासी देनवा, थाना गोसाईंगंज; मो. तौसिफ निवासी राजापुर, थाना गोसाईंगंज; नियाज अहमद निवासी धम्मौर, थाना खुटहन, जनपद जौनपुर; मो. अशरफ निवासी कस्बा गोसाईंगंज; अब्दुल मन्नान निवासी कस्बा गोसाईंगंज; मो. तौसिफ निवासी कस्बा गोसाईंगंज; मो. अकरम निवासी कस्बा गोसाईंगंज और नसीब अहमद निवासी कस्बा गोसाईंगंज के विरुद्ध गोवध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से दो चापड़, एक चाकू, एक सूजा, दो बांट, 12 रस्सी, एक प्लास्टिक ड्रम, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, एक छोटा तराजू, दो मोटरसाइकिल, दो पिकअप (छोटी-बड़ी) और एक सेंट्रो कार बरामद दिखाई थी।

इस मामले में इंस्पेक्टर पर आरोप है कि घटनास्थल से सामने आए वीडियो में एक कुंतल गौमांस बरामद देखा गया था, लेकिन पुलिस ने अपनी लिखा-पढ़ी में इसे गायब कर दिया। इस चूक का लाभ आरोपियों को मिला, जब उन्हें कोर्ट में पेश किया गया तो कोर्ट ने उनकी रिमांड खारिज कर दी और सभी आठों आरोपियों को छोड़ दिया गया। इसके बाद हिंदूवादी संगठन ने पूरे मामले से एसपी को अवगत कराया। एसपी ने मामले की जाँच कराई और आरोप सही पाए जाने पर इंस्पेक्टर राम आशीष उपाध्याय, उप निरीक्षक अनिल यादव और हेड कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया है। यह पहली बार नहीं है जब इंस्पेक्टर राम आशीष उपाध्याय को निलंबित किया गया है। इससे पहले भी कोतवाली नगर में तैनाती के दौरान तत्कालीन एसपी ने उन्हें निलंबित किया था।

## प्रयागराज पॉक्सो कोर्ट का सख्त फैसलाः नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या के दोषी को फांसी

● 8 वर्षीय बच्ची से दरिंदगी के मामले में दोषी करार, 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया।




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोरांव प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक बेहद सनसनीखेज और जघन्य अपराध मामले में पॉक्सो कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोषी को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। स्पेशल जज (पॉक्सो) विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के आरोपी मुकेश पटेल को फांसी की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने दोषी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जानकारी के मुताबिक, यह दिल दहला देने वाली घटना सोरांव थाना क्षेत्र के भोगीसराय गांव की है, जहां वर्ष 2024 में 8 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

सोरांव थाने में आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0-331/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों का गहन परीक्षण किया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यह अपराध 'अत्यंत जघन्य' है और समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला है।

अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में कठोरतम दंड आवश्यक है, ताकि समाज में कड़ा संदेश जाए। इसी आधार पर आरोपी को मृत्युदंड (फांसी) की सजा सुनाई गई।

**इन धाराओं में ठहराया दोषी**

अदालत ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1)/65(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5(m)/6 के तहत दोषी ठहरया। यह फैसला न केवल पीड़िता को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, बल्कि समाज में बढ़ते ऐसे अपराधों के खिलाफ कड़ा संदेश भी देता है कि कानून ऐसे मामलों में सख्ती से निपटता है।

## चक्की में सेंध लगाकर नकदी व औजार चोरी




**बिसवां (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के जफराबाद मजरा बेनीपुर गांव में अज्ञात चोरों ने आटा चक्की में सेंध लगाकर नकदी व कीमती औजार चोरी कर लिए। पीड़ित शिवकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात वह चक्की परिसर में ट्रैक्टर के पास सो रहा था। इसी दौरान चोर खेतों की ओर से पीछे से घुसकर दीवार में सेंध काटते हुए अंदर प्रवेश कर गए।

चोर चक्की में रखे बक्से को उठा ले गए, जिसमें करीब छह हजार रुपये नगद व टूल-रिंच समेत अन्य जरूरी औजार रखे थे। सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। खोजबीन के दौरान पास के तालाब किनारे खाली बक्सा मिला, जबकि नकदी व औजार गायब थे।

मामले में पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह ने बताया घटना की जांच की जा रही है आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## अरैल क्षेत्र में विद्युत शवदाहगृह निर्माण का मार्ग प्रशस्त, भूमि दान से वर्षों पुरानी समस्या का समाधान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** मंगलवार को जमुना पार नैनी-अरैल क्षेत्र, जिसकी आबादी लगभग 4 से 5 लाख के बीच है, में शवदाहगृह न होने की समस्या सैकड़ों वर्षों से बनी हुई थी। इस गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में अब एक बड़ा कदम उठाया गया है।नगर निगम प्रयागराज के जोन-5 के पार्षद रणविजय सिंह 'डब्बू', मयंक यादव, प्रेम शंकर यादव, बलराज पटेल सहित अन्य पार्षदों द्वारा लगातार सदन में शवदाहगृह निर्माण की मांग उठाई जाती रही। इस मांग को संज्ञान में लेते हुए महापौर गणेश केसरवानी द्वारा शवदाहगृह निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया।नैनी-अरैल क्षेत्र में शवदाहगृह निर्माण के लिए ग्राम सभा देवरख कछार, परगना अरैल, तहसील करछना (प्रयागराज) निवासी बबलू पांडे ने अपने स्वर्गीय पिता राम नरेश पांडे की स्मृति में 0.0700 हेक्टेयर भूमि दान में दी। यह दान पत्र करछना उप-निबंधक कार्यालय में रजिस्ट्रार नीरज कुमार पांडे के समक्ष पंजीकृत किया गया, जिससे विद्युत शवदाहगृह निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।पार्षद रणविजय सिंह 'डब्बू' ने बताया कि जमुनापार क्षेत्र में बाढ़ या विशेष अवसरों, जैसे महाकुंभ के दौरान, लोगों को अंतिम संस्कार के लिए दारागंज और रसूलाबाद घाट तक जाना पड़ता था, जिससे भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।शवदाहगृह बनने से अब स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। सभी पार्षदों ने महापौर गणेश केसरवानी का आभार व्यक्त किया। पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा महानगर नरसिंह ने बबलू पांडेय को भूमि दान के लिए बधाई दी तथा नगर निगम के महापौर, नगर आयुक्त और अन्य अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।इस दौरान पार्षद राकेश जायसवाल, मुन्ना प्रधान, संजय पासी, मंचो सिंह, प्रदीप महरा, राजा भारती, माया देवी, पवन, सोनू यादव, अनूप पासी, दिलीप केसरवानी, घनश्याम जायसवाल सहित कई पार्षद एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए महापौर को बधाई दी।

## ओवरटेक के दौरान मनौरी एयरफोर्स के संविदा कर्मी की दर्दनाक मौत




**प्रयागराज।** जिले में सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मनौरी एयरफोर्स में तैनात संविदा कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान विनय सिंह पटेल (31) के रूप में हुई है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार रात करीब 11 बजे पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के हुसैनपुर पावन गांव के पास की है। बताया जा रहा है कि विनय सिंह पटेल बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक अज्ञात वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की। ओवरटेक करते समय उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विनय सिंह पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुरामुफ्ती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। वहीं, अज्ञात वाहन की भी तलाश की जा रही है।

## करोल बाग ट्रैफिक पुलिस की बड़ी सफलता, चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक और डी-वैन बरामद

● नियमित ट्रैफिक जांच के दौरान सतर्कता से दो चोरी के वाहन पकड़े, दो युवक भी हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली** में करोल बाग ट्रैफिक सर्किल की टीम ने नियमित ट्रैफिक चेकिंग और प्रवर्तन अभियान के दौरान अपनी सतर्कता और तत्परता का परिचय देते हुए चोरी की एक मोटरसाइकिल और एक डी-वैन बरामद की है। ट्रैफिक पुलिस की इस कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि सड़क पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ ट्रैफिक स्टाफ अपराध नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।पहली घटना 30 मार्च 2026 को दोपहर करीब 1:20 बजे की है। शादीपुर चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे सुरेंद्र और निकुंज वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक मोटरसाइकिल संदिग्ध लगी, जिसका पंजीकरण नंबर यूपी 9एस सीवी 6408 था। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल सवार ने जांच से बचने की कोशिश की, जिससे ट्रैफिक कर्मियों को संदेह हुआ।ट्रैफिक स्टाफ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल को रोक लिया और उस पर सवार दो युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान 20 वर्षीय दीपकऔर 20 वर्षीय गौरव कुमार के रूप में हुई। जांच में पता चला कि यह हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी की थी और इसे ग्रेटर नोएडा के थाना क्षेत्र से 18 नवंबर 2022 को चोरी किया गया था। इस संबंध में मामला पहले से दर्ज था। बरामद मोटरसाइकिल और दोनों आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए रंजीत नगर थाना को सौंप दिया गया।इसी दिन करोल बाग ट्रैफिक सर्किल की टीम ने एक और सफलता हासिल की। कमल टी-प्वाइंट के पास फुटपाथ पर गलत तरीके से खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान देवी दास की नजर एक लावारिस डी-वैन पर पड़ी, जिसका पंजीकरण नंबर डीएल1एलयू5476 था। वाहन की जांच करने पर पता चला कि यह भी चोरी की थी।



जांच में सामने आया कि डी-वैन डीबीजी रोड पुलिस स्टेशन क्षेत्र से चोरी हुई थी और इस संबंध में ई-एफआईआर दर्ज थी। बरामद वाहन को संबंधित जांच अधिकारी के हवाले कर दिया गया, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई पूरी की जा सके।यह पूरी कार्रवाई राम सिंह और संजय सिंह की निगरानी में की गई। अधिकारियों ने ट्रैफिक स्टाफ की सतर्कता, समर्पण और पेशेवर कार्यशैली की सराहना की।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार सघन जांच अभियान चलाकर न केवल यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखेगी, बल्कि अपराध की रोकथाम और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## युवक ने खुद को डीजल छिड़ककर जलाया:स्थानीय लोगों ने बचाई जान, जिला अस्पताल में भर्ती कराया

**बस्ती।** बस्ती जिले के बस्ती-कांटे मार्ग पर एक युवक ने खुद पर डीजल छिड़ककर आग लगा ली। आसपास मौजूद लोगों ने उसे जलता देख तुरंत आग बुझाई और मुंडेरवा पुलिस को सूचना दी। यह घटना मंगलवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे हरिओम फील्डिंग स्टेशन के बगल स्थित एक बीयर की दुकान के सामने हुई। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष मुंडेरवा प्रदीप कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने एम्बुलेंस की मदद से घायल युवक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका इलाज शुरू किया गया। युवक की पहचान सचिन उर्फ राज (25) पुत्र शिवशंकर के रूप में हुई है, जो गोरखपुर के बैदवली कटसहरा का निवासी है। बताया जा रहा है कि राज मोलहू, जगदीशपुर स्थित अपने ननिहाल में रहता है और आजीविका के लिए ऑटो चलाता है। पुलिस पूछताछ में राज ने बताया कि वह किसी बात को लेकर तनाव में था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। युवक टेंपो चलाकर अपना खर्चा चलता था किसी बात को लेकर कई दिनों से टेंशन में था इसीलिए खुद को आपके हवाले कर दिया पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि इसमें किसी की गलती नहीं खुद गलती है।

## पेट्रोल पंपों पर पसरा सन्नाटा, पछता रहे हैं स्टोर करने वाले



**बस्ती।** बस्ती जिले में डीजल पेट्रोल के किल्लत की खबर वायरल होने पर कुछ चालाक किस्म के लोगों ने इसको स्टोर कर लिया था। दो दिन पहले पेट्रोल पंपों पर लाइनें देखी जा रही थीं। डीजल पेट्रोल लेने वाले मारा मारी पर उतारू थे। लोग गाड़ी के साथ गैलन और ड्रम भी लेकर पेट्रोल पंपों पर पहुंच रहे थे। घण्टो लाइन मे खड़े होकर जिन लोगों ने 100-50 लीटर डीजल या पेट्रोल घरों मे स्टाक कर लिये अब वे परेशान हैं। दरअसल उन्होने सोचा था कि पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत ऐसे ही बनी रही तो 150 रूपये ली. पेट्रोल आराम से बेंच लेंगे। सर्वविदित है कि आवश्यक वस्तुओं की क्राइसिस होती है तो लोग मुंहमांगा दाम देने को तैयार रहते हैं। डीजल पेट्रोल की क्राइसिस का समय आया तो सारी चालाकी धरी रह गयी क्योंकि चार दिन बाद पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा मे डीजल पेट्रोल पहुंच गया। अब जिन लोगों ने स्टोर कर लिया था उनकी पूंजी भी नही निकल रही है लाभ की बात कौन करे। अपने वाहन मे भी वे नही डाल सकते, उसे तो पहले ही फुल करा लिया था। चार दिन पहले जहां पहले लेने की होड़ लगी थी उन पेट्रोल पंपों पर करीब करीब सन्नाटा है। ग्राहक दोबार तब आयेगा जब उसका पेट्रोल रिजर्ब हो जायेगा।

## युवती को बहला फुसला कर भगाने वाले युवक की मां 20 हजार की कर रही थी डिमांड केस दर्ज

**सहजनवां गोरखपुर** /सहजनवां तहसील के हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव के युवती को उसी गांव का एक युवक बहला फुसला कर भगा ले गया है। जब युवती के परिजन आरोपी के घर जानकारी लेने गए तो उसकी मां जानकारी देने के लिए पीड़िता से 20 हजार की डिमांड करने लगी थी। पुलिस ने युवती के मां की तहरीर पर आरोपी युवक और उसके मां के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक जो युवती के भाई का दोस्त है। दोस्ती का लाभ उठाते हुए उसके बहन से प्रेम कर बैठा। और एक दिन वह युवती को बहला फुसला कर भगा ले गया। जब खोजबीन के बाद युवती का पता नहीं चला तो उसके परिजन आरोपी युवक के घर जानकारी करने पहुंचे तो आरोपी की मां जानकारी देने के लिए 20 हजार की डिमांड कर डाली। इसके बाद पीड़िता आरोपी और उसके मां के खिलाफ थाने में तहरीर दिया। पुलिस ने आरोपी लक्की शर्मा पुत्र परमानंद शर्मा तथा इसकी मां के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

## सोलर पैनल चोरी का केस दर्ज हुआ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोलर पैनल चोरी हो जाने की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे पौलहा गांव निवासी दयाराम वर्मा पुत्र स्व0 मोहनलाल वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने अपने खेत में लगाए गए सबमर्सिबल को चलाने हेतु सोलर पैनल लगवाया है। आरोप है कि बीती 29 मार्च की रात दो सोलर पैनल अज्ञात चोर उठा ले गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# योगी सरकार की 'कायाकल्प' योजना और शिक्षकों के नवाचार से सरकारी स्कूलों के प्रति बढ़ा अभिभावकों का विश्वास - नितेश शर्मा

### ●- प्राथमिक विद्यालय परसा-दमया में अंक पत्र और पुरस्कार पाकर खुश हुए बच्चे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** रुधौली विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय परसा-दमया में सोमवार को वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता एवं समाज सेवी नितेश शर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को अंक पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नितेश शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के परिषदीय विद्यालयों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि, 'प्रधानाध्यापक के कुशल संयोजन और शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है कि आज यह प्राथमिक विद्यालय गुणवत्ता और अनुशासन में स्थानीय निजी स्कूलों को कड़ी टक्कर दे रहा है।' उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की 'कायाकल्प' योजना और शिक्षकों के नवाचार से सरकारी स्कूलों के प्रति अभिभावकों का विश्वास फिर से लौटा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान प्रतिनिधि राकेश उपाध्याय ने अपने संबोधन में शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, 'किसी भी समाज की उन्नति का आधार उसकी प्राथमिक शिक्षा होती है। आज इस विद्यालय की व्यवस्था और बच्चों का अनुशासन देखकर गर्व होता है।' उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति निरंतर सजग रहें और विद्यालय के साथ समन्वय बनाए रखें। उन्होंने विद्यालय परिवार के प्रयासों को क्षेत्र के लिए एक मिसाल बताया।प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। पुरस्कार पाकर नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में विद्यालय के सहायक अध्यापक बलजीत, परमवीर गौड़, विपिन कुमार सहित अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंउद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के बैनर तले सोमवार को जिले के व्यापारियों ने विद्युत विभाग की प्रीपेड (स्मार्ट) मीटर व्यवस्था के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने डॉ. हरिमूर्ति सिंह मनोज की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसके बाद अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करते हुए भूख हड़ताल भी की पदाधिकारियों का आरोप है कि प्रीपेड मीटर व्यवस्था पूरी तरह से फेल साबित हो रही है, जिससे हजारों उपभोक्ता और व्यापारी परेशान हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बस्ती मंडल अध्यक्ष डॉ. हरिमूर्ति सिंह मनोज ने बताया कि मीटर के सर्वर में लगातार खराबी के कारण उपभोक्ताओं की बिजली बिना वजह कट रही है। एप के माध्यम से भुगतान करने के बावजूद समय पर अपडेट नहीं हो रहा है, जिससे लोगों को अनावश्यक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष परमात्मा प्रसाद मद्धेशिया ने कहा कि उपभोक्ताओं की पुरानी सिक्योरिटी राशि के समायोजन का कोई स्पष्ट विवरण नहीं दिया जा रहा है। वहीं जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 'उपभोक्ता परेशान हैं और अधिकारी मस्त हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि बिना आधार के वर्षों पुरानी बकाया वसूली भेजी जा रही है। नगर अध्यक्ष राकेश सिंह ने कनेक्शन पीडी (स्थायी विच्छेदन) के बाद फाइनल बिल में अवैध वसूली का आरोप लगाया और इस पर रोक लगाने की मांग की। जिला महामंत्री आलोक दुबे ने बताया कि प्रीपेड मीटर लगाने के बाद भी अधिकांश उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर अपडेट नहीं किए जा रहे हैं। नगर महामंत्री राणा महेंद्र प्रताप ने कहा कि बड़ी संख्या में मीटरों के सीलिंग सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड नहीं हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। नगर कोषाध्यक्ष भरत राम गुप्ता उर्फ बब्लू ने बताया कि कई उपभोक्ताओं के मोबाइल में संबंधित एप डाउनलोड ही नहीं हो पा रहा है। नगर मंत्री प्रदीप सिंह ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। व्यापार मंडल ने मांग की कि फेल हो चुकी प्रीपेड मीटर व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जाए। सोमवार को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक मुख्य अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम व द्वितीय के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल जारी रही। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने 'स्मार्ट मीटर वापस लो' के नारे भी लगाए। धरना-प्रदर्शन में सौरभ श्रीवास्तव, मनप्रीत सिंह हरि, पंकज गुप्ता, इरफान खान, राज खान, संध्या गोस्वामी, वंदना वर्मा, धीरेंद्र कुमार सिंह, अष्टभुजा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे।

# व्यापारिक समस्याओं पर प्रशासन सख्त, स्मार्ट मीटर व शहर सुविधाओं पर उठे गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास भवन सभागार में सोमवार को जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक प्रशासनिक सक्रियता के बीच आयोजित हुई। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर जिलाधिकारी श्री प्रतिपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष ने व्यापारियों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने शहर के गांधीनगर पक्के पर सुनियोजित वाहन पार्किंग व्यवस्था, महिलाओं की सुविधा के लिए पिंक टॉयलेट तथा शहर के विभिन्न स्थानों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग रखी। विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याएं बैठक में प्रमुख मुद्दा रहीं। व्यापारियों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद भी उपभोक्ताओं द्वारा ऐप के माध्यम से भुगतान करने पर वह समय से अपडेट नहीं हो रहा है, जिससे अनावश्यक परेशानियां बढ़ रही हैं। इसके अलावा पुरानी सिक्योरिटी एडजस्टमेंट का विवरण उपभोक्ताओं को उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है और स्मार्ट मीटर का सर्वर भी बार-बार ठप हो रहा है। बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि बिना ठोस आधार के वर्षों पुरानी विद्युत देनदारियों की रिकवरी नोटिस भेजी जा रही है। साथ ही, अधिकांश उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर मीटर से अपडेट नहीं किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें सूचना नहीं मिल पा रही है। प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के सीलिंग सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपडेट नहीं होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। अपर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और स्मार्ट मीटर से संबंधित तकनीकी खामियों को शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने नगर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर भी जोर दिया। बैठक में नगर अध्यक्ष राकेश सिंह, नगर महामंत्री राणा महेंद्र प्रताप, नगर कोषाध्यक्ष भरत राम उर्फ बबलू गुप्ता, नगर मंत्री प्रदीप सिंह, जिला महामंत्री आलोक दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष परमात्मा प्रसाद मद्धेशिया, जिला उपाध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वंदना वर्मा, जिला संगठन मंत्री धीरेंद्र कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर विनर्स आर के कान्वेंट स्कूल के वार्षिकोत्सव का किया शुभारंभ

### ●भव्य वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं का प्रबंधक ने किया सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**शुकुल बाजार, अमेठी।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले तथा कई विद्यालयों के सफल प्रबंधक पंडित राम उंजेरे शुक्ला के नेतृत्व में संचालित विनर्स आर.के. कॉन्वेंट स्कूल, शुकुल बाजार का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला उपस्थित रहे, जिन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत, नाटक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से संस्कृत में प्रस्तुत नाट्य एवं गीत कार्यक्रम ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र शुक्ला ने अपने संबोधन में विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास भी अत्यंत आवश्यक है, और विनर्स आर.के. कॉन्वेंट स्कूल इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों को अपनाने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रबंधक पंडित राम उंजेरे शुक्ला द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कारयुक्त वातावरण प्रदान करना है, जिससे वे भविष्य में देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें।कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय जनता पार्टी मीडिया विभाग के जिला सह-संयोजक सुशील कुमार मिश्रा, पत्रकार दीपक पाठक, पत्रकार इकरार अहमद तथा पत्रकार दिनेश तिवारी को विद्यालय परिवार की ओर से अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ा दिया।

इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के हजारों गणमान्य नागरिक, अभिभावकगण, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की।

अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया। इस सफल आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों के उत्साह को बढ़ाया, बल्कि शिक्षा एवं संस्कृति के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या सोनिका शुक्ला, प्रबंधन कमेटी के वरिष्ठ सदस्य विश्व प्रकाश शुक्ला, अखिल शुक्ला, विनय शुक्ला,के के मिश्रा, रुचि अग्रवाल ,स्वाति गुप्ता, सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं तथा उनके परिजन मौजूद रहे।

# लाइफ लाइन हास्पिटल बस्ती की लापरवाही से एक नवजात ने तोड़ा दम

### ●मृतका के परिवारजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लगाए गम्भीर आरोप

### अस्पताल प्रशासन ने मृतका व परिजनों को जबरदस्ती रोके रखा अस्पताल में

### अस्पताल में सीपैप व्यवस्था उपलब्ध नहीं फिर भी 4000 प्रतिदिन का आक्सीजन के नाम से हो रही धनउगा ही

### गोल्डी नामक कोई कर्मचारी मृतका के परिजनों से मामले को समाप्त करने की दे रह धमकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिलेमें निजी अस्पतालों के गोरखधंधे का शिकार फिर एक नवजात हुई और लाइफ लाइन हास्पिटल के कर्मचारियों की जालसाजी से उसकी जान चली गयी और अस्पताल प्रशासन द्वारा मृतका के तीमारदारों से फोन कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है परन्तु पीड़ित पक्ष बिना कार्यवाही किसी भी शर्त को मानने को तैयार नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार माधुरी पत्नी दिलीप निवासी परसामाफी , विकास खण्ड सांथा जनपद - संतकबीर नगर ने 12 मार्च 2026 को दिन में 4 बजे प्रतापपुर के एक सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में नवजात को जन्म दिया। स्वास्थ्य केन्द्र पर बताया गया कि बच्चा जन्म के बाद रोया नही , कोई समस्या न हो इसलिए बच्चे को कहीं स्पेस्लिस्ट डाक्टर को दिखाया जाए । इसके बाद नवजात के परिजन उसे लेकर नंदौर आए और वहाँ पर एक पैथालोजी में सीबीसी व अन्य जाँच करवाया । रिपोर्ट में इंफेक्शन की पुष्टि हुई और तुरन्त ही परिजन वहाँ से चलकर लाइफ लाइन अस्पताल बस्ती पहुँचे व रात कबीर 10.30 बजे भर्ती करा दिया , यहीं से फिर अस्पताल वालों के लूटपाट का खेला शुरु हो जाता है । एक सप्ताह भर्ती रहने के बाद प्रतिदिन अस्पताल प्रशासन द्वारा हजारो से ऊपर की दवाएं क्रय करायी गयी परन्तु मरीज के स्थिति में कोई अच्छा सुधार नहीं आया । दिनाँक 21 मार्च को नवजात के तीमारदारों द्वारा अस्पताल प्रशासन से मरीज को रिफर करने की बात की गयी परन्तु अस्पताल के जिम्मेदारों द्वारा तीमारदारों को समझाया गया कि आज तक का जो हिसाब रुपया 36000 हजार बन रहा है उसे जमा करा दो बच्चा ठीक है दो चार दिन और रहो उसका कोई चार्ज नहीं देना पड़ेगा इसके बाद बच्चा पूर्णतः स्वस्थ्य हो जायेगा और हम उसे डिस्चार्ज कर देंगें । धीरे धीरे बच्चे की हालत बिगड़ती गयी और दिनांक 28 मार्च दिन शनिवार को अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीज के तीमारदारों के पास फोन करके बताया गया कि आपका बच्चा स्वस्थ्य हो गया है आकर डिस्चार्ज करा लीजिए और तीमारदारों के आते ही पैसे की माँग करते हुए रुपये 7000 का और भुगतान कराया गया और आनन - फानन में मरीज को यह कहते हुए डिस्चार्ज कर दिया गया कि बच्चा स्वस्थ्य हो गया है इसे ले जाइए । घर पहुंचते ही बच्चा सीरियस होता गया और अगले दिन अर्थात् 29 मार्च को दम तोड़ दिया । बच्चे की मौत की खबर जब लाइफ लाइन हॉस्पिटल को लगी तभी से अस्पताल प्रशासन व गोल्डी नामक कर्मचारी मामले को दबाने में लगे हैं । यद्यपि परिजन कार्यवाही के सिवाय किसी शर्त पर मानने को तैयार नहीं हैं और परिजन यहाँ तक कह रहे हैं कि हमने खेत गिरवी रखकर बच्चे की दवा कराया और अस्पताल वाले हमसे हमारा बच्चा भी छीन लिए और ऊपर से कर्ज का बोझ और लद गया । लाइफ लाइन हॉस्पिटल के लिए यह कोई नयी बात नहीं है बिना जाँच ही तीमारदारों से जांच के पैसे जबरदस्ती जमा कराएं जाते हैं । पीड़ित दिलीप व माधुरी तथा अन्य तीमारदारों ने लाइफ लाइन हॉस्पिटल पर कठोर कार्यवाही करते हुए दवा के नाम पर गलत तरीके से वसूले गए पैसे को वापस कराने की मांग जिला प्रशासन से किया है ।

# किसान के बेटे ने बदली तकदीर, पिछड़े बहुल तराई क्षेत्र के अंकुर सिद्धार्थ बने नायब तहसीलदार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर( रमईडीह)**- विकास खण्ड बलरामपुर के बलुई ग्रामीण और तराई बहुल क्षेत्र से एक ऐसी सफलता की कहानी सामने आई है, जिसने न सिर्फ पूरे इलाके का मान बढ़ाया है, बल्कि संघर्ष कर रहे युवाओं के लिए नई राह भी दिखाई है। ग्राम पंचायत बलुई निवासी किसान परिवार के होनहार पुत्र अंकुर सिद्धार्थ , पिता अरविन्द कुमार, का चयन प्रतिष्ठित नयाब तहसीलदार के पद पर हुआ है। अंकुर की इस ऐतिहासिक सफलता की खबर मिलते ही गांव, क्षेत्र और जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई। बधाई देने वालों का उनके घर पर तांता लग गया। अध्यापक हरीशचंद्र लेखपाल श्रीनिवासन,राजू यादव, श्याम सुंदर , अभिनव,कमल अधिवक्ता महेंद्र तिवारी विधायक पलटू राम सहित दर्जनों ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया है।

**साधारण पृष्ठभूमि, असाधारण उपलब्धि**

अंकुर सिद्धार्थ एक साधारण किसान परिवार से आते हैं, जहां संसाधनों की कमी हमेशा चुनौती बनी रही। बावजूद इसके उन्होंने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। सीमित सुविधाओं और ग्रामीण परिवेश में रहकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन के दम पर किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।

**गांव से शुरू हुई सफलता की यात्रा**

अंकुर सिद्धार्थ की प्रारम्भिक शिक्षा कक्षा 1 से 5 तक किसान आदर्श बाल विद्या मंदिर रमई डीह से हुई, जहां से उन्होंने अपनी नींव मजबूत की। इसके बाद उन्होंने कक्षा 6 से कक्षा 12 तक नवोदय विद्यालय बलरामपुर से उत्तीर्ण की। बाद उन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से आई, आई,टी बीटेक की डिग्री हासिल की। शिक्षा के हर पड़ाव पर उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ते रहे।

**संघर्ष, मेहनत और संकल्प की मिसाल**

अंकुर की सफलता के पीछे वर्षों की कठिन मेहनत, अनुशासन और मजबूत संकल्प है। ग्रामीण परिवेश में पढ़ाई के दौरान कई चुनौतियां सामने आई, लेकिन उन्होंने हर मुश्किल को अवसर में बदलते हुए अपने सपनों को साकार किया।

**युवाओं के लिए प्रेरणा**

अंकुर सिद्धार्थ की यह उपलब्धि आज क्षेत्र के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी है। खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों के छात्र-छात्राओं के लिए यह संदेश है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता अवश्य मिलती है।

**गांव में जश्न का माहौल**

अकुर के चयन की खबर मिलते ही उनके गांव बलुई सहित पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल है। लोगों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया और अंकुर सिद्धार्थ के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों का कहना है कि अंकुर ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी शहर या संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि सही दिशा और मेहनत से हर सपना साकार किया जा सकता है।

# विधायक सुरेश पासी ने प्रधानों को कराया विधानसभा भ्रमण

### ● लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कराया अवगत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जगदीशपुर, अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत मंडल हलियापुर, बाजार शुकुल एवं ढाई न्याय पंचायत के समस्त ग्राम प्रधानों को विधायक सुरेश पासी द्वारा उत्तर प्रदेश विधानसभा परिसर का शैक्षिक एवं प्रेरणादायी भ्रमण कराया गया। इस दौरान सभी प्रधानों ने प्रदेश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा और शासन-प्रशासन की व्यवस्थाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रधानों को विधानसभा की कार्यवाही, कानून निर्माण की प्रक्रिया, प्रश्नकाल, शून्यकाल एवं विभिन्न समितियों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि किस प्रकार जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं को सदन में उठाकर उनके समाधान की दिशा में कार्य करते हैं। इस अनुभव ने सभी प्रधानों को लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति और अधिक जागरूक एवं जिम्मेदार बनाया।

विधायक सुरेश पासी ने इस अवसर पर कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में ग्राम प्रधानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वे सीधे तौर पर ग्रामीण जनता से जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधि लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली को गहराई से समझते हैं, तब वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकते हैं। उन्होंने सभी प्रधानों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने गांवों में पारदर्शिता, ईमानदारी और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करें।प्रधानों ने भी इस भ्रमण को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा का यह दौरा उनके लिए एक नई सीख और अनुभव लेकर आया है, जिससे वे अपने कर्तव्यों को और बेहतर ढंग से निभा सकेंगे।कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों में उत्साह एवं गर्व का भाव देखने को मिला। लोकतांत्रिक मूल्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए विधायक ने कहा कि गांव-गांव में जागरूकता फैलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रधानों ने लोकतंत्र की मजबूती एवं विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। यह भ्रमण न केवल एक शैक्षिक यात्रा रहा, बल्कि जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना, जिससे वे अपने क्षेत्र के समग्र विकास में और अधिक योगदान देने के लिए प्रेरित हुए। विधायक द्वारा सभी प्रधानों को विधानसभा की मेश में भोजन भी कराया गया, तथा प्रधानों को सम्मान पूर्वक ले जाने के लिए वाहन भी उपलब्ध कराया गया था।

# सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- नगर में बालिकाओं की शिक्षा हेतु अग्रणी शिक्षण संस्था नाथूराम पुरोहित बालिका इंटर कॉलेज में पदस्थ सहायक अध्यापिका मधु सिंह के 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो जाने पर विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

प्रधानाचार्या वंदना देवी की अध्यक्षता में संजोए गए विदाई कार्यक्रम में प्रधानाचार्या सहित स्टॉफ सदस्यों ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए। अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या नीलेश सिंह, प्रेमा मिश्रा, गीता श्रीवास्तव एवं मालती देवी ने कहा कि मधु सिंह अपने दायित्व और कर्तव्य के प्रति हमेशा निष्ठावान रहीं। उन्होंने दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उधर, भावुक मधु सिंह ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सेवाकाल के दौरान स्टॉफ सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ जिसे वह हमेशा सहेज कर रखेंगी। संचालन अध्यापिका पारुल गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रवक्ता विनीता सीरौठिया, मरियम बेगम, शीला श्रीवास्तव, राममूर्ति गोस्वामी, आसमा बेगम, पुनीता शर्मा, कुसुम यादव, संजू यादव, अनुराधा मिश्रा, डॉ वंदना, सुरेश गुप्ता, जगदीश प्रसाद, कमलेश अग्रवाल, रामसिंह, रामगोपाल सहित संगीता, रेखा शर्मा, प्रवीणा, अंजू उदल, मनीषा, पूजा पटेल, कविता पाटकार, योग्यता भारद्वाज, मुनीश चतुर्वेदी, देवेंद्र कुमार, वसीम सिद्दीकी, नीरज कुमार, रेखा राठौर, संजीव कुमार, सादाब खान, पंकज कुमार, विजय पाल आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मेधावी छात्रों का सम्मान, उल्लासपूर्ण माहौल में परिणाम वितरण




**बिसवां/सीतापुर** ब्लॉक सकरन के प्राथमिक विद्यालय मनिकोड़ा में सत्र परीक्षाफल, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 5 तक के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कक्षा 1 में आनंद राज प्रथम, तनु द्वितीय व दामिनी तृतीय रहीं। कक्षा 2 में कुलदीप, करन व सुभान क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 3 में अल्फिशा, सरस्वती व रोमा, कक्षा 4 में आलोक, अमन व रौनक तथा कक्षा 5 में आनंद राज, अर्पित राज व लाजवंती ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष माधुरी देवी सहित शिक्षक धीरेंद्र कुमार पटेल कमलेश कुमार, पप्पू सिंह, बृजेश त्रिपाठी व कफील अहमद उपस्थित रहे।

### पीआरडी जवान के खाते से निकले 33.5 हजार

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे विजई मजरे मेरुई गांव निवासी पीआरडी जवान के दो खातों से 33 हजार पांच सौ रुपए निकल गए। मोबाइल पर रुपए निकल जाने के संदेश मिलने पर उसे अपने साथ हुई घटना का पता चला। पीड़ित जवान संतोष कुमार ने बताया कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा का खाता धारक है। रविवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे से दो के बीच उसके खाते से तीन बार में 32 हजार रुपये निकल गए। इसी बीच केनरा बैंक शाखा के खाते से डेढ़ हजार रुपये निकल गए। बताया कि आधे घंटे के भीतर दोनों खातों से कुल 33 हजार 500 रुपये निकल गए। उसने पुलिस के अलावा डायल 1930 पर घटना की शिकायत की है। साइबर सेल में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

### दवा लेने गई किशोरी लापता,काफी खोजबीन नहीं मिली

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली किशोरी रविवार की दोपहर को दवा लेने निकली थी। इसके बाद वह कहीं लापता हो गई। लापता किशोरी की बहन की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि वह दोपहर 3 बजे घर से दवा लेने के बरस चौराहे गई थी। इसके बाद वह कहीं गायब हो गई। काफी खोजबीन की गई, लेकिन वह ढूंढे नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### आलमपुर-रणगाँव मार्ग बनेगा सीसी रोड, 57.5 लाख से सुधरेगी तस्वीर

**जर्जर सड़क से मिलेगी राहत, तहसील जाने में अब नहीं होगी परेशानी**

**लालगंज (रायबरेली)।** विकासखंड क्षेत्र में आलमपुर से रणगाँव को जोड़ने वाला जर्जर मार्ग अब जल्द ही सीसी रोड में तब्दील किया जाएगा। इसके निर्माण पर करीब 57.5 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। यह सड़क लंबे समय से खस्ताहाल थी, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नगर के अस्पताल मोड़ से तहसील तक जाने वाले इस मार्ग का करीब आधा किलोमीटर से अधिक हिस्सा बेहद खराब हो चुका था, जिससे आवागमन बाधित रहता था। स्थानीय लोगों ने कई बार इस समस्या को लेकर शिकायत की थी। इस मुद्दे को करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने भी उठाया और प्रभारी मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर मार्ग निर्माण की मांग की थी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग ने अब सड़क निर्माण का निर्णय लिया है। इस मार्ग को सीसी रोड के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे आवागमन सुगम होगा। सड़क बनने के बाद नगर में जाम की समस्या भी कम होने की उम्मीद है। बछरावां रोड की ओर जाने वाले वाहन चालक इस मार्ग का वैकल्पिक रास्ते के रूप में उपयोग कर सकेंगे। सड़क निर्माण की खबर से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। आलमपुर के बीपी सिंह, राजेश फौजी, लालजी यादव, अंशु यादव, आरडी यादव और रणवीर सिसोदिया समेत अन्य ग्रामीणों ने इसे राहत भरा कदम बताया। उनका कहना है कि अब तहसील आने-जाने में आसानी होगी और जाम से भी राहत मिलेगी।

## भतोइया ओवरब्रिज अंडरपास पर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक समेत चार लोग घायल






**लखनऊ।** लखनऊ के रहीमाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब भुसा लादकर जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जबकि स्थानीय लोगों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे भतोइया गांव के पास स्थित ओवरब्रिज अंडरपास पर हुई। बताया जा रहा है कि औरास थाना क्षेत्र के मड़िया प्रतापपुर निवासी आशीष अपने साथियों राधे, सूरज और पुष्पेंद्र के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में भुसा लादकर दुबग्गा बेचने के लिए जा रहे थे। सभी लोग सामान्य रूप से अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन ओवरब्रिज अंडरपास के पास पहुंचते ही अचानक ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रॉली के पलटते ही उसमें सवार चारों लोग उसके नीचे दब गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया। आसपास के ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए बिना समय गंवाए घायलों को ट्रॉली के नीचे से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। ग्रामीणों की इस तत्परता के कारण घायलों की जान बचाई जा सकी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे के समय सड़क पर अन्य कोई वाहन मौजूद नहीं था, जिससे एक और बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना के कारण कुछ समय के लिए मार्ग बाधित हो गया और यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर रहीमाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मार्ग को साफ कराया और यातायात को फिर से सामान्य कराया।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में भुसा अधिक मात्रा में लदा होने और वाहन के संतुलन बिगड़ने के कारण यह हादसा हुआ। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह भी देखा जा रहा है कि वाहन की गति और तकनीकी स्थिति क्या थी। यह हादसा एक बार फिर यह दर्शाता है कि ओवरलोडिंग और वाहन नियंत्रण में लापरवाही कितनी खतरनाक साबित हो सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह हुआ संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बिसवां/सीतापुर** कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिसवां, सीतापुर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं एवं उनके अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया, जिसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी ने सभी छात्राओं को उनके परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए संबोधित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षाफल केवल अंक का मूल्यांकन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के पूरे वर्ष के परिश्रम, लगन और अनुशासन का प्रतिबिंब होता है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्रपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही जीवन को सही दिशा देने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने छात्राओं को न केवल शैक्षिक बल्कि नैतिक मूल्यों को भी अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग देने का आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य एकता गुप्ता, विवेक गुप्ता एवं गीता गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिली। साथ ही कक्षा में उत्कृष्ट अनुशासन, नियमित उपस्थिति एवं अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए भी छात्राओं की सराहना की गई। समारोह के अंत में विद्यालय परिसर में हर्ष, उत्साह एवं प्रेरणा का वातावरण व्याप्त रहा। यह आयोजन छात्राओं के लिए न केवल उपलब्धि का क्षण रहा, बल्कि उनके भविष्य के लिए एक नई ऊर्जा और संकल्प का स्रोत भी बना।

## कार्यालय ग्राम पंचायत हरचंदपुर वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक -30/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरचंदपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 20/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**महेंद्र कुमार तिवारी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हरचंदपुर
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

**प्रदीप कुमार**
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत हरचंदपुर
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत भैरमपुर वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक -30/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भैरमपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 07/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 रू7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**सुशीला**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भैरमपुर
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

**विंध्यवासिनी**
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत भैरमपुर
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत सरहरा वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक -30/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरहरा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वां /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 16/04/2026 को दिन के 11:00रूबजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 4:00 PM बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति
तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**शिवराम**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सरहरा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

**रमेश कुमार**
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत सरहरा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत चौहट्टा वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक -30/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चौहट्टा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 20/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति
तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**सुनीता देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चौहट्टा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

**प्रदीप कुमार**
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत चौहट्टा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत खरगूपुर इमिलिया वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक -30/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खरगूपुर इमिलिया में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 15/04/2026 को दिन के अपराह्न 3:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति
तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**महरुन निशा**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खरगूपुर इमिलिया
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

**जयचंद वर्मा**
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत खरगूपुर इमिलिया
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत तेलियानी पाठक वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक -30/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तेलियानी पाठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 16/04/2026 को दिन के 11:00रूबजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराहन 4:00 PM बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति
तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**कमला देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तेलियानी पाठक
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

**रमेश कुमार**
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत तेलियानी पाठक
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

# लंका से लेकर मन तक — हर अंधकार पर विजय के प्रतीक श्री हनुमान जी

**[ पवनपुत्र का दिव्य अवतरण: जहाँ असंभव भी संभव बनता है ]**

**[ रामदूत का जन्मोत्सव: आत्मबल, साहस और अटूट श्रद्धा का महापर्व ]**

चैत्र पूर्णिमा की दिव्य चांदनी जैसे ही धरा पर बिखरती है, चारों ओर 'जय बजरंगबली' का गगनभेदी जयघोष गूंज उठता है। मंदिरों की घंटियां, शंखनाद और भक्ति-स्वर यह अनुभूति कराते हैं कि पवनपुत्र का पावन जन्मोत्सव आ पहुंचा है। हनुमान जन्मोत्सव केवल पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति और निस्वार्थ समर्पण के उस अमर आदर्श का उत्सव है, जिसने युगों से असंख्य लोगों को हर संकट से जूझने की प्रेरणा दी है। कलियुग के भय, अंधकार और अस्थिरता के बीच हनुमान जी का अवतरण यह विश्वास जगाता है कि सच्ची श्रद्धा, राम-नाम और अडिग साहस से कोई भी असंभव कार्य संभव हो सकता है। यही कारण है कि इस दिन भक्त उनके चरणों में शीश नवाकर अपने जीवन में शक्ति, निर्भयता और अटूट आस्था का वरदान मांगते हैं।

जब धर्म और शक्ति को नए प्रकाश की आवश्यकता थी, तब चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को माता अंजना और पिता केसरी के घर हनुमान जी का अवतरण हुआ। मान्यता है कि माता अंजना की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने अपने अंश से तेजस्वी पुत्र का वरदान दिया। उसी समय पवन देव ने अपना दिव्य तेज अंजना के गर्भ में स्थापित किया, इसलिए वे 'पवनपुत्र' कहलाए। बाल्यकाल में उनकी अलौकिक शक्ति तब प्रकट हुई, जब उन्होंने सूर्य को लाल फल समझकर निगल लिया। तीनों लोकों में हाहाकार मच गया और इंद्र के वज्र प्रहार से उनका जबड़ा घायल हो गया। तभी से वे 'हनुमान' कहलाए। यह कथा केवल चमत्कार नहीं, बल्कि इस सत्य का प्रमाण है कि तप, ईश्वर-कृपा और समर्पण साधारण जीवन को असाधारण बना देते हैं।

रामायण में हनुमान जी का व्यक्तित्व जितना विराट है, उतना ही प्रेरक भी। जब माता सीता की खोज असंभव लग रही थी, तब उन्होंने समुद्र लांघकर लंका पहुंचने का अद्वितीय साहस दिखाया। अशोक वाटिका में प्रभु राम का संदेश देकर उन्होंने निराशा में आशा जगा दी। रावण की सभा में वे निर्भीक होकर धर्म के पक्ष में खड़े रहे और अत्याचार बढ़ने पर लंका को अग्नि में जला दिया। लक्ष्मण के मूर्छित होने पर वे हिमालय पहुंचे और संजीवनी न पहचान पाने पर पूरा पर्वत उठा लाए। उनके हर पराक्रम में बल के साथ बुद्धि, निष्ठा, साहस और रामभक्ति की अमिट छाप दिखाई देती है। वे सिद्ध करते हैं कि सच्चा भक्त असंभव को भी संभव बना देता है।

जहाँ अपार शक्ति अक्सर अहंकार को जन्म देती है, वहीं हनुमान जी उसका सबसे उज्ज्वल अपवाद हैं। वे केवल बल के प्रतीक नहीं, बल्कि विनम्रता, संयम और सेवा के सर्वोच्च आदर्श भी हैं। लंका दहन जैसे महान पराक्रम के बाद भी उन्हें अपने सामर्थ्य का कभी अभिमान नहीं हुआ। उन्होंने स्वयं को सदैव 'राम का दास' माना। आज का युग सफलता और शक्ति को ही सबसे बड़ा मानता है, पर हनुमान जी सिखाते हैं कि भक्ति, अनुशासन और विनम्रता के बिना हर सामर्थ्य अधूरा है। वे बताते हैं कि अहंकार पतन की ओर ले जाता है, जबकि सेवा और समर्पण मनुष्य को महान बनाते हैं। इसी कारण हनुमान जी केवल देवता नहीं, बल्कि जीवन की ऐसी प्रेरणा हैं, जो युवाओं को साहस, विद्यार्थियों को एकाग्रता और समाज को सच्चे चरित्र का मार्ग दिखाती है।

जब जीवन संकट, भय, निराशा और असफलता से घिर जाता है, तब हनुमान जी की भक्ति भीतर नई शक्ति जगा देती है। हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और सुंदरकांड केवल पाठ नहीं, आत्मबल जगाने वाले दिव्य मंत्र हैं। 'संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा' केवल चौपाई नहीं, करोड़ों भक्तों का अनुभव है। मान्यता है कि इनके पाठ से भय, ग्रह-पीड़ा और नकारात्मकता दूर होती है। हनुमान जी का स्मरण मन को स्थिर, विचारों को सकारात्मक और कठिन समय में आत्मविश्वास से भर देता है। इसी कारण कलियुग में उन्हें शीघ्र कृपा करने वाले और संकट हरने वाले देवता माना गया है। उनके नाम का स्मरण मात्र ही हृदय में साहस और अटूट विश्वास जगा देता है।

हनुमान जन्मोत्सव का आगमन होते ही पूरा भारत भक्ति और उल्लास में डूब जाता है। मंदिरों में विशेष पूजा, हवन, सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन की गूंज फैल जाती है। अयोध्या, वाराणसी, दिल्ली और मेहंदीपुर बालाजी मंदिर जैसे तीर्थों में लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़ते हैं। भक्त व्रत रखते हैं, सिंदूर चढ़ाते हैं और लड्डू-बूरा का भोग अर्पित करते हैं। अनेक स्थानों पर भव्य शोभायात्राएं निकलती हैं, जिनमें हनुमान जी की विशाल प्रतिमाएं, गदा और राम-नाम की पताकाएं वातावरण को दिव्य बना देती हैं। युवा 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के जयघोष के साथ उत्साह से शामिल होते हैं। यह पर्व केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक आस्था का विराट रूप बन जाता है।

आज के अशांत और प्रतिस्पर्धी समय में हनुमान जी की शिक्षाएं पहले से अधिक आवश्यक हो गई हैं। भागदौड़, तनाव और असफलताओं के बीच मनुष्य स्वयं को कमजोर और अकेला महसूस करता है। ऐसे में हनुमान जी धैर्य, साहस और विश्वास का मार्ग दिखाते हैं। वे सिखाते हैं कि कठिनाइयों से डरना नहीं, उनका सामना करना ही सच्चा पराक्रम है। विद्यार्थी उनसे एकाग्रता और परिश्रम सीखते हैं, युवा आत्मविश्वास और नैतिक बल पाते हैं, जबकि समाज उनसे निष्ठा और कर्तव्य का पाठ लेता है। हनुमान जन्मोत्सव के सत्संग और प्रवचन यह समझाते हैं कि जीवन की सबसे बड़ी विजय दूसरों पर नहीं, बल्कि अपने भीतर के भय, क्रोध, लोभ और अहंकार पर होती है।

जब मनुष्य अपने भीतर की शक्ति को पहचान लेता है, तभी जीवन का सच्चा अर्थ प्रकट होता है। हनुमान जन्मोत्सव यही संदेश देता है कि वास्तविक बल शरीर में नहीं, आत्मा में होता है। यह पर्व केवल हनुमान जी के जन्म का उत्सव नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा और धर्म के अमर आदर्श का स्मरण है। 'मंगल मूरति मारुति नंदन' का जाप करते ही मन में राम-प्रेम, साहस और विश्वास जाग उठता है। इस पावन अवसर पर भय, नकारात्मकता और अहंकार को त्यागकर सेवा और समर्पण अपनाएं। संकटमोचन के चरणों में श्रद्धा अर्पित करें, क्योंकि जब तक 'जय श्री राम' की ध्वनि गूंजेगी, तब तक 'जय बजरंगबली' का प्रकाश भी अमर रहेगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# संपादकीय

## सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर सख्ती: जवाबदेही की नई राह

**देश में बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करना आज सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। इसी दिशा में भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा हाल ही में लिया गया सख्त निर्णय अत्यंत सराहनीय और दूरगामी प्रभाव वाला है। नई नीति के तहत यदि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग में 50 मीटर से अधिक हिस्से में सड़क धंसती है, पुलिया में दरारें आती हैं अथवा निर्माण में तकनीकी खामियां पाई जाती हैं, तो संबंधित निर्माण कंपनी और ठेकेदार को न केवल भारी जुर्माने का सामना करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब देशभर में सड़क निर्माण कार्य अभूतपूर्व गति से चल रहा है। सड़क परिवहन मंत्रालय जब से नितिन गडकरी के नेतृत्व में आया है, तब से बीते डेढ़ दशक में इस क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिले हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों का व्यापक विस्तार हुआ है और आज देश का लगभग हर जिला नेशनल हाईवे नेटवर्क से जुड़ चुका है। यह न केवल विकास की रफ्तार को बढ़ाता है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा प्रदान करता है।**

**हालांकि, तेज गति से हो रहे निर्माण कार्यों के बीच गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवाल चिंता का विषय रहे हैं। कई स्थानों पर नई बनी सड़कों में दरारें, धंसाव और खराब निर्माण की शिकायतें सामने आई हैं। इसी पृष्ठभूमि में मंत्रालय द्वारा आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में सड़कों की गुणवत्ता और रखरखाव को लेकर नई गाइडलाइन तैयार की गई है, जो निर्माण एजेंसियों की जवाबदेही तय करने की दिशा में एक ठोस पहल है। नितिन गडकरी की कार्यशैली शुरू से ही पारदर्शिता, समयबद्धता और परिणामोन्मुखी रही है। यही कारण है कि सड़क निर्माण के क्षेत्र में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अब गुणवत्ता पर यह सख्ती इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो सुनिश्चित करेगा कि विकास केवल दिखावे तक सीमित न रहकर टिकाऊ और सुरक्षित भी हो।**

**केवल केंद्र सरकार ही नहीं, बल्कि राज्य सरकारों और जिला प्रशासन को भी इस नीति से प्रेरणा लेते हुए अपने-अपने स्तर पर सड़कों के निर्माण और रखरखाव में सख्त और पारदर्शी रवैया अपनाना चाहिए। यदि ईमानदारी से मानकों का पालन किया जाए, तो ग्रामीण सड़कों से लेकर राष्ट्रीय राजमार्गों तक गड्ढों और दरारों की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है। स्पष्ट है कि अब समय आ गया है जब 'तेज विकास' के साथ 'उच्च गुणवत्ता' को भी समान प्राथमिकता दी जाए। सख्त नियमों का ईमानदारी से पालन ही सड़कों की दशा और दिशा दोनों को बदल सकता है।**

**अरविंद रावल**

# डोनाल्ड ट्रंप अपनी नीतियों से ही घिरे, अमेरिकी संसद और इजरायल ट्रंप के नियंत्रण से बाहर

**ईरान को लेकर बढ़ते युद्धपरक माहौल में डोनाल्ड ट्रंप आक्रामक नीतियाँ स्वयं अमेरिका के भीतर गहरे राजनीतिक और सामाजिक विरोध को जन्म दे रही हैं। जहा अमेरिकी संसद के अनेक सांसद इस आशंका को लेकर मुखर हैं कि एक और बड़े युद्ध में उलझना न केवल आर्थिक रूप से भारी पड़ेगा बल्कि अमेरिका को दीर्घकालिक सैन्य दलदल में धकेल सकता है, वहीं अमेरिकी जनता के इराक और अफगानिस्तान के अनुभवों से सीख लेते हुए नए संघर्ष के प्रति उत्साहित नहीं है बल्कि सशंकित और विरोधी रुख में दिखाई दे रही है अमेरिका की लगभग 90 लाख जनता इसके विरोध में अलग-अलग शहरों में ट्रंप की नीतियों का खुलकर विरोध कर रही है। परिणाम स्वरूप ट्रंप का आत्मविश्वास अब धीरे-धीरे डगमगाने लगा है और ट्रंप अपने बौद्धिक तथा युद्ध की नीतियों को लागू करने में घबराने लगे हैं।**

**घरेलू स्तर पर बढ़ती महंगाई, ऊर्जा संकट और राजनीतिक ध्रुवीकरण के बीच युद्ध की संभावनाएं ट्रंप प्रशासन को अपेक्षाकृत अलग-थलग करती नजर आ रही हैं दूसरी ओर मध्य पूर्व में इजरायल डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के नियंत्रण से बाहर हो गया है इजरायल की स्थिति भी बहुस्तरीय दबावों से घिरी हुई है जहां बेंजामिन नेतनयाहू की सरकार को एक तरफ सुरक्षा बनाए रखने की चुनौती है तो दूसरी तरफ लगातार सैन्य अभियानों के कारण सैनिकों की थकान, रिजर्व बलों पर बढ़ती निर्भरता और युद्ध की लंबी अवधि से उपजा मानसिक तनाव एक गंभीर चिंता बन चुका है। कई विश्लेषण यह संकेत देते हैं कि निरंतर युद्ध जैसी परिस्थितियों ने इजराइली सैनिकों की मनोबल और कार्यक्षमता दोनों को प्रभावित किया है जिससे भविष्य के अभियानों की गति और प्रभावशीलता पर असर पड़ सकता है। वहीं ईरान अपनी रणनीति के तहत प्रत्यक्ष टकराव से बचते हुए क्षेत्रीय सहयोगियों, प्रॉक्सी समूहों और सामरिक दबाव के माध्यम से संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। ईरान को अब हुति समूह का प्रत्यक्ष लाभ मिलना भी शुरू हो गया यह समूह लगातार इसराइल पर अलग-अलग तरीके से हमले करने लगा है। जिससे संघर्ष एक बहु-स्तरीय और अप्रत्यक्ष युद्ध का रूप लेता जा रहा है। यह स्थिति खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक तेल आपूर्ति और समुद्री व्यापार मार्गों के लिए भी खतरा उत्पन्न कर रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य वैश्विक संस्थाएँ शांति की अपील तो कर रही हैं लेकिन उनका प्रभाव सीमित होता जा रहा है जिससे कूटनीतिक प्रयास अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रहे हैं। इस पूरे परिदृश्य में अमेरिका का आंतरिक विरोध, इजराइल की सैन्य थकान, ईरान की रणनीतिक सक्रियता और वैश्विक शक्तियों की संतुलनकारी भूमिका मिलकर एक ऐसे जटिल भू-राजनीतिक संकट को जन्म दे रही हैं जहाँ किसी भी छोटी घटना से व्यापक युद्ध भड़कने की आशंका बनी हुई है। यदि यह टकराव नियंत्रित नहीं हुआ तो यह केवल क्षेत्रीय संघर्ष तक सीमित न रहकर वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, ऊर्जा संकट और सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक पुनर्संतुलन का कारण बन सकता है और यदि युद्ध परमाणु युद्ध में बदल जाता है तो वैश्विक स्थिति और भी गंभीर हो जाएगी उसके परिणाम स्वरूप पूरी दुनिया में मानवता के लिए एक बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। आगामी युद्ध यदि परमाणु युद्ध में परिणत होता है तो यह युद्ध पिछले दो विश्व युद्ध और परमाणु युद्ध से ज्यादा भयानक होगा इसमें पूरे विश्व को नई मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है एवं पूरे विश्व में हाहाकार होने की संभावना बलवती हो गई है।**

**संजीव ठाकुर**

# नक्सलवाद के अंत की ओर बढ़ता भारत सुरक्षा विकास और विश्वास की नई विजयगाथा

भारत ने लंबे समय तक जिस आंतरिक चुनौती का सामना किया वह नक्सलवाद के रूप में देश के अनेक हिस्सों में फैली रही। यह समस्या केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं थी बल्कि इसने सामाजिक आर्थिक और मानवीय जीवन को भी गहराई से प्रभावित किया। दशकों तक आदिवासी क्षेत्रों में भय असुरक्षा और पिछड़ापन बना रहा। गांवों में विकास की रफ्तार थम गई और लोगों का भरोसा व्यवस्था से डगमगाने लगा। आज जब देश नक्सलवाद के अंत की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है तब यह आवश्यक हो जाता है कि इस परिवर्तन के पीछे की नीति संकल्प और प्रयासों को समझा जाए।

गृह मंत्रालय के नेतृत्व में बीते वर्षों में जो रणनीति अपनाई गई वह बहुआयामी रही। केवल सुरक्षा बलों की तैनाती तक सीमित न रहकर सरकार ने विकास और विश्वास दोनों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया। यही कारण है कि जिन क्षेत्रों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी वहां आज स्कूल खुल रहे हैं सड़कें बन रही हैं और जीवन सामान्य हो रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं आया बल्कि इसके पीछे वर्षों की योजनाबद्ध मेहनत और स्पष्ट नीति रही है। नक्सलवाद की जड़ें अक्सर गरीबी और पिछड़ेपन से जोड़कर देखी जाती रही हैं। लेकिन वास्तविकता इससे अधिक जटिल रही है। कई ऐसे क्षेत्र भी थे जहां आर्थिक स्थिति कमजोर थी फिर भी वहां नक्सलवाद नहीं पनपा। इसका अर्थ यह है कि नक्सलवाद केवल आर्थिक समस्या नहीं बल्कि एक वैचारिक और रणनीतिक चुनौती भी था। वामपंथी उग्रवाद ने आदिवासी समाज को अपने प्रभाव में लेकर उन्हें मुख्यधारा से दूर करने का प्रयास किया। स्कूलों को जलाना विकास कार्यों को रोकना और भय का वातावरण बनाना इस रणनीति का हिस्सा रहा।

गृह मंत्रालय ने इस सच्चाई को समझते हुए अपनी नीति तैयार की। सुरक्षा बलों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया। खुफिया तंत्र को मजबूत बनाया गया और स्थानीय पुलिस को सशक्त किया गया। इसके साथ ही आत्मसमर्पण की नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया गया जिससे बड़ी संख्या में नक्सली मुख्यधारा में लौटे। यह केवल सैन्य सफलता नहीं बल्कि सामाजिक पुनर्वास का भी उदाहरण है।

बस्तर जैसे क्षेत्रों में जो परिवर्तन देखने को मिला वह इस नीति की सफलता का प्रमाण है। जहां कभी प्रशासन की पहुंच सीमित थी वहां आज सरकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं। राशन की दुकानों से लेकर स्वास्थ्य केंद्र तक लोगों को सुविधाएं मिल रही हैं। आधार और राशन कार्ड के माध्यम से लाभ सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। इससे लोगों का विश्वास बढ़ा है और वे हिंसा से दूर होकर विकास की राह पर चलने लगे हैं।

इसके विपरीत यदि पिछले दशकों की स्थिति पर नजर डालें तो स्पष्ट होता है कि लंबे समय तक इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया। पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना रहा। सड़कें नहीं बनीं स्कूल नहीं खुले और स्वास्थ्य सेवाएं नहीं पहुंचीं। इस शून्य का लाभ उठाकर उग्रवादी संगठनों ने अपनी पकड़ मजबूत की। लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि व्यवस्था उनके खिलाफ है और हथियार उठाना ही एकमात्र रास्ता है।

यह भी देखा गया कि उस समय नक्सलवाद के खिलाफ स्पष्ट और कठोर नीति का अभाव था। कई बार राजनीतिक इच्छाशक्ति कमजोर दिखाई दी और समस्या को टालने का प्रयास किया गया। इससे नक्सलवाद का विस्तार हुआ और वह कई राज्यों तक फैल गया। देश के एक बड़े भूभाग में इसका प्रभाव देखा गया जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न हुआ।

वर्तमान समय में स्थिति बदल चुकी है। गृह मंत्रालय ने स्पष्ट संदेश दिया है कि हिंसा का रास्ता अपनाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि जो लोग भटक गए हैं उन्हें वापस लाने का अवसर मिले। इस संतुलित दृष्टिकोण ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और हिंसा की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब आदिवासी समाज स्वयं इस बदलाव का भागीदार बन रहा है। वे समझ चुके हैं कि विकास और शांति ही उनके भविष्य का आधार है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के कार्यक्रमों ने उन्हें नई दिशा दी है। युवा पीढ़ी अब हथियार नहीं बल्कि शिक्षा और रोजगार को अपना लक्ष्य बना रही है।

नक्सलवाद के अंत की यह यात्रा केवल सरकार की उपलब्धि नहीं बल्कि पूरे समाज की जीत है। इसमें सुरक्षा बलों का साहस प्रशासन की प्रतिबद्धता और आम नागरिकों का सहयोग सभी शामिल हैं। यह उदाहरण दर्शाता है कि यदि सही नीति और दृढ़ संकल्प के साथ कार्य किया जाए तो सबसे जटिल समस्याओं का समाधान भी संभव है। आज जब देश इस चुनौती से लगभग मुक्त होने की ओर बढ़ रहा है तब यह आवश्यक है कि इस उपलब्धि को बनाए रखा जाए। विकास की गति को निरंतर बनाए रखना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी क्षेत्र फिर से पिछड़ापन और असुरक्षा का शिकार न बने। यही सच्चे अर्थों में नक्सलवाद के अंत की स्थायी गारंटी होगी। अंततः यह कहा जा सकता है कि भारत ने एक लंबी और कठिन लड़ाई में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। गृह मंत्रालय के नेतृत्व में अपनाई गई रणनीति ने यह सिद्ध कर दिया है कि सुरक्षा और विकास साथ साथ चल सकते हैं। यह केवल एक समस्या का समाधान नहीं बल्कि नए भारत की दिशा का संकेत है जहां हर नागरिक को समान अवसर और सुरक्षित जीवन का अधिकार प्राप्त है।

**कांतिलाल मांडोत**

# क्या वाकई इंटरनेट को युद्ध से खतरा है ?

आज के डिजिटल युग में जब हम अपने स्मार्टफोन की स्क्रीन पर एक स्पर्श करते हैं और दुनिया के किसी भी कोने की जानकारी क्षण भर में हमारे सामने आ जाती है, तो हमारे मन में यह धारणा प्रबल होने लगती है कि इंटरनेट एक अदृश्य और वायरलेस शक्ति है जो हवा या बादलों के माध्यम से तैर रही है। 'क्लाउड' शब्द के बढ़ते प्रयोग ने इस भ्रम को और गहरा कर दिया है, जिससे हमें लगता है कि हमारा डेटा कहीं अंतरिक्ष में सुरक्षित तरीके से तैर रहा है। लेकिन जब भू-राजनीतिक तनाव बढ़ते हैं और युद्ध की बातें सामने आती हैं, तो एक सवाल बार-बार उठता है कि क्या वाकई इस अदृश्य और व्यापक नेटवर्क को युद्ध से खतरा है? इसका सीधा और स्पष्ट उत्तर है- हाँ, इंटरनेट को युद्ध से सबसे अधिक और संगीन खतरा है, और यह खतरा किसी काल्पनिक साइबर फिल्म से कहीं अधिक वास्तविक और भयावह है।

वास्तविकता इस आभासी धारणा के बिल्कुल विपरीत और आश्चर्यजनक रूप से भौतिक है। हमारी संपूर्ण वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था, संचार तंत्र और यहां तक कि हमारी सामाजिक और सैन्य सुरक्षा भी समुद्र की अगाध गहराइयों में बिछे उन फाइबर ऑप्टिक केबल्स के एक जटिल जाल पर टिकी है, जिन्हें 'अंडर-सी केबल्स' कहा जाता है। दुनिया भर में फैले लगभग पांच सौ से अधिक ऐसे केबल्स का नेटवर्क ही वह अदृश्य जीवन रेखा है जो महाद्वीपों को एक दूसरे से जोड़ती है और वैश्विक इंटरनेट डेटा ट्रैफिक के नब्बे प्रतिशत से अधिक हिस्से का वहन करती है। आम धारणा के विपरीत, उपग्रह वैश्विक डेटा का केवल एक से तीन प्रतिशत हिस्सा ही संभाल पाते हैं, क्योंकि वे धीमी गति और अधिक लेटेंसी के साथ काम करते हैं। फाइबर ऑप्टिक केबल्स प्रकाश की गति से डेटा स्थानांतरित करती हैं, जो उन्हें आधुनिक सभ्यता के लिए अपरिहार्य बनाती हैं। लेकिन यही तकनीकी उपलब्धि आज एक बहुत बड़ी रणनीतिक चुनौती और कमजोरी बनकर उभरी है।

इन केबल्स की महत्ता और उनके द्वारा नियंत्रित होने वाले डेटा की मात्रा का विश्लेषण करें, तो हम पाएंगे कि आधुनिक सभ्यता का कोई भी कोना इनसे अछूता नहीं है। बैंकों के लेन-देन से लेकर शेयर बाजार की हलचल तक, और रक्षा प्रणालियों के गुप्त संचार से लेकर आम नागरिकों के वीडियो कॉल तक, सब कुछ इन्हीं गहरे समुद्री मार्गों से होकर गुजरता है। एशिया, यूरोप और अमेरिका जैसे बड़े महाद्वीपों के बीच होने वाला व्यापार और कूटनीतिक विनिमय पूरी तरह से इन केबल्स की अखंडता पर निर्भर है। जब कोई युद्ध छिड़ता है, तो सबसे पहले शत्रु देश की अर्थव्यवस्था और संचार तंत्र को चकनाचूर करने की कोशिश की जाती है। इसी निर्भरता ने एक ऐसा 'एकल बिंदु विफलता' उत्पन्न कर दिया है, जिसे नष्ट करना किसी भी शत्रु देश के लिए पूरी दुनिया को घुटनों पर लाने का सबसे आसान और सस्ता तरीका हो सकता है।

वर्तमान में जिस तरह से वैश्विक तनाव बढ़ रहा है, उसने इन केबल्स की सुरक्षा पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि समुद्र के तल पर भी लड़े जाएंगे। इन केबल्स को नुकसान पहुंचाना आज किसी भी आधुनिक सेना के लिए 'हाइब्रिड वॉरफेयर' का एक प्रमुख हिस्सा बन चुका है। कल्पना कीजिए कि यदि किसी संघर्ष के दौरान इन केबल्स को सुनियोजित तरीके से समुद्री बम या माइन ब्लास्ट के जरिए उड़ा दिया जाए या विशेष पनडुब्बियों के माध्यम से काट दिया जाए, तो परिणाम कितने विनाशकारी होंगे। इंटरनेट के बंद होने का मतलब केवल सोशल मीडिया का रुकना नहीं है, बल्कि इसका सीधा अर्थ है कि वैश्विक बैंकिंग प्रणाली ठप हो जाएगी, जिससे खरबों डॉलर का नुकसान मिनटों में हो सकता है। एटीएम काम करना बंद कर देंगे, क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन रुक जाएंगे और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए किए जाने वाले संचार के सभी माध्यम मृत हो जाएंगे। इससे भी भयावह यह है कि किसी देश की सैन्य और सुरक्षा एजेंसियां, जो गुप्त सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए इन सुरक्षित नेटवर्कों का उपयोग करती हैं, वे एक पल में अंधी और बहरी हो सकती हैं। यह स्थिति न केवल आर्थिक अराजकता पैदा करेगी, बल्कि किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता को गंभीर खतरे में डाल देगी।

इस खतरे की गंभीरता को समझने के लिए हमें इतिहास और हालिया घटनाओं की ओर देखना होगा। वर्ष 2024 में लाल सागर में हुई घटना ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया था। वहां समुद्र के नीचे बिछी चार प्रमुख केबल्स को नुकसान पहुंचा, जिसका सीधा असर वैश्विक इंटरनेट कनेक्टिविटी और स्पीड पर पड़ा। उस समय इंटरनेट सेवाओं को पूरी तरह सामान्य करने में लगभग अस्सी दिन का समय लगा। यह घटना इस बात का जीवंत प्रमाण है कि समुद्र के नीचे स्थित ये ढांचे कितने असुरक्षित हैं। भले ही ये केबल्स स्टील की परतों और प्लास्टिक के आवरण से सुरक्षित की जाती हैं, लेकिन समुद्र की विशालता और वहां तक पहुंचने की मानवीय सीमाओं के कारण इनकी निगरानी करना लगभग असंभव है। केवल मानवीय हमले ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक आपदाएं जैसे समुद्री भूकंप, सुनामी या जहाज के लंगर के टकराने से भी ये केबल्स अक्सर क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। लेकिन जब कोई क्षति युद्ध के दौरान जानबूझकर, किसी रणनीतिक लाभ के लिए पहुंचाई जाती है, तो वह पूरे विश्व के लिए एक सुरक्षा संकट बन जाती है।

अंडर-सी केबल्स की मरम्मत करना अपने आप में एक अत्यंत कठिन, खर्चीला और समय लेने वाला कार्य है। ये केबल्स समुद्र के तल में हजारों मीटर की गहराई पर स्थित होती हैं, जहां दबाव इतना अधिक होता है कि कोई भी सामान्य गोताखोर वहां तक नहीं पहुंच सकता। जब कोई केबल खराब होती है, तो उसे ठीक करने के लिए विशेष केबल-रिपेयर जहाजों की आवश्यकता होती है, जिनकी संख्या दुनिया भर में बहुत सीमित है। इन जहाजों को पहले खराबी के सटीक स्थान का पता लगाना होता है, जो कि मीलों लंबी केबल में सुई खोजने जैसा कठिन कार्य है। एक बार स्थान मिल जाने के बाद, रोबोटिक उपकरणों या विशेष हुक के जरिए केबल को समुद्र की सतह पर लाया जाता है। वहां तकनीशियन फाइबर के उन सूक्ष्म रेशों को जोड़ते हैं, जो बाल से भी पतले होते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में हफ्तों या कभी-कभी महीनों लग जाते हैं। यदि यह क्षेत्र किसी युद्धग्रस्त समुद्री सीमा में आता है, तो मरम्मत का कार्य लगभग नामुमकिन हो जाता है। यही कारण है कि यदि किसी बड़े पैमाने पर ऐसा हमला किसी युद्ध के दौरान हो, तो दुनिया का एक बड़ा हिस्सा लंबे समय के लिए डिजिटल अंधेरे में चला जाएगा।

इस भौतिक नुकसान के साथ-साथ, युद्ध का एक और बहुत खतरनाक पहलू है जो सीधे इंटरनेट को निशाना बनाता है, जिसे हम 'साइबर वॉरफेयर' कहते हैं। आधुनिक युद्धों में साइबर हमले पारंपरिक हथियारों के साथ-साथ उतनी ही ताकत से इस्तेमाल होते हैं। इसमें डीडॉस (ष्ठष्ठशस्) अटैक, मैलवेयर, रैंसमवेयर और डेटा चोरी के जरिए इंटरनेट, नेटवर्क और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को अंदर से तबाह किया जाता है। हाल के वर्षों में रूस-यूक्रेन युद्ध में हजारों साइबर हमले हुए, जिसमें मैलवेयर का इस्तेमाल करके बिजली ग्रिड, बैंकिंग प्रणाली और संचार नेटवर्क को ध्वस्त करने की कोशिश की गई। इसी तरह, मध्य पूर्व और एशिया में हालिया भू-राजनीतिक तनावों के दौरान लाखों साइबर अटैक दर्ज किए गए, जिनका लक्ष्य रेलवे, बैंकिंग और सरकारी साइट्स को ठप करना था। जब किसी देश का इंटरनेट कनेक्टिविटी चार प्रतिशत तक गिर जाता है, तो उसका असर आम नागरिकों से लेकर सेना तक पर पड़ता है। यह एक ऐसा हथियार है जिसे चलाने के लिए किसी सीमा पर सैनिकों को तैनात करने की जरूरत नहीं होती; एक कुशल हैकर कमरे में बैठकर भी किसी देश की अर्थव्यवस्था को पैरालाइज कर सकता है। आजकल 'डेटा संप्रभुता' और 'डिजिटल राष्ट्रवाद' की बातें खूब होती हैं, लेकिन जब तक हमारे डेटा का भौतिक और आभासी मार्ग असुरक्षित है, ये बातें अधूरी ही रहेंगी। दुनिया के अधिकांश अंडर-सी केबल्स का स्वामित्व कुछ बड़ी टेक कंपनियों या फिर अंतरराष्ट्रीय टेलीकॉम कंसोर्टियम के पास है। यह निजी स्वामित्व सुरक्षा की एक और परत को जटिल बना देता है, क्योंकि इन निजी कंपनियों के पास किसी राष्ट्र-राज्य द्वारा समर्थित सैन्य हमले से इन केबल्स की रक्षा करने की क्षमता नहीं है। वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति ऐसी है कि बड़ी शक्तियां अपनी समुद्री क्षमताओं को बढ़ा रही हैं ताकि वे समुद्र के नीचे की गतिविधियों पर नजर रख सकें। ऐसी पनडुब्बियों का विकास किया जा रहा है जो केबल्स से डेटा को चोरी-छिपे टैप कर सकें या उन्हें नुकसान पहुंचा सकें। वैश्विक तनाव बढ़ने के साथ-साथ यह डर भी सच हो रहा है कि कोई भी बड़ी शक्ति इन केबल्स को ब्लैकमेल के हथियार के रूप में उपयोग कर सकती है। यदि कोई देश यह धमकी देता है कि वह किसी विशेष क्षेत्र की इंटरनेट केबल्स को काट देगा, तो वह बिना एक भी गोली चलाए उस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को तबाह कर सकता है।

इस खतरे से निपटने के लिए दुनिया भर में वैकल्पिक रास्तों पर विचार किया जा रहा है। सैटेलाइट इंटरनेट, जैसे कि स्टारलिंक या अन्य प्रोजेक्ट, एक उम्मीद की किरण के रूप में देखे जा रहे हैं। ये उपग्रह सीधे अंतरिक्ष से डेटा प्रदान करते हैं, जिससे समुद्री केबल्स की आवश्यकता कम हो सकती है। लेकिन फिलहाल, इनकी क्षमता और लागत फाइबर केबल्स के मुकाबले बहुत कम और महंगी है। उपग्रह इंटरनेट अभी नब्बे प्रतिशत वैश्विक ट्रैफिक का बोझ उठाने के लिए तैयार नहीं है। इसके अलावा, अंतरिक्ष में मौजूद इन उपग्रहों को भी नष्ट किया जा सकता है, जो सुरक्षा की एक नई चुनौती पेश करता है। इसलिए, वर्तमान में समुद्र के नीचे बिछा यह जाल ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति और सबसे बड़ी कमजोरी बना हुआ है।

निष्कर्षतः, समुद्र के नीचे बिछी ये फाइबर ऑप्टिक केबल्स और उन पर आधारित डिजिटल नेटवर्क आधुनिक विश्व की वह अदृश्य रीढ़ हैं, जिस पर पूरी मानवता की प्रगति टिकी है। युद्ध इंटरनेट के लिए सबसे बड़ा खतरा इसलिए है क्योंकि यह न केवल इसके भौतिक आधार को नष्ट कर सकता है, बल्कि साइबर हमलों के माध्यम से इसके आभासी अस्तित्व को भी ध्वस्त कर सकता है। इनकी सुरक्षा केवल एक तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक कूटनीतिक और सामरिक अनिवार्यता है। यदि हम अपने डिजिटल भविष्य को सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी संधियों और सुरक्षा प्रोटोकॉल की आवश्यकता है जो इन केबल्स और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को युद्ध के लक्ष्यों से बाहर रख सकें। भविष्य में किसी भी देश की वास्तविक ताकत इस बात से नहीं मापी जाएगी कि उसके पास कितनी परमाणु मिसाइलें हैं, बल्कि इस बात से मापी जाएगी कि वह अपने डेटा के भौतिक और आभासी मार्गों की रक्षा करने में कितना सक्षम है। जब तक हम समुद्र की गहराई और साइबर स्पेस में छिपे इस खतरे को नहीं समझेंगे, तब तक हमारा 'वायरलेस' होने का सपना एक ऐसे कमजोर धागे से बंधा रहेगा जो किसी भी युद्ध की एक चिंगारी से जलकर राख हो सकता है और आधुनिक सभ्यता को सदियों पीछे धकेल सकता है। इसलिए, यह समय है कि हम बादलों की ओर देखना बंद करें और समुद्र के तल की ओर ध्यान दें, जहां हमारी वास्तविक और सबसे असुरक्षित दुनिया बिछी हुई है।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें


## पाक्सो एक्ट में निरूद्ध वांछित गिरफ्तार

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली पुलिस ने पाक्सो एक्ट में विरुद्ध रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ही एक व्यक्ति को मंगलवार को छितही पोखर के पास से गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया। कोतवाल कल्याण सिंह सागर ने बताया कि उक्त आरोपी की तलाश काफी समय से की जा रही थी। उप निरीक्षक सौरभ सिंह ने मंगलवार को उसे धर दबोचा और आवश्यक कार्यवाही पूरी की।

## पिंडरा में नहीं रूक रही चोरी

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के पिड़रा गांव में चोरी का सिलसिला नहीं थम रहा है। बीते 25 मार्च को गांव के चार लोगों का पानी का मोटर चोर खोल लें गये। इस संबंध में अभी पुलिस हाथ पांव मार ही रही थी कि सोमवार की रात एक व्यक्ति के दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर से उसकी बैटरी भी चोरी हो गई। पीड़ित इस संबंध में कोतवाल कल्याण सिंह सागर से मिले। उन्होंने शीघ्र ही पर्दाफाश करने का आश्वासन दिया।

## पीड़िताओं की सुरक्षा में लापरवाही अक्षम्य: शैलजा



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सिविल जज सी.डी शैलजा मिश्रा ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपस्थित पीड़िताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनके अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों में फ्रंट एवं साइड कैमरे क्रियाशील न पाए जाने पर सचिव ने नाराजगी व्यक्त करते हुए केंद्र प्रबंधक को कड़े निर्देश दिए और संबंधित कमियों को शीघ्र दूर कराने को कहा। उन्होंने कहा कि पीड़िताओं की सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य है और उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना समाज और प्रशासन की जिम्मेदारी है। सचिव ने केंद्र प्रबंधक नीतू भारती को निर्देशित किया कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता है, उनके मामलों को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को संदर्भित किया जाए, ताकि उन्हें समय से न्याय मिल सके।

## शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 3 सड़कों को मिली स्वीकृति: 3.83 करोड़ की लागत से होगा निर्माण, आवागमन सुगम होगा



**सिद्धार्थनगर-** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बढ़नी ब्लाक के तीन सड़कों को वित्तीय स्वीकृति शासन से मिल गई है। तीनों सड़कों के बनने से क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के प्रयास से 383 लाख रुपए की लागत से यह तीनों सड़कें बनेंगी। बढ़नी ब्लाक में स्थित 600 मीटर लंबी भारत-नेपाल सीमा से बाबा असरथदास समाधि स्थल तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य 54.17 लाख रुपए से होगा।2.300 किमी लंबे ढ़ेकहरी बुजुर्ग से ढ़ेकहरी खुर्द संपर्क मार्ग का मिसिंग लिंक का निर्माण कार्य 205.23 लाख रुपए से होगा।इसी तरह 1.200 किमी लंबे बसहिया समय माता स्थल तक सड़क का निर्माण कार्य 123.70 लाख रुपए से होगा।इन तीनों सड़कों के बनने से क्षेत्रीय लोगों को काफी सुविधा होगी। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि यह सड़कें क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव हैं। इनसे गांव का संपर्क बेहतर होगा। आम जनमानस को राहत मिलेगी और क्षेत्र की तरक्की को नई गति प्राप्त होगी।

प्रदेश के मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस महत्वपूर्ण कार्य को स्वीकृति दी।

# नाबालिग किशोरी पर घर में घुसकर जानलेवा हमला, आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां -गोरखपुर।** जनपद के सहजनवां क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां घर में अकेली मौजूद 17 वर्षीय किशोरी पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल किशोरी का इलाज चल रहा है, जबकि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ यदुवंशी कॉलोनी का है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता की मां निक्की चौहान सोमवार की शाम करीब 6 बजे किसी निजी कार्य से बाजार गई थीं। घर पर उनकी 17 वर्षीय बेटी करीना चौहान अकेली थी। इसी दौरान बेलीपार थाना क्षेत्र के ककराखोर निवासी आरोपी विक्की सिंह घर में घुस आया। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले से ही पीड़िता के परिवार को जानता था और इसी का फायदा उठाते हुए उसने मौके का लाभ उठाया। घर में किशोरी को अकेला पाकर उसने उस पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमले में किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायल किशोरी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी विक्की सिंह पुत्र किन्ना सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे हिरासत में लेकर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई के साथ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# डीएम ने लिया 'बलरामपुर महोत्सव' की तैयारियों का जायजा ,सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन द्वारा आगामी 'बलरामपुर महोत्सव' की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए बड़ा परेड ग्राउंड का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉल, मंच, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में, जनपद के मा0 जनप्रतिनिधिगण, व्यापारी एवं उद्यमी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं एवं नागरिकों की सहभागिता से 03 से 05 अप्रैल 2026 तक बड़ा परेड ग्राउंड में 'बलरामपुर महोत्सव' आयोजित किया जाएगा।यह महोत्सव जनपद की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय प्रतिभाओं एवं पर्यटन संभावनाओं को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच होगा।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि महोत्सव के सभी आयोजन सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुव्यवस्था के उच्च मानकों के अनुरूप संपन्न हों।उन्होंने संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक व्यवस्था को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।बलरामपुर महोत्सव को जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आम नागरिकों की सहभागिता से आयोजित किया जा रहा है।इसे जनभागीदारी एवं सामूहिक स्वामित्व (Collective Ownership) का सशक्त उदाहरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है।महोत्सव में सभी आयु वर्गों को ध्यान में रखते हुए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें शामिल हैं– सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लोक कलाएं, स्थानीय व्यंजन एवं हस्तशिल्प स्टॉल, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी,मनोरंजन एवं सहभागिता आधारित गतिविधियां।इस वर्ष महोत्सव में बच्चों एवं परिवारों के लिए विशेष रूप से कार्निवाल थीम आधारित गतिविधियां प्रस्तावित हैं, जिनमें झूले, फन जोन, गेम्स एवं इंटरैक्टिव कार्यक्रम शामिल होंगे, जिससे आयोजन सभी के लिए आकर्षक एवं यादगार बनेगा।

महोत्सव में जनपद के स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें मंच प्रदान किया जाएगा।गायन, नृत्य, अभिनय एवं अन्य कला विधाओं से जुड़े कलाकारों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता, जिला विकास अधिकारी , उपायुक्त मनेरगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बलरामपुर,जिला पर्यटन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भवानीपुर खुर्द वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक .30/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भवानीपुर खुर्द में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम/षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा/16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 15/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

शक्ति चंद्र
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भवानीपुर खुर्द
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

रमेश कुमार मिश्र
सचिव/ ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भवानीपुर खुर्द
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत देवतहा वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक .30/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देवतहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 15/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

शशि सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत देवतहा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

रमेश कुमार मिश्र
सचिव/ ग्राम विकास अधिकारी
पंचायत देवतहा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत शिवगढ़ वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक .30/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शिवगढ़ में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/पंचम/षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा/16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 15/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

रमेश कुमार वर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत शिवगढ़
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

रमेश कुमार मिश्र
सचिव/ ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत शिवगढ़
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत पेड़ारेगढ़वा वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक -30/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पेड़ारेगढ़वा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 15/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

सीता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पेड़ारेगढ़वा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

रमेश कुमार मिश्र
सचिव/ ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पेड़ारेगढ़वा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत केवलपुर वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक -30/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत केवलपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 15/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

किरन देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत केवलपुर
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

रमेश कुमार मिश्र
सचिव/ ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत केवलपुर
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत रज्जनपुर वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक .30/03/2026

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रज्जनपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा/16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0 जी0 एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/गौशाला , बारात घर, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म निविदा प्रकाशन के तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 15/04/2026 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

गीता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रज्जनपुर
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

रमेश कुमार मिश्र
सचिव/ ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रज्जनपुर
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## संक्षिप्त खबरें

### पीसीएस की सफलता से धीरज ने बढ़ाया परिवार समाज और क्षेत्र का मान




**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** पीसीएस परीक्षा की सफलता से अलीगंज क्षेत्र के ग्राम अलियापुर निवासी धीरज वर्मा ने क्षेत्र परिवार और समाज का मान बढ़ाया है।कहते हैं कि मजबूत इरादे और जज्बे के साथ की जाने वाली मेहनत से एक दिन सफलता अवश्य मिलती है। कुछ ऐसी ही मिसाल अलीगंज क्षेत्र के ग्राम अलियापुर निवासी प्रगतिशील किसान अनिल वर्मा के पुत्र एवं पटेल संस्थान के पूर्व अध्यक्ष संजील वर्मा के भतीजे धीरज वर्मा ने हासिल की है। इनका चयन सिविल सेवा की परीक्षा में हुआ है।इनकी माता नीलम ग्रहणी हैं। भाई अमित और भाभी रश्मि वर्मा शिक्षक हैं। धीरज ने शुरुआती पढ़ाई गोला के विवेकानंद स्कूल उसके बाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में की है। इसके पश्चात बीएससी कानपुर से करने के उपरांत सिविल सेवा की तैयारी के लिए दिल्ली गए। यह सफलता पहले राउंड में ही पाई है। इनको वाणिज्य कर के पद पर तैनाती दी गई है। वह इसका श्रेय अपने माता-पिता परिवाजनों एवं गुरुजनों को देते हैं। घर एवं परिवार में खुशी का माहौल है घर पर बधाई देने वालों का आना-जाना लगा हुआ है।

### दो अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव और तीन अप्रैल को भव्य जागरण की तैयारी पूरी



**सिंगाही खीरी:-** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में भव्य तैयारियां चल रही हैं।इस होने वाले धार्मिक आयोजन में क्षेत्रवासी बढ़-चढ़कर के भाग ले रहे हैं।आपको बताते चलें की तहसील निघासन की ग्राम पंचायत सिंगहा कला के सिंगहा खुर्द स्थित प्राथमिक विद्यालय में श्री हनुमान जन्मोत्सव की भव्य तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में स्थानीय लोग बढ़-चढ़कर भाग लें रहे है।धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ यह आयोजन सभी के लिए एक आकर्षक होने वाला है।आइए जानते हैं कार्यक्रम के बारे में विस्तार से... @श्री हनुमान जन्मोत्सव की भव्य तैयारी। सिंगहा खुर्द स्थित प्राथमिक विद्यालय में श्री हनुमान जन्मोत्सव में किए जा रहे भव्य आयोजन में गुरुवार, 02 अप्रैल 2026 को बालाजी का भृंगार 05:30 बजे से शुरू होगा, जिसके बाद सुन्दर कांड का पाठ सायं 06 बजे होगा। रात्रि 09 बजे मातापिता पूजन का आयोजन होगा, जिसमें 56 भोग भी प्रस्तुत किए जाएंगे। शुक्रवार, 03 अप्रैल 2026 को रात्रि जागरण 8:30 बजे से शुरू होगा।आयोजकों ने वितरित की गई श्री हनुमान चालीसा को साथ में ले कर आने की लोगों से अपील की है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भजन और प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा,आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। जिसमें सभी को सादर आमंत्रित किया जाता है।

### 1.165 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार




**देवरिया।** जनपद की कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने रामनाथ से कतरारी मार्ग पर छापेमारी कर राम प्रवेश कुमार निवासी रामनाथ देवरिया को 1 किलो 165 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अनित कुमार राय सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

# जब लेखपाल साहब पिए भू माफिया की चाय तो कैसे हटे अवैध कब्जा

● लेखपाल के संरक्षण में खलिहान और आबादी की भूमि पर भू माफिया की लहरा रही गन्ना और धान की फसल-आरोप

**पैमाइश के दौरान खलियान और आबादी की जमीन पर मिला वह माफिया का अवैध कब्जा फिर भी कार्रवाही शून्य**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** भले ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकारी जमीन पर अनाधिकृत कब्जा करने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के आदेश पारित किया हो।पर जनपद खीरी की गोला तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक और क्षेत्रीय लेखपाल पर उत्तर प्रदेश सरकार और देश की सर्वोच्च न्यायपालिका के आदेशों का कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। ऐसा ही एक मामला तहसील गोला परगना कुकरा के गांव हरदुआ में देखा जा सकता है जहां पर क्षेत्र लेखपाल और राजस्व निरीक्षक उक्त भूमपिया के बंगले में बैठकर आराम फरमाते और ठंडा उड़ाते देखे जा सकते हैं। भू माफ़िया और राजस्व कर्मियों के बीच चल रही साठ गांठ के चलते उक्त भू माफिया द्वारा खलिहान और आबादी के नाम दर्ज कागजात जमीन ग टा संख्या 152 पर अवैध कब्जा करके उसे पर खेती करते देखा जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त खलिहान की जमीन को तहसीलदार द्वारा एक बार खाली कराया जा चुका है। जिसके चंद्र दिन बाद ही हौसले बुलंद भूमि माफिया लाल जी प्रसाद उर्फ गुड्डू ने लेखपाल और कानूनगो मैनेज करके उक्त खाली कराई गई खलिहान की जमीन पर गन्ना और धान की फसल बोकर शासन व सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों को खुली चुनौती पेश कर दी। लेखपाल साहब की मिली भगत का आलम यह है कि उक्त भू माफ़िया का लगभग चार बीघा जमीन पर अवैध कब्जा पाए जाने के बाद भी आज तक उसकी फसल को जूत्वाकर जमीन खाली करने के बजाय खाली गढ़ों को जूत्वाकर प्रशासन को गुमराह किया जा रहा है ।और अपने चहेते दोस्त भू माफिया लालजी प्रसाद उर्फ गुड्डू को संजीवनी दी जा रही है। नियम अनुसार प्रशासन द्वारा रिक्त कराई गई जमीन पर पुनः कब्जा करने वाले भू माफिया के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर उसे अर्जित आय संपत्ति की नीलामी अथवा बुलडोजर की कार्रवाई का प्रावधान बताया जाता है। उसके बाद भी लेखपाल शैलेंद्र वर्मा द्वारा उक्त अवैध कब्जे धारक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत नहीं कराया जा रहा है और ना ही खलिहान और आबादी की जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त कराया ही जा रहा है। मामले में लेखपाल शैलेंद्र वर्मा की मिली भगत की लिखित शिकायत शपथ पत्र के साथ जिला अधिकारी खीरी एवं मंडल आयुक्त लखनऊ मंडल से किए जाने के बात शिकायतकर्ता ने कही है। इस संबंध में जब क्षेत्रीय लेखपाल शैलेंद्र कुमार वर्मा से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि मैं फोन पर सारी चीज नहीं बता पाऊंगा आप तहसील आकर मिलिए तभी कुछ बताऊंगा। वही तहसीलदार गोला भीमचंद ने बताया मामले की रिपोर्ट क्षेत्रीय लेखपाल से मांगी गई है रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी और मैं स्वयं ही मौके का मुआयना कर कार्रवाई करूंगा।

## लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह को, नेकी की दीवार के अध्यक्ष गुरमेल सिंह व कार्यक्रम संयोजक रिजवान अंसारी ने शील्ड देकर किया सम्मानित,दी बधाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कुकरा खीरी।** तहसील गोला क्षेत्र के ग्राम पंचायत हजरतपुर निवासी लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह के भारतीय सेना में अधिकारी बनने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सामाजिक संस्था 'नेकी की दीवार' के अध्यक्ष एवं संस्थापक गुरमेल सिंह को सूचना मिलते ही अपनी टीम के साथ गांव हजरतपुर पहुंचकर नव-नियुक्त लेफ्टिनेंट का फूलमालाओं से स्वागत किया और उन्हें शील्ड भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित मिलन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, मित्र और शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह को बधाई देते हुए उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया।

लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज,पहाड़पुर खीरी से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने रक्षपाल बहादुर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,बरेली से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। वर्ष 2019 में भारतीय सेना में भर्ती होकर उन्होंने अपने सैन्य जीवन की शुरुआत की और कठिन परिश्रम,अनुशासन व लगन के बल पर अधिकारी पद तक का सफर तय किया। 11 दिसंबर 2025 को लखनऊ में आयोजित कमीशनिंग समारोह में उन्हें आर्मी मेडिकल कोर में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्रदान किया गया। इसके बाद उन्होंने ऑफिसर ट्रेनिंग कॉलेज,लखनऊ में कठिन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। वर्तमान में उनकी पहली नियुक्ति रांची में हुई है,जहां वे अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

गृह क्षेत्र पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया और इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया।

इस दौरान उनके पिता सरदार गुरमुख सिंह और माता बलविंदर कौर अपने पुत्र की उपलब्धि पर बेहद गौरवान्वित नजर आए। परिवारजनों ने इसे मेहनत,अनुशासन और ईश्वर की कृपा का परिणाम बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह ने कहा कि किसी भी सफलता के पीछे केवल व्यक्तिगत प्रयास नहीं बल्कि परिवार,गुरुओं और मित्रों का सहयोग भी महत्वपूर्ण होता है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष गुरमेल सिंह व कार्यक्रम संयोजक रिजवान अंसारी, चौकी प्रभारी कुकरा अवलीश कुमार पवार, आरक्षी शैलेंद्र सिंह एवं शईद खान, गुलाब खान, जरनैल सिंह, हरविंदर सिंह गिल, नरविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरमुख सिंह, केवल सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## काग़ज़ों पर खेल मैदान बनाकर लाखों का गोलमाल-आरोप पूर्व माध्यमिक विद्यालय

● पहलनापुर का मामला बना क्षेत्र में चर्चा का विषय

**ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत होने के आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड विजुआ की ग्राम पंचायत पहलानापुर का है जहां पर खंड विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान सहित पंचायत सचिव की मिली भगत से ग्राम पंचायत के विकास को आने वाले सरकारी धन का कागजों पर काम दिखाकर बंदर बांट कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पहलनापुर में कई चकमार्गों का कार्य कराए बगैर ही कागजों पर निर्माण कार्य दिखा कर भुगतान निकाला गया है।जबकि हकीकत की धरातल पर कहीं काम नहीं करवाया गया।मामले की लिखित शिकायत गाव के जिम्मेदार व्यक्तियों द्वारा की गयी लेकिन प मिल रहे हिस्से के चलते खंड विकास अधिकारी विजुआ द्वारा शिकायतकर्ता को ही डाट डपट कर भगा दिया गया और मामले को रफा-दफा कर दिया गया। आज तक मामले की जांच करना उचित नहीं समझ गया। ताजा मामला पूर्व माध्यमिक विद्यालय पलहनापुर का है जहां पर आज तक खेल मैदान का विकास कराया ही नहीं गया और खेल मैदान के विकास व निर्माण के नाम पर लाखों का बजट निकाल कर हजम कर लिए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में प्रधानाध्यापक त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि यह सब ग्राम प्रधान के द्वारा कराया जाता है मैं क्या कह सकता हूं अब निर्माण नहीं कराया गया तो मैं क्या कर सकता हूं। एक तरफ जहां जिले की तेजतर्रार जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल विद्यालय में खेल मैदान विकसित करने पर खासा जोर दिए हैं वहीं ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पालहनापुर जिला अधिकारी के आदेशों को ताक पर रखकर खेल मैदान का कागजों पर निर्माण कार्य दिखाकर लाखों का बजट बंदर बांट कर हजम कर गए है। हकीकत की जमीन पर कहीं पर भी खेल मैदान का निर्माण नहीं कराया गया है यदि मामले की कराई जाए उच्च स्तरीय जांच अथवा स्वयं जिला अधिकारी खीरी कर ले जांच तो भ्रष्टाचार का खुलासा तो होगा ही साथ ही साथ विद्यालय में बने खेल मैदान और बनवाई जा रहे अधो मानक मानक विपरीत अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण की भी पोल खुल कर आएगी सामने।

इस सम्बंध में प्रधानाध्यापक त्रिभुवन ने बताया कि खेल मैदान का निर्माण प्रधान द्वारा कराया जाता है उनके द्वारा नहीं कराया गया तो हम क्या कर सकते हैं।कक्षा कक्ष के निर्माण में सभी जगह दोम ईट का प्रयोग किया जाता है अकेले हम ही नहीं कर रहे हैं।

## लखीमपुर खीरी: डूडा विभाग में 'वसूली' का बड़ा खेल, CLTC मधुकर तिवारी पर 50,000 तक वसूलने के आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अब गरीबों को छत देने के बजाय भ्रष्टाचार का अड्डा बनती जा रही है। जिला नगरीय विकास अभिकरण (DUDA) कार्यालय में तैनात CLTC मधुकर तिवारी पर हटाए गए पुराने सर्वेयरों के माध्यम से लाभार्थियों से अवैध वसूली कराने के सनसनीखेज आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, आवास की किश्त जारी करने के नाम पर लाभार्थियों से 20,000 से लेकर ?50,000 तक की मोटी रकम वसूली जा रही है।

**हटाए गए सर्वेयर बने 'वसूली एजेंट'**

शिकायतकर्ताओं का दावा है कि जिन सर्वेयरों को विभाग से पहले ही हटाया जा चुका है, उन्हें मधुकर तिवारी ने अपना 'प्राइवेट एजेंट' बना रखा है। ये पूर्व सर्वेयर फील्ड में जाकर लाभार्थियों को डराते हैं कि यदि पैसा नहीं दिया गया, तो उनकी अगली किश्त रोक दी जाएगी या उन्हें अपात्र घोषित कर दिया जाएगा। भ्रष्टाचार का फिक्स रेटः 20,000 से 50,000 तक योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि में से ही यह अवैध हिस्सा मांगा जाता है। लाभार्थियों का आरोप है किः किश्त के बदले कमीशनः पहली और दूसरी किश्त के समय लाभार्थियों पर दबाव बनाया जाता है कि वे तय रकम (20 से 50 हजार) पहुंचा दें। अपात्रों को 'पात्र' बनाने का खेलः मोटी रकम लेकर अपात्र लोगों को पात्र घोषित कर दिया जाता है, जबकि वास्तव में जरूरतमंद गरीब आज भी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं।

जियो-टैगिंग में धांधलीः पैसा न देने वाले पात्र लाभार्थियों की जियो-टैगिंग (Geo-tagging) में कमियां निकालकर उनकी फाइलें लटका दी जाती हैं। शासन की मंशा पर पानी फेर रहे जिम्मेदार जहाँ एक ओर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री 'जीरो टॉलरेंस' की बात करते हैं, वहीं लखीमपुर डूडा में तैनात CLTC मधुकर तिवारी जैसे जिम्मेदार कर्मचारी अपनी जेबें भरने में मस्त हैं। हटाए गए बाहरी लोगों का विभाग के काम में हस्तक्षेप करना और वसूली करना एक बड़े सिंडिकेट की ओर इशारा करता है।

**जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांगः**

जनपद के पीड़ित लाभार्थियों और जागरूक नागरिकों ने जिलाधिकारी (DM) लखीमपुर खीरी से इस मामले की तत्काल विजिलेंस जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि CLTC मधुकर तिवारी और उनके निजी वसूली एजेंटों के कॉल डिटेल्स और बैंक खातों की जांच की जाए, तो करोड़ों के घोटाले का पर्दाफाश हो सकता है।

## भारतीय किसान यूनियन ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन क्षेत्र अधिकारी को सौंपा



**बरेली/**भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी ने क्षेत्राधिकार नवाबगंज के माध्यम से राष्ट्रपति के संबोधन में ज्ञापन भेजा है यूनियन के पदाधिकारी ने उड़ीसा सरकार द्वारा भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में दिया गया है उन्होंने महामही राष्ट्रपति से मांग की है देश के किसानों की बिगड़ी दुर्गति कर्ज से डूबे किसानों की बात कहने के लिए किए जा रहे आयोजनों पर सरकार द्वारा किया जा रहा उत्पीड़न रोकने की मांग की गई है।

साथ ही किसानों के कर्ज माफी करने की भी बात राष्ट्रपति से मांग की गई है ताकि देश का किसान राहत की सांस ले सके और भारतीय किसान यूनियन के साथ इस तरह का कृत्य अब किसी अन्य राज्य में ना किया जा सके इस को लेकर ज्ञापन क्षेत्र अधिकारी नवाबगंज के द्वारा भेजा गया है ज्ञापन देने में चंद्र प्रकाश गंगवार फतेह चंद गंगवार हीरालाल गंगवार समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जल शक्ति मिशन योजना की ऊडी धज्जियां नहीं हुआ निर्माण कार्य पूर्ण नहीं मिल रहा लाभ



● रस्ताएं खोदकर छोड़ दी ग्रामीणों को निकलने में हो रही असुविधा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली/**विकासखंड भदपुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमीर नगर में जल शक्ति मिशन के तहत ग्रामीणों को साफ और उत्तम पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया जिसकी ठेकेदार द्वारा कुछ निर्माण करवाने के बाद गांव की गलियों को खोदकर पाइप डाल गया तो उन्हें पुनः कायदे से ठीक नहीं किया गया।

इतना ही नहीं कुछ किसानों के घर तो पानी की टंकी के नोजल लगा दी गई है परंतु अभी भी भारी संख्या में लोगों के घरों में नोजल नहीं लगाई गई साथ ही थोड़ा सा निर्माण कार्य करने के बाद अब ठेकेदार अपूर्ण कार्य छोड़कर रफू चक्कर हो गए हैं जिनका कामयाब ग्राम पंचायत के ग्रामीण झेल रहे हैं शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा इस योजना को साकार बनाने के लिए कार्य प्रारंभ किया गया। परंतु इस कार्य में लगे अधिकारी एवं ठेकेदारों ने भी अपनी मनमानी करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ी गई है जबकि दिशा की बैठक में इस मामले को भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार द्वारा उठाया गया तो इस मामले पर लेकर पूरा प्रशासन रह गया इसी दौरान विभाग की चीफ इंजीनियर कुमकुम गंगवार ने सदन को झूठा स्वसन देकर अपना पल्ला झाड़ लिया था के सभी का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। परंतु जिसको उजागर करती अमीर नगर ग्राम पंचायत में बनाई जा रही टंकी आज भी अपूर्ण पड़ी है यह कोई नया गांव नहीं है ऐसे तमाम गांव विकासखंड के अंदर मौजूद हैं जिन्हें कोई देखने वाला नहीं है शासन को संज्ञान लेकर जांच कर वा कर कार्यवाही करना चाहिए ताकि इस योजना का लाभ जनता को मिल सके।

## टूण्डला के सरस्वती शिशु मंदिर में परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**टूण्डला-** टूण्डला के सरस्वती शिशु मन्दिर में परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विगत कई वर्षों से विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक व बालिकाओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता रहा है, इसी क्रम में विद्यालय के प्रांगण में प्रबन्ध समिति, अभिभावक व नगर के गणमान्य बंधुओं के सानिध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेमपाल धनगर विधायक मुख्य अतिथि, भंवर सिंह चौधरी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, विशिष्ट अतिथि,अमर सिंह समाज सेवी विशिष्ट, विनय भटनागर सेवा निवृत प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक सहप्रबन्धक,वृन्दावन लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार पौनिया के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया। सभी अतिथियों को प्रधानाचार्य राममोहन श्रीवास्तव ने पटका पहनाकर स्वागत किया गया। आकांक्षा दीक्षित ने कार्यक्रम का संचालन किया व सफल पुरातन छात्रों के उदाहरण से बच्चों में जोश भर दिया। इस अवसर पर विधायक प्रेमपाल धनगर ने उच्च पदों पर आसीन विद्यालय के पूर्व छात्रों का परिचय देकर कहा कि आप में ही भारत वर्ष को ऊंचाइयों तक ले जाने के सारे गुण विद्यमान हैं सभी शिशुओं को और अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है विद्यालय का गौरव आपके कृतत्व व व्यक्तिव पर निर्भर है। सरस्वती शिशु मंदिर में अंक ज्ञान व अक्षर ज्ञान के साथ साथ संस्कारक्षम वातावरण का निर्माण कराया जाता है शारीरिक, मानसिक बौद्धिक, आध्यात्मिक रुप से तैयार करके सर्वांगीण विकास किया जाता है अमर सिंह ने कहा कि सदैव परिश्रम का फल मीठा होता है हमे और मेहनत करनी चाहिए क्योंकि जिससे हम प्रतियोगी परीक्षा में अपना स्थान बना सकें। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले सभी बालक बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर शुभकामनाएं दी, नगर पालिका अध्यक्ष ने शिशुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कक्षा में स्थान लाना बहुत ही सरल है परन्तु उस स्थान पर अपने आप को स्थापित रखना बहुत कठिन है इसलिए अभी से अपनी न्यूनताओं को दूर कर प्रगति पथ पर अग्रसर हों, विनय भटनागर ने कहा कि अपनी पाठ्य पुस्तक के साथ साथ सामान्य ज्ञान को मजबूत करना होगा। कक्षा 8 से माही श्रीवास्तव प्रथम, कशिश यादव द्वितीय व हिमाशीं तृतीय रहीं। कक्षा 7 से प्रथम, राधिका सिंह, द्वितीय जानवी ,तृतीय स्थान आशी यादव ने प्राप्त किया। कक्षा 6 काव्या शर्मा प्रथम, लक्ष्यता सिंह द्वितीय व चाहत शर्मा तृतीय रहे। कक्षा 5 से दीक्षा वर्मा प्रथम, पलक यादव द्वितीय हर्षिता ने तृतीय स्थान पाया। कक्षा 4से बिन्दु प्रथम, काव्या व आरूषी दिशा ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 3 में माधवराज प्रथम, माधव वर्मा द्वितीय शिवालय शर्मा ने तृतीय स्थान पाया। कक्षा 2 से ज्योति यादव प्रथम, खुशी द्वितीय समन्या वआयुषी शर्मा, तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा प्रथम में, गौरव प्रथम द्वितीय डौली व सोनम ने तृतीय स्थान पाया ।चत्र में खुशी प्रथम, मानवी गिरी द्वितीय शौर्य व तनिष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया रुद्र में अंकुर राजपूत प्रथम जानवी द्वितीय अक्षत सिंह व दिव्या ने, तृतीय स्थान पाया ।प्लेवे में सानवी शर्मा प्रथम आदित्य द्वितीय कार्तिक व लव्यांश जैन

तृतीय रहे ।श्री सुशील कुमार पौनियां ने बच्चों को कहा कि काक चेष्टा वको ध्यानम श्वान निंद्रा तथैव च अल्पहारी गृह त्यागी, विद्यार्थी पंच लक्षणम, को अपने व्यवहार में लाना चाहिए। परीक्षा प्रमुख आकांक्षा दीक्षित ने बताया कि विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय में आये हुए अतिथियों का आभार विद्यालय के सह व्यवस्थापक वृन्दावन लाल गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावक गण, पुरातन छात्रों के साथ अनेक गणमान्यों की उपस्थिति रवीन्द्र झा, ज्ञान सिंह चक, शिवराम सिंह महेश बघेल ,नैनैश बाबू, नूतन कुलश्रेष्ठ, मंजू सक्सेना, स्नेहलता शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, संजना, प्रियंका, दीपिका, नम्रता, शालू जी, मधू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## आखिर दो वर्षों से कौन डकार रहा 52 बच्चों का एमडीएम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** भले ही सुबे की सरकार के मुखिया बच्चों में होने वाले कुपोषण और बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को लेकर प्रत्येक सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को फल दूध और पौष्टिक गुणवत्ता युक्त गरमा गरम भोजन उपलब्ध कराने के लिए भारी भरकम बजट आवंटित कर रहे हैं। पर यह सब जिम्मेदारों की लापरवाही और प्रधानाध्यापक की नीति नीयत के चलते भ्रष्टाचार की भेट चढ़कर रह जाता है। ऐसा ही एक ताजा मामला पूर्व माध्यमिक विद्यालय पलहनापुर में प्रकाश में आया है जहां पर प्रधानाध्यापक द्वारा रोजाना 60 से 100 बच्चों की फर्जी हाजिरी लगाकर एमडीएम की कन्वर्जन कास्ट का बंदर वाट किए जाने के आरोप लगाये जा रहे हैं। सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पूर्व माध्यमिक विद्यालय पलहनापुर में मजरा वनटांगिया के लगभग 52 बच्चों को गत दो वर्षों से फल दूध एवं एमडीएम नसीब नहीं हुआ जबकि कागजों पर रोज एमडीएम बनता रहा और कन्वर्जन कास्ट का भुगतान भी निकाला जाता रहा है ।उक्त आरोप वन टांगिया के लोगों ने प्रधानाध्यापक पर लगाते हुए मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। लोगों का आरोप है कि आखिर इन 52 बच्चों का एमडीएम कौन खाता रहा? और जिम्मेदार अफसर द्वारा मामले की जांच कर दोषी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की गई? शायद ऊपर तक जा रहे कमाई के हिस्से के चलते साहब को सब कुछ आल इज बेल नजर आता रहा ।अब देखना यह है कि मामले की जांच कराई जाएगी या फिर यूं ही मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा।

**अतिरिक्त कक्ष निर्माण में मानकों की अनदेखी के आरोप**

दोयम दर्जे की ईट एवं चुनाई सामग्री लगवा कर गुणवत्ता विहीन निर्माण कराए जाने के ग्रामीणों ने लगाए प्रधानाध्यापक पर गंभीर आरोप

पूर्व माध्यमिक विद्यालय पालहनापुर में करवाए जा रहे अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण में गुणवत्ता विहीन मानक विपरीत सामग्री लगवा कर निर्माण कर कार्य कराए जाने के आरोप ग्रामीणों ने लगाए हैं ग्रामीणों का आरोप है जब एस्टीमेट में प्रथम श्रेणी एटा व अन्य सामग्री दर्शाई गई है तो फिर कक्ष निर्माण में दोयम दर्जे की ईट का प्रयोग किस सक्षम अधिकारी के द्वारा कराया जा रहा है?- यदि इस इमारत के करा ली जाए जांच तो कई खामियां आएगी नजर और निर्माण कार्य में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार का होगा खुलासा। दोयम दर्जे की ईट के मामले में प्रधानाध्यापक त्रिभुवन ने बताया दोमऔर पीला ईटा सभी विद्यालयों में लगवाई जाती है यह केवल मैं ही नहीं कर रहा हूं यह सभी जगह चलता है। अब देखना यह है कि उपरोक्त मामले पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी व जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल क्या एक्शन लेती हैं मामले की जांच टीम गठित कर कराई जाती है निष्पक्ष जांच या फिर यूं ही मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा।

## चेयरमैन व पूर्व चेयरमैन पुत्र के बीच हुआ विवाद, केस दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर** शोहरतगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल व उनके पति रवि अग्रवाल के खिलाफ अमर्यादित व आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए पूर्व चेयरमैन बबीता कसौधन के पुत्र सौरभ गुप्ता ने फेसबुक शान ए शोहरतगढ़ पर पोस्ट कर दिया।इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया और मामला हाथापाई तक पहुंच गया।पुलिस ने दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल सोमवार की सायंकाल अपने घर के सामने खड़ी थी कि इसी दौरान सौरभ गुप्ता अपने आवास पर जा रहे थे।दोनों पक्षों का आवास आमने-सामने हैं।उमा अग्रवाल ने सौरभ से कहा कि इतनी शर्मनाक व अश्लील भाषा पोस्ट करते हुए पर शर्म नहीं आ रही है।

एक महिला के ऊपर कीचड़ उछाल रहे हो। इतना कहते ही सौरभ गुप्ता आग बबूला हो गये और हाथापाई होने लगा इतने में वहां दोनों पक्ष के लोग व मोहल्लावासी इकठ्ठा हो गये।थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह पुलिस जवानों साथ मौके पर पहुंच मामले को शांत कराया।अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने सौरभ गुप्ता पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे खिलाफ यह पहली बार पोस्ट नहीं किया गया हैं आए दिन सौरभ गुप्ता मेरे व मेरे पति रवि अग्रवाल के खिलाफ अमर्यादित व आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए फेसबुक पर पोस्ट करते रहते हैं और आए दिन धमकी देते रहते हैं ।इसी बात को लेकर कल शिकायत की तो मेरे खिलाफ उग्र हो गये और हाथापाई करने लगे। इस मामले में थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर दोनों पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई के लिए जांच की जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## विद्यालयो मे मनाया गया वार्षिकोत्सव

**सीखड़ मीरजापुर,** विकास खण्ड अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय खैरा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय धनैता में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। खैरा उच्च प्राथमिक विद्यालय में मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा रहे वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय धनैता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार राय रहे।

**पाकुड़िया, पाकुड, झारखण्डः**-पिछले कई दिनों से पाकुड़िया के आसमान पर सफेद बादल छाए रहे। हल्की वर्षा के साथ हवा चलने से मौसम काफी सुकून भरा रहा और लोगों को कड़ी धूप व गर्मी से राहत मिलती दिखी। हालांकि प्रखण्ड के कई ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। विगत दिनों लागडुम पंचायत के काटालडीघि ग्राम के एक कच्चे मकान पर कड़क के साथ वज्रपात से आग लग गई और एक व्यक्ति की मृत्यु भी हुई। फिलहाल पाकुड़िया प्रखण्ड में किसानों के खीरा, मिर्च, टमाटर, प्याज आदि सब्जियां खेतों में हैं। कृषकों का मानना है कि हल्की वर्षा व हवा से विशेष क्षति नहीं होगी। आम को लाभ होगा, जबकि बीच-बीच में तेज हवा चलने से बहुत से आम के टीकोले झड़ गए हैं। पूछने पर किसानों ने बताया कि इन दिनों विशेष फसल नहीं है, लेकिन तेज वर्षा व आंधी होगी तो गेहूं, बूट, मसूरी, महुआ फसल को बड़े पैमाने पर क्षति होने की संभावनाएं हैं। इन दिनों गेहूं की फसल पक चुकी है, यद्यपि बड़े पैमाने पर गेहूं की कटाई अभी प्रारंभ नहीं की गई है। समाचार संप्रेषण करने तक पाकुड़िया के आकाश पर हल्के बादलों के बीच कड़ी धूप का निखार देखा गया।

### भक्ति की सरिता में डूबा क्षेत्र, तीन दिवसीय बंगला संकीर्तन का पूर्णाहुति के साथ हुआ समापन



**करों, देवघर, झारखंडः**- मंगलवार को करोंग्राम में आयोजित तीन दिवसीय बंगला संकीर्तन गायन पाला कुंजभंग का भक्तिपूर्ण व गरिमापूर्ण वातावरण में पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर आस-पड़ोस के हजारों श्रद्धालुगण उपस्थित होकर 'प्रभाष यज्ञ', साधारण मान, कृष्ण रास लीला और कुंजभंग के महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित संकीर्तन पाठ को हृदयंगम किया। पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध कीर्तनिया लक्खी दास व अर्पिता मुखर्जी ने सरल एवं सहज बंगला बोली में कहा कि जप-तप-ध्यान से लोगों में चेतना का संचार होता है। कृष्ण/राम नाम लेने मात्र से दुख दूर होते हैं, वहीं आपसी प्रेम का आलोक भी दिखाई पड़ता है। उन्होंने कहा कि संकीर्तन सुनना एक कला है, पर यहां आकर अन्य लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ता है, जिससे आपसी मित्रता भी प्रगाढ़ होती है। इस अवसर पर बहती भक्ति की बयार के साथ-साथ कृष्ण नाम के जयकारों से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। संकीर्तन के दौरान रास लीला, मान-भंजन व प्रभाष यज्ञ पाला के विभिन्न लौकिक एवं आध्यात्मिक पक्षों के साथ लोक जीवन में इसकी उपयोगिता को सारगर्भित गीत, संगीत एवं नृत्य के माध्यम से लोगों को समझाया गया। कृष्ण के गोपियों के साथ प्रेम प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मौके पर सार्वजनिक संकीर्तन समिति के पदाधिकारी व स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### अंक पत्र पाकर खिले बच्चों के चेहरे

**सिद्धार्थनगर**- आदर्श जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महदेवा उसका बाजार में विद्यार्थियों को अंक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अंक पत्र पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय के अमन, रंजना, संध्या गुप्ता, रितेश, ममता, अर्पिता, दिव्यांश, आर्याशी एवं रजनीश ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अपर्णा, अनन्या, सरिता, खुशी, चांदनी, शशि, प्रिया, विनय एवं अतुल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अभिषेक, शिवम, संध्या, अंकित, संजना, सविता, अनूप एवं दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आदर्श जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को अंक पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं आगे बढ़कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक आदित्य शंकर पाण्डेय, रामकेश यादव, सरिता, अमित पाण्डेय, मनोज दूबे, प्रमोद दूबे, हरीश, रामभवन, संध्या, आंचल, जया, मोनिका, संजय, नितीश गोस्वामी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह सम्पन्न, अभिभावकों को दी गई जिम्मेदारी की सीख

**●माता-पिता और शिक्षक का समन्वय ही बच्चों के उज्वल भविष्य की कुंजी : रंजीत चंद्रवंशी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः**- देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कार, प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करना ही नहीं, बल्कि अभिभावकों को भी उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें अभिभावकों की भूमिका को केंद्र में रखते हुए उन्हें एक नई सोच के साथ जोड़ा गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि बच्चों की सफलता केवल विद्यालयी शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि अभिभावकों के सहयोग और सही मार्गदर्शन से ही उनका समग्र विकास संभव है। इसी परिप्रेक्ष्य में अभिभावकों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि वे बच्चों का मनोबल किस प्रकार बढ़ाएं, उन्हें मानसिक एवं शारीरिक रूप से सुदृढ़ कैसे बनाएं तथा प्रभावी अभिभावकत्व (पैरेंटिंग) की दिशा में कैसे आगे बढ़ें।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता सह अभिभावक रंजीत चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी विद्यार्थी के जीवन में माता-पिता और शिक्षक दोनों की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। यदि इन दोनों के बीच समन्वय स्थापित हो जाए, तो बच्चों का भविष्य निश्चित रूप से उज्ज्वल बन सकता है। उन्होंने विद्यालय द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स तथा प्लस-टू स्तर पर जेईई मेंस, एडवांस, सीयूईटी, एनडीए एवं क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराए जाने की सराहना की। उन्होंने इसे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि इससे अब ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के छात्र भी आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की ओर अग्रसर हो सकेंगे।

विद्यालय के प्रबंधक विकास सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों और अभिभावकों दोनों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक शिक्षा प्रणाली और सही मार्गदर्शन की अत्यधिक आवश्यकता है, जिसे विद्यालय पूरी प्रतिबद्धता के साथ उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की पढ़ाई और व्यक्तित्व विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय दशरथ सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच संचालन शिक्षक अमरजीत पांडेय ने किया। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर छात्रों एवं अभिभावकों की उपस्थिति से उत्साहपूर्ण बना रहा।

विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी दी कि कक्षा 11 एवं 12 के लिए डेमो कक्षाएं 6 अप्रैल से प्रारंभ की जाएंगी, जिसमें छात्र अपने अभिभावकों के साथ शामिल होकर शिक्षकों एवं उपलब्ध सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सकेंगे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**●नर्सरी से नवम वर्ग तक के छात्रों ने हासिल की उत्कृष्ट सफलता, अभिभावकों की रही बड़ी भागीदारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः**- बरही के मलकोको स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा और सैकड़ों अभिभावकों की उपस्थिति में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय द्वारा जारी परिणाम के अनुसार विभिन्न वर्गों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नर्सरी वर्ग में आयत नाज प्रथम, मायरा प्रवीण द्वितीय एवं आयान रजा तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी में दैविक कुमार प्रथम, सुहानी कुमारी द्वितीय और आयान रजा तृतीय स्थान पर रहे। यूकेजी में आयशू कुमारी प्रथम, राशि कुमारी द्वितीय तथा हसमत अंसारी तृतीय स्थान पर रहे। प्रथम वर्ग में दिव्यांश कुमार ने प्रथम, स्वीटी कुमारी ने द्वितीय और सागर दास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ग में अंकित राज प्रथम, नंदन कुमार द्वितीय और विक्की कुमार तृतीय स्थान पर रहे। तृतीय वर्ग में कोमल कुमारी प्रथम, संजना कुमारी द्वितीय और पियूष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। चतुर्थ वर्ग में स्वेता कुमारी प्रथम, अनीश राणा द्वितीय एवं अरविन्द राणा तृतीय स्थान पर रहे। पंचम वर्ग में सुमित राणा प्रथम, सुहाना प्रवीण द्वितीय तथा इमरान अंसारी तृतीय स्थान पर रहे। छठा वर्ग में नंदनी कुमारी प्रथम, सुमन कुमारी द्वितीय और गुंजन कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। सप्तम वर्ग में प्रिन्स कुमार प्रथम, रोहित दास द्वितीय एवं अरविन्द चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। अष्टम वर्ग में चंदन कुमार प्रथम, आयुष कुमार द्वितीय और तनवीर आलम तृतीय स्थान पर रहे। नवम वर्ग में शिवा राणा प्रथम, आयुष दास द्वितीय तथा तरन्नुम प्रवीण तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गुलाब कुमार दास ने सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सफलता का मूल मंत्र नियमित अध्ययन और अनुशासन है। उन्होंने कहा कि अच्छे अंक मेहनत का परिणाम होते हैं और निरंतर प्रयास से ही सही दिशा और सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय के निर्देशक दिनेश कुमार यादव ने अभिभावकों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल विद्यालय भेज देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी देखना जरूरी है कि बच्चे क्या पढ़ रहे हैं और उन्हें क्या होमवर्क दिया गया है। कार्यक्रम में केदार राणा, लक्ष्मण दास, शंकर दास, मंजूर अंसारी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में सूरज दास, सकलदेव कुमार, दिनेश कुमार दास, विवेक कुमार, अनिल कुमार, मनु कुमार, बबिता कुमारी, नीतू कुमारी एवं ममता कुमारी सहित अन्य की सक्रिय उपस्थिति रही।

## किसान परिवार के बेटे अनूप नायक बने सब रजिस्ट्रार, यूपीपीसीएस में 6वीं बार में मिली सफलता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर**- गोला तसील क्षेत्र के ग्राम दलुआ निवासी अनूप नायक का चयन यूपीपीसीएस 2024 में सब रजिस्ट्रार पद पर होने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले अनूप की इस सफलता को संघर्ष, धैर्य और लगातार प्रयास की मिसाल माना जा रहा है। अनूप, क्षेत्र पंचायत सदस्या मनभावती एवं कृष्णमुरारी के पुत्र हैं। उनके पिता ट्यूबवेल ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति भी बहुत सुदृढ़ नहीं रही है। दो भाइयों में अनूप बड़े हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार अनूप नायक ने अपनी शिक्षा गाँव के प्राथमिक विद्यालय से शुरू की और 8वीं तक की पढ़ाई वहीं से पूरी की। इसके बाद उन्होंने राम सखी राम निवास सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भरौली से हाईस्कूल उत्तीर्ण किया तथा इंटरमीडिएट की शिक्षा सेंट्रल एकेडमी, गोरखपुर से प्राप्त की। आगे की पढ़ाई में उन्होंने राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से बीए व एमए की डिग्री हासिल की और फिर सीएमपी डिग्री कॉलेज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एलएलबी की उपाधि प्राप्त की। बीते करीब आठ वर्षों से वह प्रयागराज में रहकर यूपीपीसीएस की तैयारी कर रहे हैं। वर्तमान में उनका यूपीपीसीएस मेन्स परीक्षा भी चल रहा है। खास बात यह है कि उन्हें यह सफलता यूपीपीसीएस में 6वीं बार प्रयास करने पर मिली है। इससे पहले भी उनका चयन रेलवे ग्रुप डी, आबकारी पुलिस, हाईकोर्ट में चतुर्थ श्रेणी, सेक्रेटरी तथा फल मंडी इंस्पेक्टर जैसे पदों पर हो चुका था, लेकिन उन्होंने अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। परिवार ने भी हमेशा उनका साथ दिया और कभी किसी नौकरी के लिए दबाव नहीं बनाया। उनके बाबा ने बताया कि अनूप ने करीब 11 वर्षों की कठिन तपस्या और निरंतर परिश्रम के बाद यह मुकाम हासिल किया है। अनूप नायक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बाबा, माता-पिता, भाई, शिक्षक ओमप्रकाश शुक्ला तथा दृष्टि आईएएस के शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, धैर्य और सही मार्गदर्शन से ही यह सफलता संभव हो पाई। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में बधाइयों का तांता लगा हुआ है। बधाई देने वालों मे, सृंजय मिश्र, बाबा राधे, नर्वदेश्वर, पवन, आशीष, अरुण सहित अनेक लोग शामिल रहे।

## गोरखपुर पुलिस में बड़ा फेरबदलः कई निरीक्षक-उपनिरीक्षक बदले, दो थानाध्यक्ष गैर जनपद स्थानांतरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जनहित और प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गोरखपुर पुलिस विभाग में व्यापक स्तर पर फेरबदल किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार कई निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वहीं दो थानाध्यक्षों का गैर जनपद तबादला भी किया गया है। इस कदम को जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत व प्रभावी बनाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। जारी सूची के मुताबिक निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी को प्रभारी निरीक्षक गगहा से हटाकर सिकरीगंज का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं निरीक्षक सतपाल सिंह को आरटीसी से हटाकर डायल 112 का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिससे आपातकालीन सेवाओं की कार्यक्षमता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

इसी क्रम में पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक जगदीश प्रसाद पाल को गगहा थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षक नीरज कुमार राय को पुलिस लाइन से हटाकर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) का प्रभारी बनाया गया है, जो अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। निरीक्षक संदीप यादव, जो अब तक रिट सेल के प्रभारी थे, उन्हें बेलघाट का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं बेलघाट के थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक विकासनाथ का स्थानांतरण जनपद देवरिया कर दिया गया है। इसी तरह सिकरीगंज के थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक आशीष तिवारी को भी देवरिया भेजा गया है।

पुलिस विभाग के सूत्रों के अनुसार यह फेरबदल पूरी तरह रणनीतिक है, जिसका उद्देश्य पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और क्षेत्रीय जरूरतों के अनुरूप बनाना है। विशेष रूप से संवेदनशील इलाकों में अनुभवी अधिकारियों की तैनाती से अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा को नई मजबूती मिलने की संभावना जताई जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी स्थानांतरित कर्मियों को निर्देशित किया है कि वे तत्काल अपने नए पद पर कार्यभार ग्रहण करें और आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि आदेश की अवहेलना या लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बड़े फेरबदल के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस बदलाव के सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे और जिले में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## भाजपा का झारखंड बंद राजनीतिक पाखंड : मंजीत यादव

**●युवा कांग्रेस बरही विधानसभा अध्यक्ष ने विष्णुगढ़ घटना पर भाजपा के बंद को बताया भ्रामक, शांति बनाए रखने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः**- युवा कांग्रेस बरही विधानसभा अध्यक्ष मंजीत यादव ने विष्णुगढ़ की घटना को लेकर भाजपा द्वारा घोषित झारखंड बंद को राजनीतिक पाखंड करार दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और गठबंधन के नेता घटना के पहले दिन से ही पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। मंजीत यादव ने कहा कि राज्य के आदरणीय वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर का घटनास्थल पर जाना सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा न्याय नहीं, बल्कि अराजकता फैलाना चाहती है और यह बंद झारखंड में अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस पाने का एक प्रयास मात्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा न्याय दिलाने के बजाय राज्य की शांति भंग करने और विकास की गति को बाधित करने की साजिश कर रही है। साथ ही उन्होंने भाजपा शासित राज्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां भी हाथरस और उन्नाव जैसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां पीड़ितों को न्याय दिलाने में कई सवाल उठे। मंजीत यादव ने झारखंड की जनता से अपील की है कि वे भाजपा के बंद के बहकावे में न आएं और शांति बनाए रखें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस मुस्तैद है और बहुत जल्द दोषियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। साथ ही उन्होंने मांग की है कि ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, यहां तक कि ऐसे लोगों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

### मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में कार खाई में गिरी, बड़ा हादसा टला



**बलरामपुर।** NH-730 पर रामनगर के पास उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब खम्हरिया निवासी रोजगार सेवक मंजूर भाई की कार एक मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक सामने आए मोटरसाइकिल सवार को बचाने के लिए चालक ने तत्परता दिखाते हुए कार को मोड़ा, जिससे वाहन संतुलन खो बैठा और खाई में उतर गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। हालांकि, कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और राहत-बचाव में सहयोग किया गया। यह घटना एक बार फिर सड़क पर सतर्कता और संयम की महत्ता को दर्शाती है। मंजूर भाई की सूझबूझ और मानवता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया।

## रामनवमी जुलूस में युवक की हत्या का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**●पूर्व रंजिश में रची गई साजिश, पुलिस ने खून लगा हथियार भी किया बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः**- हजारीबाग जिले के पेलावल ओपी क्षेत्र अंतर्गत गदोखर गांव में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई निर्मम हत्या के मामले का पुलिस ने त्वरित खुलासा कर दिया है। इस मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। हजारीबाग पुलिस के अनुसार, दिनांक 27/28 मार्च 2026 की रात करीब 12:30 बजे गदोखर स्थित शिव मंदिर से रामनवमी का शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से निकली थी, जिसमें लगभग 100 से 125 ग्रामीण शामिल थे। जुलूस जब कब्रिस्तान रोड होते हुए पगार चौक से लौट रहा था, उसी दौरान पूर्व नियोजित साजिश के तहत गांव के ही चार युवकों ने जुलूस में शामिल रामकुमार साव पिता स्वर्गीय नेमन साव पर हमला कर दिया। बताया गया कि आरोपियों करण कुमार यादव, नितेश कुमार यादव, अभिषेक यादव और अरुण यादव ने भुजाली से रामकुमार साव के पेट पर ताबड़तोड़ वार कर उनकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मृतक के भाई नारायण साव के लिखित आवेदन पर कटकमसांडी पेलावल थाना में मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ओपी प्रभारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। SIT टीम ने लगातार छापेमारी अभियान चलाते हुए 31 मार्च 2026 को करण कुमार यादव और नितेश कुमार यादव को कंडसार रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। वहीं, अरुण यादव को छड़धया डैम काली मंदिर के पीछे से पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर अरुण यादव के घर की छत के कमरे से हत्या में प्रयुक्त खून लगा भुजाली बरामद किया गया।

पुलिस ने विधिवत जप्ती सूची बनाकर हथियार को जब्त कर लिया है। पूछताछ के दौरान तीनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने पूर्व रंजिश के कारण साजिश रचकर इस हत्या को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपियों करण कुमार यादव 18 वर्ष, अरुण यादव 48 वर्ष, नितेश कुमार यादव उर्फ छोटू 18 वर्ष शामिल है। बरामद सामान में खून लगा हुआ एक भुजाली शामिल है। इस पूरे अभियान में छापामारी दल में पुनि शाहिद रजा, पुलिस निरीक्षक, पेलावल अंचल हजारीबाग, पुअनि वेद प्रकाश पाण्डेय, ओपी प्रभारी, पेलावल ओपी, पुअनि निशांत केरकेट्टा, थाना प्रभारी लोहसिंघना, हजारीबाग, शिवम गुप्ता थाना प्रभारी कटकमसाडी हजारीबाग, पुअनि उपेन्द्र सिंह पेलावल ओपी हजारीबाग, पुअनि श्यामजीत किस्कू पेलावल ओपी हजारीबाग, पुअनि सजय खलखो पेलावल ओपी हजारीबाग, राअनि रविन्द्र कुमार पेलावल ओपी हजारीबाग, सअनि लासो किस्कु पेलावल ओपी हजारीबाग, सअनि रमेश सिंह पेलावल ओपी हजारीबाग, सअनि बुधवा तिर्की पेलावल ओपी हजारीबाग, तकनीकी शाखा, हजारीबाग के पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी, पेलावल ओपी सशस्त्र बल शामिल रहे।

## पेटो पंचायत में 11 दिवसीय बुढ़िया माता शत चंडी महायज्ञ का हुआ भव्य समापन

**●भक्ति जागरण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**केरेडारी, हजारीबाग, झारखंडः**- प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पेटो पंचायत में आयोजित 11 दिवसीय बुढ़िया माता शत चंडी महायज्ञ का समापन श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र का वातावरण धार्मिक आस्था से सराबोर रहा, जहां दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने यज्ञ में भाग लेकर पुण्य अर्जित किया। समापन अवसर पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष गुरुदयाल साव एवं सचिव रविंदर गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि यह महायज्ञ सभी श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। उन्होंने बताया कि एक ओर जहां इस महायज्ञ के सफल समापन की खुशी है, वहीं 11 दिनों तक मां की भक्ति में डूबे रहने के पश्चात इस पावन आयोजन के समाप्त होने का भावुक क्षण भी है। महायज्ञ के समापन के उपरांत सोमवार संध्या भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम मनोहर म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले आयोजित हुआ, जिसमें भजन गायिका पल्लवी झा, पायल बनारसी, विनय मिश्र एवं शंकर गोसामी सहित अन्य कलाकारों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण कानपुर से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत अघोरी रूप में तांडव नृत्य एवं काली मां, दुर्गा मां, भगवान राम, रावण और हनुमान की जीवंत झांकियां रहीं, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। भजन गायिका पल्लवी झा ने 'पांव पैजनिया राम सिया राम हमर दुल्हवा पूजा पाठ से दूर भगो है' जैसे भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं पायल बनारसी उर्फ पगली ने 'होली खेले मसाने में' और '? नमः शिवाय' जैसे गीतों से श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। इस धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन में हजारीबाग एवं चतरा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति सदस्य अरविंद साहू, पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव, त्रिभुवन यादव, सुनील साहू, रमेश साहू, शत्रुध्न कुमार, चितरंजन कुमार, बसंत कुमार, अवधेश यादव, रामोतार रजक, विकास रजक, संतोष राणा, मेघराज राणा, दशरथ साहू, पूरण साहू, महादेव साव, महेंद्र साव, टिकेश्वर साव, आशेश्वर यादव, किशुन साव, प्रीतम साहू, राजेंद्र साव, अमित गुप्ता, चंदन गुप्ता, कार्तिक कुमार, मनीष कुमार, कृष्णा कुमार, अनिल यादव, सरिता देवी, कौशल्या देवी, राधा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। इस प्रकार, 11 दिवसीय यह महायज्ञ न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर गया।

## इंटरनेशनल अवार्ड से नवाजे गए समाजसेवी रोशन लाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल के शीर्ष नेतृत्व ने क्लब के 18वें वार्षिक अधिवेशन में जयपुर राजस्थान के रामादा होटल में रोशनलाल उमरवैश्य को इंटरनेशनल अवार्ड 2025- 26 से अलंकृत करते इंटरनेशनल एम्बेसडर एलायंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व भी क्लब व विभिन्न संस्थाओं द्वारा जिले, प्रदेश व देश आदि में लगभग 400 पुरस्कारों से उनके महान सेवा कार्यों व समर्पण के लिए इनको उत्कृष्ट पुरस्कार उपाधियों से विभूषित किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक द्वारा भी इनको पुरस्कृत किया जा चुका है। उक्त सम्मानों से नवाजते हुए क्लब के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सुशील अग्रवाल, पूर्व प्रेसिडेंट भूपेंद्र चाहवाला तथा केजी अग्रवाल एवं फाउंडर प्रेसिडेंट सतीश लाखोटिया व कमाल लाखोटिया ने रोशनलाल उमरवैश्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।अवार्ड पाकर क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने 2025-26 के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सुशील कुमार अग्रवाल, पूर्व प्रेशिडेंट भूपेंद्र चाहवाला, सरिता वर्मन, केजी अग्रवाल, सतीश लाखोटिया, कमाल लाखोटिया आदि शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उक्त अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों से प्रतापगढ़ का गौरव बढ़ा है।यह समाचार सुनकर जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रबुद्धजनों ने बधाई दी उनमें प्रख्यात साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य 'रत्न', राजेश सिंह, विनय श्रीवास्तव, अंशुमान सिंह, सुरेश अग्रवाल, आनंद मोहन ओझा, राजेश पाण्डेय, राजीव कुमार आर्य, परमानंद मिश्रा, शिवेश शुक्ला,संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक यादव, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, रेखा उमरवैश्य आदि क्लब के पदाधिकरियों ने बधाई दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय पक्षी मोर की कटखने कुत्ते ने हमला कर ली जान

**कोंच(जालौन)-** भेंपता गांव में कटखने कुत्ते ने हमला कर राष्ट्रीय पक्षी मोर की जान ले ली। कैलिया थाना क्षेत्र के भेंपता गांव में लंबे समय से तीन से चार मोर विचरण करती हैं। मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे रोज की तरह ही एक मोर गांव की शुरुआत में बने एयरटेल टॉवर के ठीक पीछे विचरण कर रही थी। इसी दौरान गांव का एक आवारा कटखने कुत्ते ने मोर पर हमला बोल दिया। हमले में मोर बुरी तरह से घायल हो गई। जैसे ही ग्रामीणों ने यह देखा, उन्होंने दौड़ कर कुत्ते को मौके से खदेड़ा जिससे मोर उस कुत्ते का निवाला नहीं बन सकी। ग्रामीणों ने फौरन ही मोर का उपचार किया लेकिन वह बच नहीं सकी। ग्रामीण सुंदर याज्ञिक की सूचना पर पीआरबी पुलिस सहित वन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और मृत मोर को सम्मान सहित दफनाने के लिए साथ में ले गए। गनीमत रही कि सुबह के समय मौके पर सिर्फ एक ही मोर थी वरना अन्य मोरों की जान भी खतरे में आ जाती। ग्रामीणों ने बताया कि आवारा कटखने कुत्ते से ग्रामीण भी हर समय डरे रहते हैं।

### सड़क दुर्घटना में उप मुख्य पशु चिकित्सक घायल



**कोंच(जालौन)-** सड़क पर अचानक सामने आयी गाय से टक्कर हो जाने के चलते बाइक सवार उप मुख्य पशु चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप मुख्य पशु चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार (45) सोमवार की रात करीब 10 बजे बाइक पर सवार होकर मेन रोड स्थित स्टेट बैंक के समीप से गुजर रहे थे, तभी सड़क पर अचानक एक गाय आ गई और अनियंत्रित हुई बाइक गाय से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि चिकित्सक बाइक से सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के वक्त मौके से निकल रहे होमगार्ड संघ के जिलाध्यक्ष कोमेश द्विवेदी और होमगार्ड अमन श्रीवास्तव सहित वार्ड के सभासद विक्रम तोमर ने तत्काल ही घायल चिकित्सक को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाकाई लोगों का कहना है कि स्टेट बैंक तिराहे सहित नगर भर में आवारा जानवरों के सड़कों पर विचरण करने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रहीं हैं लेकिन नगर पालिका से लेकर स्थानीय प्रशासन इन आवारा जानवरों पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है।

### महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**चोपन पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, भेजा न्यायालय**

**सोनभद / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में महिला उत्पीड़न सम्बन्धी अपराध/अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना चोपन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 481/2025 धारा 333, 351(3), 64(1) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उक्त क्रम में दिनांक 31.03.2026 को समय करीब 03:50 बजे ग्राम गोटीबाँध, थाना रायपुर क्षेत्र से अभियुक्त सोनू कुमार केशरी पुत्र चन्द्रेश निवासी सोनबरसा (सरईगढ़), थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा. न्यायालय भेजा जा रहा है।

**अभियोग का विवरण-** मु0अ0सं0 481/2025 धारा 333, 351(3), 64(1) बीएनएस। गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 अतुल कुमार पटेल, चौकी प्रभारी गुरमा, थाना चोपन, का0 गुलशन सरोजा शामिल रहे।

# बालू से ओवरलोड डंफर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**●पति व मासूम बच्ची चोटिल, आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम की सड़क**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**आटा(जालौन)-** क्षेत्र में ओवरलोड तेज रफ्तार डंफरों की बेलगाम रफ्तार एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। सोमवार की देर शाम जाकीदाई मंदिर के समीप बालू से लोड डंफर ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। टक्कर के चलते बाइक से सड़क पर गिरी महिला को डंफर ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पति और दो माह की मासूम बच्ची को हल्की चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर जुटे गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी जिससे करीब सात घंटे तक यातायात ठप रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अमीसा निवासी प्रदीप अपनी पत्नी खुशबू और दो माह की बेटी के साथ बाइक से हमीरपुर जनपद के चुनोट गांव स्थित ससुराल जा रहा था। शाम करीब 5 बजे जाकीदाई मंदिर के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार बालू से ओवरलोड डंफर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही खुशबू बाइक से उछलकर सड़क पर गिर पड़ी और वह डंफर के पहिए के नीचे आ गई जिससे उसकी कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। पति प्रदीप सहित मासूम बच्ची को हल्की चोटें आई हैं। उधर, हादसे के बाद चालक डंफर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों कहटा, सुनेहटा, अमीसा के ग्रामीण मौके पर जुट गए और आक्रोशित होकर जोल्हूपुर-चुनोट मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई जिससे वाहन करीब सात घंटे तक फंसे रहे। सूचना पर पहुंची आटा थाना पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया और कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया तब कहीं जाम खुल सका। पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार डंफर चालक की तलाश में पुलिस टीम लगी है। इलाकाई लोगों का कहना है कि बालू से लदे ओवरलोड डंफर बेखौफ तेज रफ्तार से दौड़ते हैं, जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लगातार हो रहे हादसे इसके गवाह हैं इसके बावजूद न तो सख्त चेकिंग हो रही है और न ही ओवरलोडिंग पर रोक लग पा रही है।

## पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 50,000/- के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ महोदय एवं अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर के पर्यवेक्षण तथा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे #Operation Conviction अभियान के क्रम में सोनभद्र पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। प्रभावी पैरवी एवं सशक्त पुलिस-अभियोजन समन्वय के फलस्वरूप न्यायालय (एएसजे/एससी-एसटी एक्ट, सोनभद्र) द्वारा अभियुक्त को दोषी पाते हुए दण्डित किया गया है। **प्रकरण का विवरण-** थानाः करमा, जनपद सोनभद्र मु0अ0सं0: 48/2021 एस0टी0 नं0: 259/2021 धाराः 376, 504, 506 भादवि0 व 3(2)(ङ्क)



एससी/एसटी एक्ट

**अभियुक्तः-** धनेश उर्फ स्टेन्डर पटेल पुत्र राज कुमार उर्फ राजा पटेल निवासी खैरपुर (सिरसिया ठकुराई), थाना करमा, जनपद सोनभद्र को मा0 न्यायालय द्वारा पारित सजा का विवरण क्रमशः- धारा 376 भादवि0 के अंतर्गत 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं ?50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 06 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा, धारा 504 भादवि0 के अंतर्गत 01 वर्ष का कारावास एवं 2,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 01 माह का अतिरिक्त कारावास होगा, धारा 506 भादवि0 के अंतर्गत 02 वर्ष का कारावास एवं ?3,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 02 माह का अतिरिक्त कारावास होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी तथा धारा 3(2)(ङ्क) एससी/एसटी एक्ट से दोषमुक्त किया गया। उक्त प्रकरण में थाना करमा पुलिस, अभियोजन पक्ष एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय में सुदृढ़ साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, जिसके फलस्वरूप अभियुक्त को दोषसिद्ध कराते हुए दण्डित कराया गया।जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई एवं सुदृढ़ अभियोजन के माध्यम से दोषियों को दण्डित कराए जाने की कार्यवाही निरंतर जारी है।

## दुष्कर्म के दोषी धनेश उर्फ स्टैंडर पटेल को 10 वर्ष की कठोर कैद, 55 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद

**●- करीब 5 साल पूर्व शादी का झांसा देकर दलित युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** -करीब 5 साल पूर्व शादी का झांसा देकर दलित युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी धनेश उर्फ स्टैंडर पटेल को 10 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई। उसके ऊपर 55 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित युवती (पीड़िता) ने करमा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह अनुसूचित जाति की युवती है। शादी का झांसा देकर धनेश उर्फ स्टैंडर पटेल पुत्र राजकुमार राजा पटेल निवासी खैरपुर सिरसिया ठकुराई , थाना करमा, जिला सोनभद्र उसके साथ कई बार शारीरिक सम्बंध स्थापित किया। अब वह अपनी बिरादरी की लड़की से शादी करने जा रहा है। जब धनेश से पूछताछ की तो उसने भद्दी भद्दी गाली देते हुए धमकी दिया कि अगर कहीं शिकायत करोगी तो जान से मार दिया जाएगा। करमा पुलिस ने 17 मई 2021 को दुष्कर्म, एससी/एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर लिया गया । सीओ द्वारा मामले की विवेचना की गई और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 7 गवाहों के बयान तथा पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी धनेश उर्फ स्टैंडर पटेल को 10 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई। इसके ऊपर 55 हजार रूपये अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सी शशांक शेखर कात्यायन ने बहस की।

## शिवद्वार मंदिर परिसर में श्री शंकर रामलीला समिति द्वारा आयोजित चार दिवसीय रामलीला का समापन


**● रामलीला के माध्यम से विश्व कल्याण, लोक शांति, सामाजिक संगठन, सनातन उत्थान, धर्म प्रचार प्रसार आदि मुख्य उद्देश्य रहा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** -जनपद अन्तर्गत घोरावल तहसील क्षेत्र के शिवद्वार मन्दिर प्रांगण में श्री शंकर रामलीला समिति द्वारा विगत वर्षों कि भांति इस वर्ष भी 77 वें रामलीला मंचन का चार दिवसीय आयोजन सोमवार को रात 9 बजे से देर रात तक धनुष यज्ञ के साथ समापन हुआ। किरदार हार्दिक राम, कान्हा लक्ष्मण, सुबास गिरी, मारीच राजेश्वर राम शुक्ल, विश्वामित्र जगदीश मिश्र, परशुराम नीतीश शुक्ल ने निभाई। रामलीला समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामलीला के माध्यम से विश्व कल्याण, लोक शांति, सामाजिक संगठन, सनातन उत्थान, धर्म प्रचार प्रसार आदि मुख्य उद्देश्य है। रामलीला समिति के अध्यक्ष श्रीकांत दुबे ने बताया कि श्री शंकर रामलीला समिति सन 1950 में प्रथम मंचन प्रारंभ हुई जिसके संस्थापक स्व. रामलखन तिवारी थे सन् 1962 में रामलीला विस्तृत रूप से अक्षयवर वर्मा राम मिश्र के अध्यक्षता में की गई। जिसका लंबे काल तक नेतृत्व स्व श्यामधर मिश्र कि अध्यक्षता में चला, वर्तमान में सच्चितानंद मिश्र द्वारा नेतृत्व किया जा रहा हैं। रामलीला समिति द्वारा 77 वें वर्ष में भगवान के लीला का मंचन प्राचीन समय चली आ रही है। इस अवसर पर रामलीला मंचन में ब्रह्मानंद, शरद, सच्चितानंद, रवि, धीरेन्द्र, अमित, नंदकुमार, नंदू, जगदीश, शिवद्वार मन्दिर के पुजारी सुबास गिरी, मंदिर समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्र समेत सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

### आग लगने से गेहूं की 30 बीघा फसल जलकर राख



**सिद्धार्थनगर ।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के साहेपारा गांव के पूरब काली माता मंदिर स्थान से सुकालाजोत गांव के सरहद तक मंगलवार को दोपहर में अज्ञात कारणों से खड़ी गेहूं के फसल में भीषण आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया और खेतों में फैलती चली गई ।धुएं और आग की लपटों को देख ग्रामीणो में अफरा तफरी मच गई । ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन वे तेज लपटों के आगे असहाय नजर आए । सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची । लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक लगभग दर्जन किसानों का करीब 30 बीघा तक खड़ी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई।आग लगने साहेपारा गांव के किसान सहज राम यादव, मस्तराम यादव,रफीक,सिराज चौधरी,अबूजर अबूजाना, मोहम्मद अनवर अली ,ईसा,मुस्तफा, मुस्तकीम आदि किसानों की लगभग 30बीघा की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।घटना से किसानों को भारी नुक्सान हुआ है।

## किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**●आर्थिक तंगी को बताया जा रहा आत्महत्या का कारण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कदौरा(जालौन)-** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम शहादतपुर में एक किसान का फांसी पर झूलता हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आर्थिक तंगी किसान की आत्महत्या का कारण बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहादतपुर निवासी किसान करन सिंह पाल (60) पुत्र जीवन पाल ने देर रात अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि किसान ने घर के दरवाजे पर लकड़ी की बल्ली में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाई। सुबह जब परिजनों ने यह देखा तो सभी सन्न रह गए और घर में चीख-पुकार मच गई। मृतक किसान के चार पुत्र रामखिलावन, रवि, अवधेश और अशोक हैं। परिजनों के अनुसार करन सिंह पिछले काफी समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। साथ ही घर के निर्माण कार्य को लेकर भी वह मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। यही वजह उनके इस आत्मघाती कदम के पीछे मानी जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही सामने आ सकेगा। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी प्रभात सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, फिर भी सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### गौवध अपराध में संलिप्त दो अभियुक्तों पर हुई रासुका की कार्यवाही

**कोंच(जालौन)-** गौवध जैसे अपराध में संलिप्त दो पेशेवर अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली कोंच पुलिस ने रासुका जैसी बड़ी कार्यवाही की है। फिलहाल उक्त दोनों गौवध अपराध में पहले से ही जिला कारागार में निरुद्ध हैं। बीती 11 जनवरी को क्षेत्र के ग्राम कुदरा बुजुर्ग में गौवध कर गौमांस की तस्करी करने पर पुलिस ने अभियुक्त कल्ला उर्फ जावेद पुत्र लियाकत और असगर उर्फ अग्गस पुत्र मूसा निवासी दोनों आराजीलेन कोंच को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत कर उक्त दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया था और तभी से दोनों जेल में निरुद्ध हैं। वहीं उक्त दोनों अभियुक्तों द्वारा जमानत कराकर जेल से बाहर आने की कोशिशों को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने जिलाधिकारी की स्वीकृति और एसपी के निर्देशन में उक्त दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध रासुका की बड़ी कार्यवाही की है, ताकि एक वर्ष तक दोनों को जेल में ही निरुद्ध रखा जा सके और क्षेत्र में समान अपराध जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोक कर लोक व्यवस्था कायम रखी जा सके।

## हत्या में दोषी दंपती को 10-10 वर्ष का कारावास, 12-12 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद

**●- जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** - साढ़े तीन वर्ष पूर्व हुए रामसेवक उर्फ काशी हत्याकांड के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश राम सुलीन सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी दंपती को 10-10 वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक विजय कुमार पुत्र बनवारी कोल निवासी अरुआंव, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र ने घोरावल थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसका लड़का रामसेवक उर्फ काशी उम्र 26 वर्ष 9 अगस्त 2022 को शाम करीब 4 बजे घर से बाइक से निकला था । उसके साथ खड़िया निवासी मुकेश भी था । लड़का शाम को घर नहीं आया। दूसरे दिन भी काफी खोजबीन किया, लेकिन उसका पता नहीं चला । 12 अगस्त को गांव के लोगों द्वारा मोबाइल में फोटो दिखाकर बताया कि 10 अगस्त को महुआव पांडेय गांव के कुएं में एक युवक की लाश मिली है। जिसे पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। जब पोस्टमार्टम हाउस जाकर देखा तो बेटे की लाश थी। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। उसके बाद पता किया तो जानकारी मिली कि रामलखन उर्फ रवि उर्फ बाठे पुत्र पुदीन चमार निवासी महुआंव पांडेय, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र के घर उसका लड़का 9 अगस्त की शाम गया था। जहां पर शराब पीकर आपस मे कहासुनी हुई थी। इसी दौरान मारपीट कर हत्या करने के बाद शव को छुपाने के लिए कुएं में फेंक दिया गया था। इस तहरीर पर पुलिस ने रामलखन समेत दो लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर दंपती के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान जहां अभियुक्तगणों के अधिवक्ता ने पहला अपराध बताते हुए कम से कम दंड दिए जाने की याचना की, वहीं जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने हत्या का मामला बताते हुए अधिक से अधिक दंड देने की याचना की। अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषसिद्ध पाकर दोषी दंपती रामलखन व कृष्णावती को 10-10 वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

## चोपन पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी की 40,000/- धनराशि पीड़ित को वापस

**●त्वरित तकनीकी कार्रवाई से साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चोपन / सोनभद्र** - अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा पीड़ित बबलू पुत्र किशन लाल बंजारा निवासी माता जी की खेड़ी थाना रामपुरा जनपद नीमच (म0प्र0), हाल पता- चोपन थाना चोपन जनपद सोनभद्र के साथ छलपूर्वक 40,000/- (चालीस हजार रुपये) की साइबर ठगी की घटना कारित की गई थी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई।जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही की गई। साइबर टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण करते हुए संबंधित बैंक/संस्था से त्वरित ई-मेल पत्राचार किया गया, जिसके फलस्वरूप पीड़ित की फ्रॉड हुई संपूर्ण धनराशि 40,000/- (चालीस हजार रुपये) सफलतापूर्वक उसके मूल खाते में वापस कराई गई।

साइबर टीम में मुख्य रूप से अखिलेश मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक चोपन, म0का0 प्राची शुक्ला, साइबर हेल्प डेस्क, म0का0 शैलजा सिंह शामिल रहे। साइबर अपराध से बचाव के उपाय- किसी भी अनजान कॉल/मैसेज पर स्वयं को बैंक अधिकारी बताने वाले व्यक्ति पर तुरंत विश्वास न करें। किसी भी अज्ञात लिंक/एप को डाउनलोड करने या क्लिक करने से बचें।, बैंक से संबंधित कार्य केवल आधिकारिक वेबसाइट/ऐप या शाखा के माध्यम से ही करें।, अपने मोबाइल/ईमेल पर आने वाले ट्रांजेक्शन अलर्ट को नियमित रूप से जांचते रहें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें एवं [www.cybercrime.gov.in] (http://www.cybercrime.gov.in) पर शिकायत दर्ज करें।

## सोनभद्र पुलिस की त्वरित कार्यवाही से साइबर ठगी की 3,46,920/- रुपये पीड़ित को मिले वापस

**●सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से बड़ी साइबर ठगी का सफल निराकरण, पीड़ित ने किया जनपद पुलिस की सराहना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना रॉबर्ट्सगंज राम स्वरुप वर्मा के नेतृत्व में थाना रॉबर्ट्सगंज की साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन कर त्वरित कार्रवाई की गई।आवेदक अजीत सिंह पुत्र रामप्रसाद सिंह द्वारा बताया गया कि दिनांक 14.10.2025 को सोलर कंपनी की फ्रेंचाइजी एवं सोलर किट उपलब्ध कराने के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके एक्सिस बैंक एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया खातों से कुल 3,46,920/- की धनराशि ठगी कर ली गई थी। इस संबंध में आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं साइबर क्राइम पोर्टल (cybercrime.gov.in) पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके क्रम में साइबर टीम द्वारा संबंधित खातों को होल्ड कराते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर संबंधित बैंक शाखाओं से पत्राचार किया गया, जिसके फलस्वरूप आवेदक की सम्पूर्ण धनराशि ?3,46,920/- उसके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। इस पर आवेदक द्वारा रॉबर्ट्सगंज पुलिस की सराहना की गई।धनराशि वापस कराने वाली टीम में मुख्य रूप से राम स्वरुप वर्मा, प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज, का0 अमित कुमार, साइबर हेल्प डेस्क,का0 अभिषेक शुक्ला, साइबर हेल्प डेस्क शामिल रहे। साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें, नजदीकी थाने पर रिपोर्ट करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

## पिपरी पुलिस ने किया अवैध गांजा तस्करी के अभियुक्ता को गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पिपरी / सोनभद्र** -पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना पिपरी के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों तथा मादक पदार्थो पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 31.03.2026 को थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा रेलवे कॉलोनी रेनुकूट क्षेत्र से अभियुक्ता मंजू देवी पत्नी स्व0 संजय निवासी चाचा कॉलोनी रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 40 वर्ष* को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के कब्जे से एक सफेद झोले में 01 किग्रा 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियुक्ता के विरुद्ध थाना पिपरी पर धारा 8/20 NDPS Act के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 जितेन्द्र सरोज, थाना पिपरी, का0 कृष्णा यादव,म0का0 नेहा गिरी शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना चकेरी व सर्विलांस स्वॉट पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में चरस व अमेरिकन गांजा पकड़ा




**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त अपराध श्रवण कुमार सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस उपायुक्त सुमित सुधाकर रामटेके के नेतृत्व में चकेरी पुलिस ने चरस व अमरीकन गांजा की बरामदगी कर अभियुक्त अंकित तुत्तल को गिरफ्तार करने की गई कार्यवाही की गई है। कमिश्नरेट कानपुर नगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चकेरी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उ0नि0 अजय कुमार (चौकी प्रभारी लालबंग्ला) एवं उ0नि0 कुलदीप (चौकी प्रभारी रामादेवी) मय पुलिस बल क्षेत्र में चेकिंग व गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अंकित सिंह चौहान उर्फ अंकित तुत्तल (उम्र करीब 27 वर्ष) निवासी कालीबाड़ी लालबंग्ला थाना चकेरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 101.7 ग्राम ड्राष्ट/टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (ड्रोनाबिनोल) तथा 1.0069 किलोग्राम चरस बरामद की गई। इस संबंध में थाना चकेरी पर मु0अ0सं0 206/2026 धारा 8/20/22 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले तीन गिरफ्तार

**कानपुर।** दिनांक 16.03.2026 को थाना कल्याणपुर क्षेत्र में स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में बीएमएलटी सेकंड ईयर की छात्रा के साथ अभद्रता व जबरदस्ती के प्रयास का मामला सामने आया है। उपरोक्त सूचना मिलने पर कल्याणपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों नामजद अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया है। पीड़िता का बयान व मेडिकल कराया जा रहा है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रमईपुर -कठारा मार्ग के चौड़ीकरण को हरी झंडी, 11.77 करोड़ मंजूर



**घाटमपुर।** जनपद में सड़क नेटवर्क को बेहतर बनाने की दिशा में शासन ने बड़ा निर्णय लिया है, रमईपुर से जामू, जमरेही, होते हुए कठारा रेलवे स्टेशन और कठेरूआ कठारा मार्ग के किमी एक से 7,500 तक चौड़ी करण कार्य को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है, लोक निर्माण विभाग के अनुसार इस परियोजना पर कूल 11करोड 77 लाख 64 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे, वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सड़क निधि, अनुदान संख्या 58, लेखा शीषकू5054, के तहत 27 लाख 65 हजार रुपए की धनराशि ज़ारी की गई है, मार्ग के चौड़ीकरण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी और ग्रामीण व शहरी कनेक्टिविटी मजबूत होंगी, लंबे समय से सड़क खराब होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

### ट्रेन में महिला यात्री का पर्स व मोबाइल चोरी, जीआरपी में मामला दर्ज

**ललितपुर।** ट्रेन यात्रा के दौरान एक महिला यात्री के साथ चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में जीआरपी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के गंजबासौदा निवासी स्मृति जैन पत्नी डा.सौरभ जैन 30 मार्च 2026 को कुशीनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22537) के कोच एस-4, सीट नंबर 01 पर गोरखपुर से गंजबासौदा की यात्रा कर रही थीं। इसी दौरान सुबह करीब 4.18 बजे अज्ञात चोर ने उनका क्रीम रंग का लेडीज पर्स चोरी कर लिया। पर्स में दो मोबाइल फोन (रियलमी कंपनी के), जिनमें एयरटेल सिम लगे थे, के अलावा मंगलसूत्र और सोने की अंगूठियां भी रखी हुई थीं। घटना उरई रेलवे स्टेशन के आसपास की बताई जा रही है। पीड़िता की तहरीर पर जीआरपी ललितपुर ने बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक राजेश सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश के लिए जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# कानपुर नगर में किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का खुलासा, 6 गिरफ्तार रैकेट में शामिल अन्य 4 की तलाश जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर नगर में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल के निर्देश पर डीसीपी वेस्ट एवं एसीपी कल्याणपुर के नेतृत्व में थाना रावतपुर पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए किडनी ट्रांसप्लांट से जुड़े एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया गया। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने बताया कि कार्रवाई के दौरान कल्याणपुर-रावतपुर क्षेत्र से कुल 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 4 अस्पताल संचालक शामिल हैं। वहीं, इस प्रकरण में संलिप्त अन्य 4 डॉक्टरों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। उन्होंने बताया कि आहुजा अस्पताल में 6-7 ट्रान्सप्लांट के केस किये गये हैं जिसमें कि एक साउथ अफ्रीका की लेडीज़ भी शामिल है। उन्होंने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट किसी रिलेशनशिप के द्वारा ही किया जाता है वो भी एक अधिकृत प्रक्रिया के द्वारा। यदि कोई डोनर बाहर का होता है इसके लिए सरकार की अनुमति जरूरी होती है। पुलिस आयुक्त के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि शहर के विभिन्न निजी अस्पतालों में अब तक लगभग 40 से 50 किडनी ट्रांसप्लांट किए जाने की आशंका है। पुलिस द्वारा पूरे नेटवर्क की गहनता से जांच की जा रही है, जिससे इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों एवं संस्थानों की भी पहचान की जा सके। शीघ्र ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करते हुए प्रकरण का विस्तृत खुलासा किया जाएगा। आगे की विधिक कार्यवाही प्रचलित है। उन्होंने कहा कि इसमें अभी कौन कौन से अस्पताल शामिल हैं इसके लिए सीएमओ और हमारी टीम जांच कर रही है।

# गौहत्या के अभियोग में वांछित 50,000 रुपये के ईनामिया अन्तर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** वादी निवासी ग्राम बरसण्डा, थाना देल्हूपुर, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा थाना देल्हूपुर पर तहरीर दी गई कि 16 जनवरी 26 को रात्रि में वादी के दरवाजे पर बंधी उसकी दो गायों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पगहा सहित खोलकर चोरी कर लिया गया। वादी द्वारा हल्ला-गुहार व खोजबीन के उपरान्त यह ज्ञात हुआ कि पड़ोसी की गायें भी चोरी हुई हैं। रात्रि में खोजबीन के दौरान अम्मा पुल जिन्नाथ बाबा के पुल के नीचे नदी किनारे आकाश सिंह की गायों से संबंधित कुछ अवशेष प्राप्त हुए थे। उक्त घटना के संबंध में थाना देल्हुपुर पर धारा 303(2) बीएनएस व 3/5/8 गौहत्या निवारण अधिनियम उ0प्र0 बनाम अज्ञात अभियुक्त पंजीकृत किया गया था। इस मामले में एसटीएफ टीम उ0नि0 गुलजार सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना देल्हूपुर में पंजीकृत मुकदमा धारा 303(2) बीएनएस व 3/5/8 गौहत्या निवारण अधिनियम उ0प्र0 से संबंधित 50000 रुपये के ईनामिया अन्तर्जपदीय अभियुक्त मो0 इब्राहिम पुत्र हारुन निवासी अहमदपुर असरौली हटवा थाना पूरामुफ्ती प्रयागराज उम्र करीब 30 वर्ष को तेलियरगंज चौराहे लखनऊ प्रयागराज रोड पर आजाद मार्केट के सामने थाना क्षेत्र शिवकुटी प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया। बीती 16/17 जनवरी 2026 को साथियों के साथ मिलकर ग्राम बरसण्डा में गायों को चुराकर उनका वध करने का मुकदमा दर्ज किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध प्रयागराज, कौशाम्बी में गोवध अधिनियम, पशु क्रूरता, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, चोरी, छेड़खानी जैसे कुल 08 मुकदमें पंजीकृत है।

### पराली में आग लगाकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** खेत में पड़ी पराली को आग लगा देने और पुलिस को सूचना देने और ट्रैक्टर से खेत जोतकर आग बुझाने का प्रयास करने के दौरान विपक्षियों द्वारा गालियां देते हुये हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। प्रकरण में मड़ावरा के ग्राम गंगचारी निवासी शिवराज सिंह पुत्र रामसिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 27 मार्च को रात करीब 10 बजे उसके खेत में गांव के कुछ दबंग लोगों ने पराली को जला दिया। इस पर उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना देकर अपने ट्रैक्टर से खेत जोतकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। तीाी उसके भाई राजेश सिंह, तिलक सिंह, भतीजे जयपाल सिंह, रोहित सिंह आ गये और आग बुझवाने लगे। तभी गांव के गांव के आधा दर्जन से अधिक लोग मौके पर आ धमके और आग बुझाने से मना करने लगे और गालियां देते हुये एकराय होकर उसके भाई, भतीजों को लाठी-डण्डा, फरसा, कुल्हाड़ी, भाला आदि से मारपीट करने लगे, जिससे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

# कलेक्ट्रेट परिसर में सौ दिनों तक धरने पर बैठने वाले अधिवक्ता की बेटी बनी एसडीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** कलेक्ट्रेट परिसर में सौ से अधिक दिनों तक धरने पर बैठने वाले अधिवक्ता की होनहार बेटी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा 2024 मे 29 वीं रैंक हासिल कर एसडीएम बन गई है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पिपरी खालसा गांव निवासी अधिवक्ता रवि कुमार द्विवेदी की होनहार बेटी श्वेता द्विवेदी ने बिना कोचिंग के यूपीपीसीएस परीक्षा 2024 में 29 वीं रैंक हासिल कर एसडीएम बनी है।बता दें कि अधिवक्ता रवि द्विवेदी अपने पिता देवी प्रसाद द्विवेदी के आयुष्मान कार्ड से ईलाज करवाने नर्सिंग होम गए जहां उनसे पैसे मांगे गए। अधिवक्ता ने डीएम से शिकायत किया,जिसकी जांच सीएमओ को सौंपी गई।सीएमओ ने लीपापोती कर मामला टॉय टॉय फ़िस्स कर दिया, फिर भी अधिवक्ता अधिवक्ता द्विवेदी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहे, लेकिन जिला प्रशासन के कान पर जूं नहीं रेंगी। प्रशासन द्वारा धरने को नजर अंदाज किया गया। अधिवक्ता रवि द्विवेदी सौ से अधिक दिनों तक कलेक्ट्रेट परिसर मे धरने पर बैठे रहे।अधिवक्ता रवि द्विवेदी ने सड़े हुए सिस्टम को भांपते हुए स्वयं धरने को फिलहाल समाप्त कर दिया है। इन्हीं अधिवक्ता रवि द्विवेदी की होनहार पुत्री श्वेता द्विवेदी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 29वीं रैंक हासिल कर एसडीएम बन गई है।श्वेता द्विवेदी की इस उपलब्धि पर उनके घर बधाईयां देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# भाजपा झूठे वायदों के सहारे जनता से करती है विश्वासघात- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र मे मोदी सरकार की लगातार असफलता को देश के लिए नुकसानदायक करार दिया है। उन्होने कामर्शियल पीएनजी की दरों में पन्द्रह प्रतिशत तक की बढोत्तरी को सार्वजनिक क्षेत्र के लिए मंहगाई की वृद्धि में एक और पीड़ाजनक कदम कहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने नक्सलवाद को लेकर कहा कि देश के सामने तो सच्चाई यही है कि नक्सलवाद के खात्मे को लेकर कांग्रेस ने अपने कई शीर्ष नेताओं का बलिदान दिया था। बतौर उदाहरण उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के सर्वोच्च नेतृत्व रहे स्व0 विद्याचरण शुक्ल सहित कांग्रेस के कई शीर्ष नेताओं का नक्सलवाद के खिलाफ संघर्ष में शहीद होना इसका जीता जागता प्रमाण है। उन्होने कहा कि नक्सलवाद को समूल रूप से नष्ट होना चाहिए। उन्होने कहा कि यदि आज दो तिहाई कश्मीर बचा है तो उसमें बीजू पटनायक का अहम योगदान है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी के मुताबिक भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के समय पाकिस्तानी कबायली जब घुसते हुए श्रीनगर के हवाई अड्डे की तरफ बढ़ रहे थे तब सभी पायलट जवाब भी दे गये थे। उन्होने कहा कि उस समय सैन्य दल को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के निर्देश पर बीजू पटनायक को पायलट के रूप में कश्मीर में उतारा गया था।असम में भाजपा के घोषणा पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने इसे झूठ का पुलिन्दा करार दिया। उन्होने कहा कि भाजपा चुनाव के समय झूठे वायदो के जरिए जनता के साथ विश्वासघात करती आ रही है। सांसद प्रमोद तिवारी का बयान मंगलवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# सिद्धार्थनगर में सोनौली नाला फाटक के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिला वृद्ध का शव, मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर** – जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र में सोमवार रात सोनौली नाला फाटक के पास एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक की पहचान सुमेरे के रूप में हुई है, जो मूल रूप से शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बैलीहवा गांव का निवासी था। वह पिछले 20 वर्षों से मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के नबेल गांव में रह रहा था। शव फाटक से कुछ दूरी पर गेहूं के खेत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने सोमवार रात करीब 8 बजे खेत में एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में देखा। पास जाने पर पता चला कि उसकी मृत्यु हो चुकी थी। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी । सूचना पर मिश्रौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकठ्ठा हो गए। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचित किया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है। इस मामले में प्रभारी थानाध्यक्ष जगत नरायण यादव ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### धुरवारा के बजरंग बली मंदिर में चोरी

**दान पेटी तोड़कर नकदी ले उड़े चोर**

**ललितपुर।** मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम धुरवारा में स्थित बजरंग बली मंदिर को बीती रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने मंदिर के परिसर में रखी दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी पार कर दी। घटना की जानकारी सोमवार सुबह तब हुई जब मंदिर के सेवादार पूजा-अर्चना के लिए वहां पहुंचे। मंदिर की देख-रेख करने वाले 70 वर्षीय रामदयाल पटेल ने बताया कि वे रोज की तरह सोमवार सुबह करीब 5 बजे मंदिर में सफाई और पूजा के लिए गए थे। वहां उन्होंने देखा कि दान पेटी का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखी नकदी गायब थी। हैरानी की बात यह रही कि चोरों ने पेटी में रखे लगभग 1500 रुपये (सिक्के और कुछ नोट) वहीं छोड़ दिए और बाकी बड़ी राशि लेकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर मड़ावरा पुलिस ने सोमवार रात 10.12 बजे अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मिट्टीखोरों से खतरे में कानपुर की जमीन, अवैध उत्खनन में सफल माफिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** यह महानगर आजकल मिट्टीखोरों के शिकंजे में है। कुल मिलाकर इन मिट्टी खोरों की वजह से ही कानपुर की जमीन खतरे में है। हाल के मामले का संबन्ध महाराजपुर थाना क्षेत्र से है। जहां बड़े पैमाने पर अवैध खनन का मामला सामने आया है। यहां महुआगांव के मजरा शीतलपुर, नागापुर के मजरा पतारी और सरसौल के मजरा रामपुर में भारी मात्रा में मिट्टी का अवैध उत्खनन पकड़ा गया है। शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों को गांव वालों ने बताया कि पिछले एक महीने से लगातार मिट्टी की खुदाई और बिक्री की जा रही थी। इस संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम नरवल विवेक मिश्रा से शिकायत की, जिसके बाद जांच के आदेश दिए गए। जब यहां कानूनगो अजीत सिंह, तीनों क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो उनकी जांच में पाया गया कि नागापुर के पतारी में 97 घनमीटर मिट्टी निकालने की अनुमति के खिलाफ वहां से 1350 घनमीटर मिट्टी का अवैध खनन किया गया। इसी प्रकार, रामपुर में 1440 घनमीटर और शीतलपुर में 750 घनमीटर मिट्टी का अवैध उत्खनन कर बेचा गया। एसडीएम विवेक कुमार मिश्रा के मुताबिक तीनों गांवों में निजी जमीनों पर अवैध खनन के इस मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# आपातकालीन मरीजों को जाम से बचाने के लिए कानपुर पुलिस की ग्रीन कॉरिडोर व्यवस्था शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर में आज एक अप्रैल से गंभीर रुप से बीमारी मरीजों को अस्पताल ले जा रहीं एम्बूलैंस को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर जाम से बचाते हुए शीघ्र से शीघ्र अस्पताल पहुंचाया जाएगा। इसके लिए आज ट्रेफिक पुलिस अफसरों, अस्पताल संचालकों, एम्बुलेंस संचालकों और आईएमए के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक आहूत की गई थी। जिसमें सभी से फीडबैक लिए गए। तत्पश्चात एक आपातकालीन मोबाइल नंबर जारी किया गया। अपर पुलिस आयुक्त लॉ एंड ऑर्डर डॉ विपिन ताडा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीन कॉरिडोर व्यवस्था के तहत आईसीसीसी कंट्रोल रूम में 24×7 सक्रिय रहेगा। इसके लिए विशेष सेल स्थापित की गई है जो एम्बुलेंस की रियल टाइम मॉनिटरिंग व ट्रैफिक समन्वय करेगा । एम्बुलेंस चालक हेल्पलाइन- सीयूजी नंबर 9454402413 पर कॉल, मैसेज या लाइव लोकेशन साझा कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही संबंधित मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस को अलर्ट कर एम्बुलेंस के लिए ट्रैफिक मुक्त रास्ता सुनिश्चित किया जाएगा। संभावित जाम वाले स्थानों पर पूर्व में ही पुलिस बल तैनात कर मार्ग क्लियर कराया जाएगा, जिससे मरीज को शीघ्र अस्पताल पहुँचाया जा सके। अस्पतालों, एम्बुलेंस संचालकों, IMA व CMO के समन्वय से रूट मैप तैयार कर व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा रहा है। आज पुलिस कार्यालय स्थित सभागार, कानपुर नगर में आपातकालीन (लाइफ थ्रेटनिंग) परिस्थितियों में मरीजों को शीघ्र, सुरक्षित एवं निर्बाध रूप से अस्पताल पहुँचाने के उद्देश्य से एक समन्वय गोष्ठी/ बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा द्वारा की गई, जिसमें पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार, एडीसीपी यातायात कपिल देव सिंह, डॉ. अनुराग (आईएमए), डॉ. आर. के. गुप्ता (एसीएमओ), प्रमुख अस्पताल संचालक, एम्बुलेंस संचालक, यातायात निरीक्षकगण तथा आईसीसीसी एवं ट्रैफिक मीडिया सेल के अधिकारी उपस्थित रहे ।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर** – मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के तहत बालिकाओं व महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रोहवा खुर्द में बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,रानी लक्ष्मी बाई ,बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई तथा जागरूक किया गया। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस, आपातकालीन सेवा 1090 ,वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108 - एंबुलेंस सेवा1930 - साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वी मेन हेल्पलाइन 101 अग्निशमन सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उप नि0 तालीमुद्दीन खान,का.सत्य प्रकाश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस की तहरीर पर 19 के खिलाफ दर्ज हुआ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस की तहरीर पर दोनों पक्ष के उन्नीस आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के सिपाही ऋषिकांत इन्दौलिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीस मार्च को अगई गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गयी। जांच में पता चला कि गांव के राम सुमेर गुप्ता के पुत्रगण जीतलाल गुप्ता, विजय गुप्ता, रोशन गुप्ता, तथा राम सुमेर की पत्नी कमला व निशा पत्नी विजय गुप्ता छः अज्ञात के साथ पिलर लगाकर बाउण्ड्री बना रहे थे। इसी विवाद को लेकर द्वितीय पक्ष के राधेश्याम पटेल के पुत्र मोतीलाल, अंकित, वंशीलाल व पुत्री निधि तथा पुष्पा पत्नी राजेश पटेल निवासीगण चोप सिंह का पुरवा अगई व आठ अज्ञात के साथ वहां पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों के उन्नीस लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया है।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में सहायक अध्यापक अनुपस्थित

**● सहायक अध्यापक के बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर उच्चाधिकारियों को कार्यवाही के लिए रिपोर्ट प्रेषित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी स्थित सिविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात एक सहायक अध्यापक पर नियमित विद्यालय नहीं आने का आरोप अमित कुमार शुक्ला ने आइजीआरएस के माध्यम से बेसिक शिक्षा अधिकारी से किया था। बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर नौतनवां खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्र ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। बीईओ के निरीक्षण में सहायक अध्यापक महेंद्र कुमार गुप्ता अनुपस्थित पाए गए। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सहायक अध्यापक के अनुपस्थिति का रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया है। जानकारी के मुताबिक नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गनेशपुर टोला कोहड़वल निवासी अमित कुमार शुक्ला ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी स्थित सिविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक महेंद्र कुमार गुप्ता का शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि उक्त विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक महेंद्र कुमार गुप्ता नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए महीने में दो-तीन दिन ही विद्यालय आते हैं तथा बाकी समय अपना निजी व्यापार संभालते हैं। शिकायतकर्ता के आनलाईन शिकायती पत्र के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नौतनवां खण्ड शिक्षा अधिकारी को जांच अधिकारी नामित करते हुए मौके का जांच-पड़ताल करवाया गया। सोमवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्र ने मौके का निरीक्षण किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में सहायक अध्यापक महेंद्र कुमार गुप्ता बिना किसी सूचना व छुट्टी के अनुपस्थित पाए गए। बीईओ ने सहायक अध्यापक के अनुपस्थिति का रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया है। इस संबंध में नौतनवां खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्र ने बताया कि विद्यालय का निरीक्षण किया गया है, निरीक्षण के दौरान सहायक अध्यापक अनुपस्थित पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद हिमाद्रि सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर क्षेत्र के रेल विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे

**शहडोल सांसद हिमाद्रि सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर क्षेत्र के रेल विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे।**

**उन्होंने जनहित से संबंधित मांग पत्र सौंपते हुए नई रेल लाइनों के निर्माण, ट्रेनों के स्टॉपेज और कुछ रेल सेवाओं के विस्तार की मांग की।**



**शहडोल** सांसद ने रीवा-शहडोल (वाया ब्यौहारी, जयसिंहनगर) तथा शहडोल-मंडला (वाया डिंडोरी) नई रेल लाइनों के निर्माण का प्रस्ताव रखा। उनका कहना है कि इन परियोजनाओं से आदिवासी बहुल क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने वेंकटनगर, बीरसिंहपुर, चंदिया रोड, नौरोजाबाद, निगोरा और करकली स्टेशनों पर नर्मदा एक्सप्रेस, बरौनी-गोंदिया तथा जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग की, ताकि स्थानीय यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। सांसद ने कुछ ट्रेनों के विस्तार के प्रस्ताव भी रखे। इनमें चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस को शहडोल तक बढ़ाने, नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस को अंबिकापुर तक विस्तार देने और रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने की मांग शामिल है। इसके अलावा रीवा-मुंबई एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन कटनी-शहडोल-बिलासपुर मार्ग से संचालित करने का सुझाव दिया गया, जिससे क्षेत्र की देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से सीधी कनेक्टिविटी हो सके। सांसद ने उम्मीद जताई कि इन प्रस्तावों पर सकारात्मक निर्णय होने से क्षेत्र के विकास और यातायात सुविधाओं में बड़ा सुधार होगा।

### अपने सर्कल से नदारद रहते हैं बीट प्रभारी करकटी

**शहडोल** जिले के करकटी बीट के प्रभारी अपने कार्यक्षेत्र से बाहर रहते हैं। आपको बता दे कि इस दिनों गर्मी का माहौल चल रहा हैं और पूरा जंगल किसी का इंतजार कर रहा । प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि बीट गार्ड अपने निवास पर आज तक नहीं रुके हैं जबकि शहडोल डीएफओ के साफ आदेश हैं कि जिनकी भी ड्यूटी जिस जगह हैं वो वही निवास रहे जिससे कि जंगल और ग्रामीण दोनों ही सुरक्षित रहें। जंगल के बिना फॉरेस्ट गार्ड और गार्ड के बिना जंगल पूरा सुना सुना सा ।

**फारेस्ट गार्ड सुधीर तिवारी की लगातार ग्रामीणों ने किया विरोध**

प्राप्त सूत्रों के पता चला हैं कि सुधीर तिवारी अपने कार्यक्षेत्र से बाहर ही रहते हैं। दिन के समय एक दो चक्कर लगाकर अपने निज निवास का आ जाते हैं। जबकि ग्रामीणों ने बताया हैं कि सरकार के द्वारा लाखों रुपए का निवास भी बीट प्रभारी को दिया हैं लेकिन आज दिनाँक तक एक भी दिन नहीं रुके हैं।

### बलिया में दुकान पर हमला और लूटकांडः फरार आरोपी हरेराम गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल




**बलिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र में दुकान पर हमला, तोड़फोड़ और लूटपाट के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। घटना 17 दिसंबर 2025 की है, जब कुछ हमलावरों ने हॉकी, डंडे और लोहे की रॉड से लैस होकर दुकानों पर हमला कर दिया था। आरोपियों ने दुकान में मौजूद दो कर्मचारियों के साथ मारपीट की और दो दुकानों में जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान हमलावर मोबाइल फोन और नकदी भी लूट ले गए थे। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में सदर कोतवाली पुलिस ने उप निरीक्षक सौरभ कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर आरोपी हरेराम को चित्तू पांडेय चौराहे के आगे कटहल नाले के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी हरेराम, थाना फेफना क्षेत्र के पाण्डेयपुर मिश्र गांव का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश, दिल्ली पुलिस ने 1.10 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ के साथ 4 तस्करों को दबोचा

● पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड की बड़ी कार्रवाई, कोकीन और एमडीएमए बरामद, चोरी की स्कूटी और फर्जी नंबर प्लेट का भी खुलासा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली** पुलिस के पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान चार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपये कीमत की भारी मात्रा में कोकीन और एमडीएमए बरामद की है। इसके साथ ही नशीले पदार्थों की सप्लाई में इस्तेमाल की जा रही दो स्कूटियां भी जब्त की गई, जिनमें से एक पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी और वह चोरी की निकली।पूर्वी जिले में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड को सूचना मिली कि मोहम्मद हसन नाम का युवक प्रीत विहार स्थित चित्रा विहार झुग्गी रेड लाइट और कोहिनूर होटल के पास एमडीएमए की सप्लाई करने आने वाला है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जाल बिछाया और मोहम्मद हसन को स्कूटी सहित पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 7.58 ग्राम एमडीएमए बरामद हुई।पूछताछ में मोहम्मद हसन ने खुलासा किया कि वह यह नशीला पदार्थ एक अफ्रीकी मूल के व्यक्ति 'ऑस्कर' से लेता था, जो श्रीनिवासपुरी और आउटर रिंग रोड के आसपास उससे मिलता था। इसके बाद पुलिस ने 27 और 28 मार्च की रात श्रीनिवासपुरी के पास जाल बिछाकर अफ्रीकी नागरिक डियूफ सोलोमन उर्फ ऑस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 4.43 ग्राम एमडीएमए बरामद हुई। वह जिस स्कूटी पर सवार था, उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी।

जांच में पता चला कि यह स्कूटी उत्तम नगर इलाके से चोरी की गई थी।ऑस्कर लगातार अपना पता और अपने साथियों की जानकारी छिपाने की कोशिश करता रहा, लेकिन पुलिस ने तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों की मदद से उसके ठिकाने का पता लगा लिया। इसके बाद अमृतपुरी स्थित उसके ठिकाने पर छापा मारा गया, जहां उसका साथी बेमाह भी मिला।

दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने 120.18 ग्राम कोकीन और 15.71 ग्राम एमडीएमए बरामद की। इसके अलावा एक इलेक्ट्रॉनिक पैकिंग मशीन, दो इलेक्ट्रॉनिक तराजू, खाली पॉलीथिन, छह मोबाइल फोन, दो पासपोर्ट और नकदी भी बरामद हुई। जांच आगे बढ़ने पर मोहम्मद हसन ने एक महिला रजिया का नाम भी बताया, जो मंडावली क्षेत्र में नशीले पदार्थ बेचती थी। इसके बाद पुलिस ने कृष्णा पुरी, मंडावली स्थित उसके घर पर छापा मारा।

वहां से 9.14 ग्राम एमडीएमए, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, पैकिंग सामग्री और नकदी बरामद हुई। रजिया को भी गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस जांच में सामने आया कि मोहम्मद हसन पहले खुद एमडीएमए का सेवन करता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात ऑस्कर से हुई और बाद में वह उससे छोटे पैकेट खरीदकर आगे बेचने लगा। बाद में उसने रजिया के साथ मिलकर इसे कमाई का जरिया बना लिया। यह पूरा गिरोह दिल्ली में युवाओं को निशाना बनाकर नशे का कारोबार कर रहा था और मोटे मुनाफे के लिए संगठित तरीके से ड्रग्स की सप्लाई करता था।

दिल्ली पुलिस का कहना है कि नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे गिरोहों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी, ताकि राजधानी को नशामुक्त बनाया जा सके।

## रामकृष्णनगर में चुनावी प्रचार चरम पर, बीजेपी बनाम कांग्रेस में कड़ा मुकाबले का संकेत





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में जैसे-जैसे चुनाव नज़दीक आ रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक सरगर्मी तेज़ होती जा रही है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) के बीच सीधा मुकाबला अब और भी दिलचस्प होता जा रहा है। वर्तमान के दो बार विधायक एवं बीजेपी प्रत्याशी विजय मालाकार तथा कांग्रेस प्रत्याशी, वकील और पूर्व जिला परिषद सदस्य सुरुचि राय दोनों ही सभाओं और रैलियों के जरिए जोरदार प्रचार अभियान चला रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी सुरुचि राय ने अपने जनसभाओं में शिक्षा को मुख्य मुद्दा बनाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के दुल्लभछड़ा, निविया, चेरागी और रंगपुर जैसे दूरदराज़ इलाकों के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए कई किलोमीटर दूर रामकृष्णनगर जाना पड़ता है, जिससे मजदूर और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। उन्होंने वादा किया कि जीतने पर क्षेत्र में डिग्री कॉलेज, सर्कल ऑफिस और अन्य आवश्यक सरकारी संस्थानों की स्थापना की जाएगी। साथ ही, उन्होंने पिछले पंचायत चुनाव में अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए पारदर्शी प्रशासन की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। वहीं, बीजेपी उम्मीदवार विजय मालाकार विकास के मुद्दे को केंद्र में रखकर प्रचार कर रहे हैं। उनका दावा है कि कांग्रेस के लंबे शासनकाल की तुलना में बीजेपी ने कम समय में कहीं अधिक विकास कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले क्षेत्र में संचार व्यवस्था कमजोर थी और कानून-व्यवस्था भी चिंताजनक थी, जबकि वर्तमान सरकार ने इन क्षेत्रों में सुधार किया है। उन्होंने जनता से पिछले और वर्तमान हालात की तुलना करने की अपील की और अपनी जीत को लेकर आशावाद जताया। कुल मिलाकर, रामकृष्णनगर में इस बार का चुनाव विकास बनाम बुनियादी सुविधाओं के मुद्दे पर केंद्रित होकर बेहद प्रतिस्पर्धी बन चुका है। अब देखना होगा कि मतदाता किसे अपना समर्थन देते हैं और इस कड़े मुकाबले में जीत किसकी होती है।

## रामकृष्णनगर में कांग्रेस की नींव मजबूत हो रही है 'भूमि कन्या' सुरुचि राय के चारों ओर उत्साह, एकजुट नमः शूद्र और पाटनी समाज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की उम्मीदवार सुरुचि राय को 'भूमि कन्या' के रूप में पेश करने से नमःशूद्र और पाटनी समाज में व्यापक उत्साह पैदा हुआ है। वे एकजुट होकर उन्हें समर्थन देने का आह्वान कर रहे हैं, जो चुनाव में बड़ा असर डाल सकता है। दूसरी ओर, उम्मीदवार सुरुचि राय स्वयं भी जीत के प्रति आश्वस्त हैं और दावा कर रही हैं कि विभिन्न समुदायों का समर्थन उनके पक्ष में मौजूद है। 2026 के आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए रामकृष्णनगर में नए राजनीतिक समीकरण का संकेत मिल रहा है। अपने समुदाय की 'भूमि कन्या' के रूप में कांग्रेस उम्मीदवार सुरुचि राय को लेकर नमःशूद्र और पाटनी समाज उत्साह में डूबा है।

लंबे समय बाद अपने समुदाय से किसी शिक्षित महिला को उम्मीदवार बनाने के लिए कांग्रेस के प्रति आभार जताते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर वोट देने का आह्वान किया है। गत 30 मार्च (सोमवार) जिले के बरूआला में सुरुचि राय के आवास पर आयोजित एक सभा में इस एकता का संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आता है। सभा में उपस्थित वक्ता बीजेपी की आंतरिक परिस्थितियों को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए कहते हैं कि रामकृष्ण नगर में वर्तमान में पार्टी के भीतर लोकतांत्रिक माहौल की कमी है और एक व्यक्ति का प्रभुत्व ही प्रमुखता पा रहा है।

वर्तमान विधायक की भूमिका को लेकर भी वे अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए बताते हैं कि पार्टीकर्मियों की राय की अनदेखी होने के कारण संगठन के भीतर विभाजन पैदा हुआ है। कई आरोपों के बावजूद एक ही उम्मीदवार को दोबारा नामांकित किए जाने पर कार्यकर्ता-समर्थकों में असंतोष बढ़ गया है, ऐसा भी उनके द्वारा दावा किया गया। इस स्थिति में, नमःशूद्र समुदाय की एक शिक्षित, स्थानीय 'भूमि कन्या' को उम्मीदवार बनाने पर कांग्रेस के प्रति भरोसा बढ़ रहा है, ऐसा वक्ताओं का मानना है। उल्लेखनीय है कि रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में नमःशूद्र और पाटनी समाज मिलाकर लगभग 50 हजार मतदाता हैं, जो चुनाव परिणाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस प्रकार, इन दोनों समुदायों की एकजुट स्थिति राजनीतिक मंच पर विशेष महत्व रखती है। इस बीच, अपनी जीत को लेकर काफी आशावादी कांग्रेस उम्मीदवार सुरुचि राय हैं। उन्होंने कहा, अपनी समुदाय सहित सभी वर्ग के लोगों का समर्थन प्राप्त कर रहे हैं और राज्य में बदलाव की हवा बह रही है। वस्तु मूल्य वृद्धि का मामला उठाते हुए शासक दल पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, रसोई गैस से लेकर दैनिक आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आम लोगों की पहुँच से बाहर हो गई हैं। साथ ही उन्होंने दावा किया कि गौरव गगौई के नेतृत्व में राज्य में कांग्रेस सरकार बनेगी और रामकृष्णनगर में भी विभिन्न समुदायों का व्यापक समर्थन उनके पक्ष में है।

# अमरकंटक सम्मेलन में बड़ी सौगातः राहुल सिंह राणा बने म.प्र. संगठन प्रभारी, अरविंद द्विवेदी प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष व जुनैद खान प्रदेश सचिव नियुक्त

● 144 वीं राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में हुआ ऐतिहासिक निर्णय, 350 पत्रकारों की मौजूदगी में गूंजा पत्रकार एकता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिनेश चौधरी की खास रिपोर्ट

**शहडोल।** अमरकंटक मध्यप्रदेश की पावन धरा अमरकंटक, जो माँ नर्मदा के उद्गम स्थल के रूप में विश्व प्रसिद्ध है, वहां भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ (आई.एफ.डब्ल्यू.जे.) की 144वीं राष्ट्रीय कार्यसमिति एवं मध्यप्रदेश इकाई की दो दिवसीय बैठक (28-29 मार्च 2026) ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ संपन्न हुई। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए लगभग 350 पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति में पत्रकार एकता, संगठन विस्तार और अधिकारों की मजबूती का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन, वैदिक मंत्रोच्चारण एवं शंखनाद के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। आयोजन के मुख्य अतिथि पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदे लाल सिंह मार्को रहे, जबकि अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

**मंच से बड़ी घोषणाएंः तीन प्रमुख नियुक्तियां बनी आकर्षण का केंद्र**

सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अवदेश भार्गव एवं मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र गौतम द्वारा मंच से महत्वपूर्ण संगठनात्मक घोषणाएं की गई, जिनमें राहुल सिंह राणा को मध्यप्रदेश का संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया अरविंद द्विवेदी को प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बनाया गया जुनैद खान को मध्यप्रदेश का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। इन तीनों पदाधिकारियों को मंच पर सम्मान पत्र, सील्ड, पुष्पमाला, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर विधिवत सम्मानित किया गया। इस घोषणा के साथ ही पूरे पंडाल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी और पत्रकार साथियों में उत्साह का माहौल बन गया।

**भव्य स्वागत,सशक्त नेतृत्व और अनुशासित आयोजन बना मिसाल**

कार्यक्रम में संगठन प्रभारी राहुल सिंह राणा ने स्वागत भाषण देते हुए देशभर से आए पत्रकारों एवं पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। उनके कुशल नेतृत्व, संगठन क्षमता और मार्गदर्शन में यह आयोजन अत्यंत सफल, अनुशासित एवं भव्य रूप से संपन्न हुआ। मंच संचालन श्याम दास मानिकपुरी द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया।

**15 से 18 राज्यो के पत्रकारो से मिली बधाई**

सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के अनेक पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए,और दी बधाई जिनमें प्रमुख रूप से सुनील थपलियाल (राष्ट्रीय अनुशासन समिति अध्यक्ष), एस.एन. श्याम (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बिहार), गुलबहार गौरी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, उत्तराखंड), रमेश गांधी (राजस्थान), इरशाद खान (राष्ट्रीय महासचिव), अनमोल कुमार (अध्यक्ष, बिहार), हितेश मलनकर (महाराष्ट्र), भरत बेतकेकर (गोवा), दीपक कलवड़े (महाराष्ट्र), सुश्री सुलोचना पयाल (उत्तराखंड), स्वामी जगदिशानंद, विनोद कारकेय सहित अनेक वक्ताओं ने संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया और दी बधाई।

**15 से अधिक राज्यों की भागीदारी, राष्ट्रीय एकता का अद्भुत संगम**

इस भव्य आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों आंध्रप्रदेश, बिहार, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, गोवा, महाराष्ट्र, केरल, गुजरात, उत्तराखंड सहित 15 से 20 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर संगठनात्मक मजबूती का परिचय दिया। विशेष रूप से उपस्थित अतिथियों में पी. रामकृष्णन (आंध्रप्रदेश), रमेश गांधी, दिलीप शाह (राजस्थान), श्याम नाथ, अनमोल कुमार (बिहार), गिरजाशंकर (उत्तरप्रदेश), सुनील थपलियाल, सुलोचना पयाल (उत्तराखंड), भरत जी, चन्द्रहाश दमोलकर (गोवा), गिरिराज बंजरिया (आगर मालवा), राजेन्द्र जोशी (मनासा), हितेश मावलंकर (मुंबई), भगवान भारद्वाज (दिल्ली), अब्दुल शकूर (आंध्रप्रदेश), अभिषेक जैन, कृष्णानंद शास्त्री सहित अनेक गणमान्य जनों का स्वागत सम्मान किया गया।

आयोजन समिति और जिलेभर के पत्रकारों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका इन्होंने ने भी दी बधाई मंचासीन अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान सम्मेलन के आयोजक एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया, व दी बधाई जिनमें, गोपाल दास बंसल, कमलेश श्रीवास्तव, मनोज सिंह, राम बाबू चौबे, श्रवण कुमार उपाध्याय, लुकमान अली, विजय उरमलिया (संभागीय अध्यक्ष), शैलेन्द्र तिवारी (जिला अध्यक्ष शहडोल), राजनारायण द्विवेदी (जिला अध्यक्ष अनुपपुर), अनिल तिवारी, विजय गुप्ता (ब्यौहारी), शमीम खान (धनपुरी), अजय पाल (महासचिव), अखिलेश मिश्रा, नरेश वर्मा, सगीर खान, गणेश केवट, जितेंद्र विश्वकर्मा, दीपक केवट, अजय केवट, छोटे लाल गुप्ता, श्याम दास मानिकपुरी,राजन त्रिपाठी, गोपाल जेठानी, सतेंद्र सोनी, लुकमान अली, नीलेश गुप्ता, सोनू खान,अनिल तिवारी, अजय केवट,कमलेश श्रीवास्तव, मनोज सिंह,अनिल दुवेदी, दीपक केवट, फरीद खान,हसन खान, सैफी खान, अजय पाल, प्रतीक मिश्रा, अखिलेश दुवेदी, अखिलेश मिश्रा, अजय मोटवानी, बृजेश,चंदन केवट, दुर्गेश दुवेदी, इस्लाम खान,सोनू श्रीवास्तव, निशांत गर्ग, संजय गर्ग,राहुल नामदेव, सादिक खान, स्वप्निल जैन, सुनीता सिंह, विजय सिंह (धनपुरी), रोहित वर्मा, शिवम कुशवाहा दिनेश चौधरी नीरज शर्मा एवं पूरी टीम शामिल रही और दी बधाई।



**बधाइयों का सिलसिला जारी नई टीम से बढ़ी उम्मीदें**

नई नियुक्तियों पर देशभर से आए पत्रकारों, पदाधिकारियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने राहुल सिंह राणा, अरविंद द्विवेदी एवं जुनैद खान को शुभकामनाएं दीं और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की अपेक्षा व्यक्त की। और कहा,अमरकंटक की इस ऐतिहासिक बैठक में हुई नियुक्तियां और लिए गए निर्णय आने वाले समय में मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पत्रकारिता के क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती, अधिकारों की रक्षा और एकजुटता का नया अध्याय लिखेंगे। यह सम्मेलन वास्तव में पत्रकारिता जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# सीसीटीएनएस कार्यान्वयन में दिल्ली पुलिस फिर देश में नंबर-1

● लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर फरवरी 2026 में भी दिल्ली पुलिस ने प्रगति डैशबोर्ड में शीर्ष स्थान बरकरार रखा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्ली** में दिल्ली पुलिस ने तकनीक आधारित पुलिसिंग और डिजिटल डेटा प्रबंधन के क्षेत्र में एक बार फिर देशभर में अपनी अग्रणी भूमिका साबित की है। दिल्ली पुलिस ने सीसीटीएनएस प्रगति डैशबोर्ड पर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस को अपनी सीसीटीएनएस प्रणाली के लिए प्रतिष्ठित ढ्रस्ह 9001:2015 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन भी प्रदान किया गया है।दिल्ली पुलिस इससे पहले अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2025 में लगातार 100 प्रतिशत अंक हासिल कर चुकी थी। जनवरी 2026 में भी उसने पहला स्थान बरकरार रखा था और अब फरवरी 2026 में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि दिल्ली पुलिस डिजिटल पुलिसिंग, डेटा प्रबंधन और राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म के उपयोग में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रही है।सीसीटीएनएस अर्थात अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम तथा आईसीजेएस यानी परस्पर क्रियाशील आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के जरिए दिल्ली पुलिस ने नवीन न्याय संहिता के तहत तकनीकी ढांचे को मजबूत बनाया है। गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा संचालित प्रगति डैशबोर्ड राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का मूल्यांकन डेटा की गुणवत्ता, मात्रा, समयबद्धता और सटीकता के आधार पर करता है।इस मूल्यांकन में पुलिस स्टेशनों की सीसीटीएनएस से कनेक्टिविटी, डिजास्टर रिकवरी सेंटर की स्थापना, कोर एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर में डेटा एंट्री, पुराने रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, राज्य डेटा सेंटर और राष्ट्रीय डेटा सेंटर के बीच डेटा सिंक्रोनाइजेशन, अदालतों में एफआईआर की इलेक्ट्रॉनिक प्रस्तुति तथा नागरिक सेवाओं की ऑनलाइन उपलब्धता जैसे मानकों को शामिल किया जाता है।

इन सभी क्षेत्रों में दिल्ली पुलिस का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा।दिल्ली पुलिस को प्राप्त ढ्रस्ह 9001:2015 प्रमाणन उसकी मानकीकृत और मजबूत कार्यप्रणाली की पुष्टि करता है। यह प्रमाणन एफआईआर, शिकायतों, जांच रिकॉर्ड, राज्यों के बीच डेटा साझा करने और सभी जिलों व थानों के बीच समन्वय जैसी सीसीटीएनएस प्रक्रियाओं को शामिल करता है। इससे स्पष्ट होता है कि दिल्ली पुलिस न केवल डिजिटल रिकॉर्ड को व्यवस्थित रूप से संचालित कर रही है, बल्कि नागरिकों को तेज और पारदर्शी सेवाएं भी उपलब्ध करा रही है।इस सफलता में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की सीसीटीएनएस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम ने डेटा की गुणवत्ता की लगातार निगरानी की, सभी जिलों और थानों के साथ वास्तविक समय में समन्वय बनाए रखा तथा तकनीकी और प्रक्रियागत समस्याओं का समय पर समाधान किया। साथ ही, सभी जिलों में अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी दिया गया।दिल्ली पुलिस के विभिन्न जिलों ने भी समयसीमा का कड़ाई से पालन करते हुए जांच रिकॉर्ड को नियमित रूप से अपडेट किया और पुराने रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण को तेज किया। इस उपलब्धि के पीछे आदित्य गौतम, मुकेश राठी और राजीव श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन अधिकारियों ने रणनीतिक मार्गदर्शन, तकनीकी समन्वय और लगातार निगरानी के जरिए पूरे सिस्टम को प्रभावी बनाए रखा।सतीश गोलछा ने इस उपलब्धि पर सभी जिलों, इकाइयों और अपराध शाखा की सीसीटीएनएस टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस की यह सफलता तकनीक आधारित, पारदर्शी और नागरिक केंद्रित पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से भविष्य में भी इसी स्तर का प्रदर्शन बनाए रखने का आह्वान किया।



## पालकी में सवार हो नगर भ्रमण को निकले भगवान महावीर





● जन्म कल्याणक महोत्सव धूम धाम से मनाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बुढार।** पूरे देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी सभी जगहों में तिथि अनुसार 30 मार्च को जिन शासन नायक भगवान महावीर की जन्म जयंती जैन अनुयायियों द्वारा भव्यता से पारंपरिक तरीकों से मनाई गई। बुढार में पूज्य निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी एवं पूज्य मुनि श्री शीतल सागर के पावन सानिध्य मिलने से इस वर्ष बुढार समाज में एक विशेष उत्साह देखने में आया। 30 मार्च दिन रविवार 2026 को प्रातः 7 बजे से श्री वासुपूज्य जिन मंदिरजी, श्री शांतिनाथ जिन मंदिर जी ,एवं पार्श्वनाथ जैन मंदिर जी में वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी जी की की जिन बिम्ब प्रतिमाओं में जन्माभिषेक , शांति धारा श्रद्धालुओं द्वारा किया गया । पार्श्वनाथ जैन मंदिर में मुनि श्री प्रसाद सागर जी, शीतल सागर जी के मुखारबिंद से 108 कलशों से भगवान महावीर स्वामी जी का महा मस्तकाभिषेक किया गया। मुनि श्री की आहार चर्या के पश्चात दोपहर 1.30 बजे श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर जी एवं शांतिनाथ जैन मंदिर से से श्री जी की भव्य शोभा यात्रा , विमान, रथ जी,एवं पालकी में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो पारंपरिक मुख्य मार्ग से होती हुई वापस मंदिर जी में आहुत हुई, जहां नगर भ्रमण पश्चात श्री जी का मस्तकभिषेक दोनों मंदिरों में किया गया।

तत्पश्चात शांतिनाथ जिन मंदिर में समाज का सामूहिक भोज आयोजित हुआ। शाम के वक्त शांतिनाथ जिन मंदिर में भगवान की महा आरती एवं पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वार्षिकोत्सव मनाया गया जिसमें पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उक्त समस्त कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में बुढार, धनपुरी,सभी जगहों की कमेटियां, पाठशाला के बच्चों द्वारा बढ़ चढ़ कर भूमिकाएं निभाई गई, वासुपुज्य मंदिर समिति, शांतिनाथ मंदिर समिति, श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन समिति, त्रिशला, जागृति व स्तुति महिला मंडल, पाठशाला समिति, विद्यासागर युवा संघ, बालिका मंडल व सकल जैन समाज बुढार ने पूर्ण हर्षोल्लास से भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया।